RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 78
नई दिल्ली, शनिवार, 21 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




मध्यक्रम और डेथओवर पर रहेगा भारत का दारोमदार
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# बजट सत्र के लिए तैयार हो रहा नया संसद भवन

## 31 जनवरी को दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

- एक फरवरी को बजट पेश करेंगी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण
- नए भवन के दोनों हॉल पहले से बड़े और भव्य होंगे

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली


नई दिल्ली में सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत निर्माणाधीन नया संसद भवन।

**नए** संसद भवन में इस साल का बजट पेश करने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। सूत्रों ने बताया कि आगामी सत्र को पहले दिन 31 जनवरी राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू संबोधित करेंगी। यह संयुक्त सत्र होगा जिसमें दोनों सदन भाग लेंगे।

इसके बाद 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वर्ष 2023-24 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। द्विसदन की व्यवस्था को आमतौर पर लोकसभा और राज्यसभा अथवा निचले सदन और ऊपरी सदन के नाम से जाना जाता है। इनका अब नया नामकरण हो सकता है। हाल ही में महत्वाकांक्षी सेंट्रल विस्टा परियोजना को फिर से विकसित कर जनता के लिए खोला गया तो उसे राजपथ के स्थान पर नया कर्तव्यपथ दिया गया। नए संसद भवन में वर्तमान में सेंट्रल हॉल जैसी व्यवस्था नहीं होगी, जहां पर दोनों सदनों की संयुक्त बैठकें आयोजित की जाती हैं। लेकिन लोकसभा में निचले और ऊपरी सदन के सदस्यों को समायोजित करने के लिए पर्याप्त क्षमता होगी।

सूत्रों ने कहा कि लोकसभा हॉल में संयुक्त सत्र के लिए 1, 272 सीटें हैं।' संसद का निर्माण पिछले साल नवंबर में ही पूरा हो जाना था लेकिन महामारी के चलते कुछ कार्य प्रभावित हुआ जिसे टाटा प्रोजेक्ट द्वारा किया जाना था। केंद्र ने शुक्रवार को निर्माणाधीन संसद के अंदर की तस्वीरें जारी की, जिसे अब अंतिम रूप दिया जा रहा है। फिर भी सरकारी सूत्रों का कहना है 'संसदीय बजट सत्र नए भवन में या वर्तमान भवन में आयोजित किया जाएगा, इस बारे में कुछ दिनों में फैसला हो जाएगा। नया संसद भवन सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना का हिस्सा है।

इसमें विशाल और एक आधुनिक लाइब्रेरी, दफ्तरों का पुनर्विकास तथा अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कमेटी कक्ष भी होंगे। नया संसद भवन वर्तमान संसद भवन से सटा हुआ है। इसका स्वरूप त्रिकोणात्मक है तथा इसमें स्थान का पूरी तरह से इस्तेमाल करने का प्रयास किया गया है। निचले सदन का बड़ा हॉल मोर थीम (राष्ट्रीय पक्षी) पर बना है। इसमें 888 लोगों के बैठने की क्षमता, जो पुराने वाले से तीन गुना ज्यादा है। पुराने हॉल को संग्रहालय में तब्दील कर दिया जाएगा। ऊपरी सदन के हॉल में 384 सीटें होंगी (शेष पेज 9)

# कुश्ती महासंघ प्रमुख के खिलाफ जांच समिति गठित

- यौन उत्पीड़न समेत सभी आरोपों की जांच के लिए गठित सात सदस्यीय समिति में देश की शीर्ष खेल हस्तियां शामिल
- बृजभूषण शरण ने किया इस्तीफा देने से इनकार कहा- मेरा पद किसी के रहमो-करम पर नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**डब्ल्यूएफआई** प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों का मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा। तमाम अंतरराष्ट्रीय स्तर के महिला और पुरुष पहलवान लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे रहे। शाम को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने आंदोलनकारी पहलवानों की मांग मान ली और पूरे मामले की जांच के लिए देश की शीर्ष खेल हस्तियों की सात सदस्यीय समिति का गठन किया।

इस समिति में मैरी कॉम, डोला बनर्जी, अलकनंदा अशोक, योगेश्वर दत्त और सहदेव यादव सहित कई अन्य वरिष्ठ खिलाड़ी शामिल हैं। टोक्यो ओलंपिक के पदक विजेता रवि दहिया और बजरंग पुनिया, रियो खेलों की कांस्य विजेता साक्षी मलिक और विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता विनेश फोगट और दीपक पुनिया जैसे शीर्ष पहलवालों ने आईओए अध्यक्ष पीटी उषा को पत्र लिखकर डब्ल्यूएचआई और उसके अध्यक्ष के खिलाफ उनके आरोपों की जांच की मांग की उठाई थी। इस बीच, डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण ने पद से हटने से इनकार करते हुए कहा कि यदि उन्होंने अपना मुंह खोला तो सुनामी आ जाएगी। यह बात उन्होंने तब कही जब मीडियाकर्मियों ने उनसे कहा कि पहलवानों ने दावा किया है कि यदि वे सब कुछ सार्वजनिक कर देंगे तो भूकंप आ जाएगा। बृजभूषण शरण सिंह उत्तर प्रदेश में मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह इस्तीफा नहीं देंगे, क्योंकि उनका पद किसी के रहमो-करम पर नहीं है। पहलवानों ने चार मांगों को आगे रखते हुए आईओए को लिखा था कि यौन उत्पीड़न की शिकायतों की जांच के लिए तुरंत समिति बनाई जाए।

इसके अलावा, पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई को भंग करने और उसके अध्यक्ष को बर्खास्त करने की मांग भी इस पत्र में दोहराई। उन्होंने अपनी चौथी और आखिरी मांग में लिखा कि पहलवानों के परामर्श से डब्ल्यूएफआई के मामलों को चलाने के लिए नई समिति बनाई जानी चाहिए। देश के नामचीन एथलीटों ने अपने पत्र के माध्यम से अनुरोध किया कि हम पहलवानों को एक साथ आने और डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ विरोध करने के लिए बहुत साहस की आवश्यकता है। हमारा जीवन खतरे में है। यदि बृजभूषण शरण को बर्खास्त नहीं किया गया तो यहां धरने पर बैठे सभी युवाओं का करियर खत्म हो जाएगा। अपनी मांगें मनवाने पर अडिग पहलवानों ने दोहराया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, वे जंतर-मंतर से नहीं हटेंगे। बीजिंग ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज और अब कांग्रेस नेता विजेंदर सिंह भी पहलवानों के साथ एकजुटता दिखाते हुए जंतर-मंतर पर पहुंचे। विनेश फोगट (शेष पेज 9)

## गूगल 12,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगी सीईओ पिचाई ने मांगी माफी

**न्यूयॉर्क।** प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल दुनियाभर में 12,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगी। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने शुक्रावर को यह घोषणा की। वैश्विक आर्थिक नरमी के बीच इससे पहले अन्य दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनियां- माइक्रोसॉफ्ट, फेसबुक और अमेजन भी कर्मचारियों की छंटनी कर चुकी हैं। कर्मियों को भेजे ईमेल में भारतीय मूल के सीईओ पिचाई ने कहा, मैं आपसे एक मुश्किल खबर साझा कर रहा हूं। हमने कंपनी में लगभग 12,000 पद कम करने का फैसला किया है। पिचाई ने कहा कि गूगल में कर्मचारियों को निकालने का फैसला संचालन की कठोर समीक्षा करने के बाद किया गया। उन्होंने कहा कि नौकरियां अल्फाबेट, उत्पाद क्षेत्रों, संचालन, विभिन्न स्तरों और क्षेत्रों में कम की जा रही हैं। पिचाई ने कहा कि कंपनी ने पिछले दो साल में उल्लेखनीय वृद्धि के दौर में नियुक्तियां की थीं लेकिन आर्थिक रूप से तब की परिस्थितियां आज से अलग थी। प्रौद्योगिकी कंपनी ने कोरोना महामारी के दौरान तेजी से विस्तार किया था।

# तीव्र विकास से बढ़ रहे रोजगार के अवसरः मोदी



- सरकारी विभागों में चयनित 71,426 युवाओं को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, देश में आयोजित रोजगार मेले सरकार की पहचान बने

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि तेजी से आगे बढ़ता भारत, बुनियादी ढांचे और संबद्ध क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर प्रगति कर रहा और साथ ही रोजगार व स्वरोजगार के अवसर पैदा कर रहा है।

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पारदर्शिता और गति को बढ़ावा देते हुए भर्ती प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित और समयबद्ध बनाकर इसमें व्यापक बदलाव किए हैं। विभिन्न सरकारी विभागों में चयनित 71,426 युवाओं को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि देश में आयोजित किए जा रहे रोजगार मेले उनकी सरकार की पहचान बन गए हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम साफ दर्शाता है कि उनकी सरकार जो संकल्प लेती है, उसे पूरा करके भी दिखाती है। प्रधानमंत्री ने पिछले साल 10 लाख लोगों को रोजगार देने के लिए रोजगार मेला अभियान की घोषणा की थी। रोजगार मेले के तहत नियुक्ति पत्र वितरण का यह तीसरा चरण था।

गौरतलब है कि पिछले साल नवंबर में आयोजित रोजगार मेले के दौरान विभिन्न पदों पर चयनित 71 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए थे। इससे पहले, अक्टूबर महीने में रोजगार मेले के माध्यम से करीब 75 हजार नए कर्मियों को नियुक्ति पत्र दिए गए थे। उन्होंने कहा, आज का ए आयोजन सिर्फ (शेष पेज 9)

## बिहार में जातिगत जनगणना अदालत का याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने बिहार में जातिगत जनगणना कराने के राज्य सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने कहा कि याचिकाओं में कोई दम नहीं है और उन्हें खारिज कर दिया। हालांकि, पीठ ने याचिकाकर्ताओं को छूट दी कि वे संबंधित उच्च न्यायालय का रुख कर सकते हैं। पीठ ने याचिकाकर्ताओं के वकील से कहा, तो यह लोकप्रियता हासिल करने के इरादे से दाखिल याचिका है। हम कैसे यह निर्देश जारी कर सकते हैं कि किस जाति को कितना आरक्षण दिया जाना चाहिए। माफ कीजिए, हम ऐसे निर्देश जारी नहीं कर सकते और इन याचिकाओं पर सुनवाई नहीं कर सकते। उच्चतम न्यायालय इस मुद्दे पर तीन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जिनमें से एक याचिका एक गैर-सरकारी संगठन ने दाखिल की (शेष पेज 9)

# भारत श्रीलंका में राजनीतिक आर्थिक स्थिरता का पक्षधर

- विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा- इस कठिन समय में हम श्रीलंका के साथ

**पायनियर समाचार सेवा।** एजेंसी नई दिल्ली/कोलंबो



**भारत** अपने पड़ोसी देश श्रीलंका में अल्पसंख्यक तमिल समुदाय को सत्ता हस्तांतरण का समर्थन करता है और तमिल समुदाय के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए श्रीलंका में 13वें संशोधन के पूर्ण कार्यान्वयन को महत्वपूर्ण मानता है। दो दिवसीय दौरे पर यहां आए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कोलंबो में कहा कि इस कठिन समय में हम श्रीलंका के साथ हैं।

जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए देश के शीर्ष नेताओं से मिलने और कोलंबो को अपने आर्थिक संकट से बाहर निकलने में मदद करने के लिए ऋण पुनर्गठन योजना को अंतिम रूप देने के लिए श्रीलंका में हैं। श्रीलंका में तमिल समुदाय के संवेदनशील मुद्दे पर प्रकाश डालते हुए जयशंकर ने यह भी कहा कि नई दिल्ली ने हमेशा इस द्विपीय राष्ट्र में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का समर्थन किया है। भारत 1987 के भारत-श्रीलंकाई समझौते के बाद लाए गए 13वें संशोधन को लागू करने के लिए श्रीलंका पर दबाव बना रहा है। 13ए तमिल समुदाय को सत्ता हस्तांतरण का प्रावधान करता है। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,621 | ↓ 236 | |
| निफ्टी | 18,027 | ↓ 80 | |
| सोना | 57,025 | ↑ 433 | /10g |
| चांदी | 69,208 | ↑ 990 | /kg |

## क्विक न्यूज

### राम रहीम को एक बार फिर 40 दिन की पैरोल मिली

**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को शुक्रवार को फिर 40 दिन की पैरोल दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अपनी दो शिष्याओं के साथ बलात्कार के आरोप में 20 साल की सजा काट रहे राम रहीम को तीन महीने पहले भी 40 दिन की पैरोल दी गई थी। रोहतक के संभागीय आयुक्त संजीव वर्मा ने फोन पर पीटीआई-भाषा को बताया, पैरोल 40 दिनों के लिए प्रदान की गई है। यह नियमानुसार है। डेरा प्रमुख की आखिरी 40 दिन की पैरोल पिछले साल 25 नवंबर को खत्म हुई थी। वह 14 अक्टूबर को रिहा होने के बाद उत्तर प्रदेश में अपने बरनावा आश्रम गए थे। इससे पहले, हरियाणा के जेल मंत्री रंजीत सिंह चौटाला ने डेरा प्रमुख की ताजा पैरोल याचिका पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि डेरा प्रमुख ने 40 दिनों के पैरोल के लिए एक आवेदन दायर किया था, जिसे रोहतक संभागीय आयुक्त को भेज दिया गया था।

## डीजीसीए ने पेशाब कांड में एयर इंडिया पर 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विमानन** नियामक डीजीसीए ने एयर इंडिया की न्यूयॉर्क-दिल्ली उड़ान के दौरान एक यात्री के कथित तौर पर महिला सहयात्री पर पेशाब करने की घटना के संदर्भ में एयरलाइन पर 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि उस विमान के प्रमुख पायलट (पायलट इन कमांड) का लाइसेंस भी तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है।


इसके साथ ही उसने कहा कि 26 नवंबर, 2022 को हुई इस घटना के संदर्भ में अपने कर्तव्यों के निर्वहन में विफल रहने पर एयर इंडिया की उड़ान सेवा निदेशक पर भी तीन लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। डीजीसीए के संज्ञान में यह मामला चार जनवरी को आने पर एयर इंडिया को नोटिस जारी किया गया था। नियामक ने एयरलाइन के खिलाफ कार्वाई विभिन्न मानदंडों के उल्लंघन के लिए की है। यह घटना पिछले साल 26 नवंबर की है। एयर इंडिया की न्यूयॉर्क- दिल्ली उड़ान के दौरान शंकर मिश्रा नाम के एक यात्री ने कथित तौर पर एक महिला सहयात्री पर पेशाब कर दिया था।

एयर इंडिया ने एक दिन पहले मिश्रा को चार महीने के लिए एयरलाइन में यात्रा करने से प्रतिबंधित कर दिया था। इसके पहले एयरलाइन ने 30 दिनों की यात्रा पाबंदी लगाई थी। यह मामला चर्चा में आने के बाद मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया गया था। अब वह न्यायिक हिरासत में जेल में बंद है। डीजीसीए ने कहा कि उसके नोटिस पर एयरलाइन प्रबंधन की तरफ से भेजे गए जवाब की समीक्षा की गई और यह कदम उठाने का फैसला किया गया।

# पहाड़ों में बर्फबारी और बारिश, मैदानों में पारा चढ़ा

- दिल्ली-एनसीआर में 23 से शुरू होकर 26 जनवरी तक रहेगा वर्षा का दौर
- जम्मू-कश्मीर व हिमाचल में कई प्रमुख सड़कों-हाइवे पर आवाजाही बंद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उत्तर** भारत में मौसम का उतार-चढ़ाव जारी है। कुछ दिन कड़ाके की ठंड के बाद उत्तर के मैदानों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। इससे सर्दी से काफी हद तक राहत मिली है, लेकिन जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और बारिश हो रही है।

बर्फ और पानी बरसने से कई प्रमुख मार्गों पर आवाजाही बाधित हुई है। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार सुबह न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक है। चार दिन पहले यह 1.4 डिग्री दर्ज किया गया था। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बृहस्पतिवार की रात से बादल छाए हुए हैं। रात में हल्की वर्षा भी हुई। इससे दिन और रात के तापमान में काफी वृद्धि हुई है। राजधानी में अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली में 21 और 22 जनवरी को हल्की धुंध छाएगी और तापमान में स्थिर बना रहेगा। इसके बाद 23 तारीख से बारिश का दौर शुरू होगा। मौसम (शेष पेज 9)

### बर्फबारी से जोशीमठ में राहत कार्य प्रभावित

**उत्तराखंड** में भूधंसाव की समस्या से जूझ रहे जोशीमठ सहित चमोली और रुद्रप्रयाग जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में बृहस्पतिवार देर रात से हिमपात हो रहा है, जिससे पूरा क्षेत्र कड़ाके की ठंड की चपेट में आ गया है। इससे राहत एवं बचाव कार्य में जुटे कर्मियों के साथ ही आपदा पीड़ितों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। मौसम विभाग के अनुसार, बदरीनाथ, केदारनाथ, हेमकुंड साहिब, औली, नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क, फूलों की घाटी राष्ट्रीय पार्क और केदारनाथ कस्तूरी मृग अभयारण्य का अधिकतर इलाका बर्फ से ढक गया है।

पायनियर

नई दिल्ली, शनिवार, 21 जनवरी, 2023




# रोजगार मेले में 100 लोगों को मिली नौकरी

**गाजियाबाद।** केन्द्र सरकार द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस कड़ी में गाजियाबाद के आईटीएस मोहननगर में आयकर विभाग द्वारा तीसरे रोजगार मेले के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा कार्यक्रम को ऑनलाइन सम्बोधित किया गया, वहीं चयनित लोगों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए। जिले में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रतिभा भौमिक ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार युवाओं को रोजगार देने में पूरी पारदर्शिता बरत रही है। गाजियाबाद जोन की मुख्य आयकर आयुक्त सुचेता पल्लई ने कहा कि युवाओं के पास यह बेहतर मौका है।

# नोएडा की पहली हाइड्रोलिक वाहन पार्किंग तैयार

## एक सप्ताह में कंपनी सौंपेगी, एक साथ 400 गाड़ियां खड़ी हो सकेंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


प्रतीकात्मक फोटो

नोएडा के सेक्टर-15 केसी ब्लाक में 400 वाहनों की बहुमंजिला पार्किंग बनकर तैयार हो गई है। शहर की ये पहली हाइड्रोलिक पार्किंग है। जिसमें एक पैनल पर दो वाहन खड़े किए जा सकते हैं। एक वाहन को हाइड्रोलिक के जरिए ऊपर कर दिया जाता है दूसरी कार उसके नीचे खड़ी हो सकती है। इस तरह से कम स्पेस में 400 वाहनों की पार्किंग को बनाया गया है। इसमें हाइड्रोलिक मशीनों का यूज किया जाएगा।

ये पार्किंग एक सप्ताह में नोएडा प्राधिकरण को मिल जाएगी। हाल ही में इसका निरीक्षण वर्क सर्किल-1 के वरिष्ठ प्रबंधक और डीजीएम ने किया था। जिसमें हाइड्रोलिक प्लेटफार्म में कुछ कमियां थी उनको दूर करने के लिए कहा गया। इसके बाद पार्किंग प्राधिकरण अपने अधीनस्थ लेगा। जिस स्थान पर पार्किंग है वहीं नोएडा का सबसे व्यस्त सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन भी है। कयास लगाए जा रहे है डीएमआरसी इस पार्किंग को ले सकती है। हालांकि प्राधिकरण पार्किंग के अलॉट के लिए टेंडर प्रक्रिया में जाएगी। पार्किंग बनने से सेक्टर.15 नयाबांस, सेक्टर.एक गोलचक्कर समेत आसपास के स्थानों पर जाम में कमी आएगी। क्योंकि ये सड़क नोएडा को दिल्ली से जोड़ती है। ये नोएडा की सबसे व्यवस्था सड़क है और ये पहली पार्किंग है।

मेट्रो स्टेशन के नीचे ही पार्किंग होती है। ऐसे में सर्विस लेन पर जाम लगा रहता है। नए पार्किंग आने के बाद सर्विस लेन फ्री हो जाएगी और लोगों को जाम से राहत मिलेगी। यह पार्किंग एक निजी कंपनी ने तैयार की है। शर्तों के मुताबिक अब इस पार्किंग का प्रयोग नोएडा प्राधिकरण करेगा। प्राधिकरण लीज डीड शर्त के हिसाब से सेक्टर-15 में तैयार किया गया है। नोएडा प्राधिकरण वर्क सर्किल एक वरिष्ठ प्रबंधक डोरी लाल वर्मा ने बताया कि यह पार्किंग सेक्टर-एक गोलचक्कर के पास ही बनी है। यह व्यवसायिक भूखंड है।

यह भूखंड नोएडा प्राधिकरण की ओर से सेवन आर होटल्स प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया था। यहां पर करीब तीन-चार साल से पार्किंग बनाने का काम चल रहा था। अब मल्टी लेवल वाहन पार्किंग बनाने का काम पूरा कर लिया गया है। इस बहुमंजिला वाहन पार्किंग का जिम्मा वर्क सर्किल एक संभालेगा या नोएडा ट्रैफिक सेल, जल्द तय कर दिया जाएगा।

### संचालित पार्किंग

| | |
|---|---|
| सेक्टर- 5 | 318 वाहन |
| सेक्टर- 1 | 534 |
| सेक्टर- 3 | 565 |
| सेक्टर-16ए | 1400 |
| सेक्टर-38ए | 7000 |
| सेक्टर-18 | 2500 |

# पॉश सोसाइटी में रह रहे गैंगस्टर की संपति सीज

- पुलिस ने आरोपी को किया जिलाबदर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा।

पुलिस आयुक्त न्यायालय ने गैंगस्टर एक्ट के तहत दीपक सिंह चौधरी की अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति को कुर्क किया है। इतना ही नहीं एक अपराधी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए गुंडा एक्ट के तहत गौतमबुद्ध नगर की सीमा से जिला बदर किया गया है।

पुलिस कमिश्नर कार्यालय से दी गई जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को 14, 1 गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही के तहत अभियुक्त दीपक सिंह चौधरी पुत्र सुरेन्द्र सिंह को जिला बदर कर दिया गया है। दीपक मेरठ जिले में पथौली गांव का रहने वाला है। पथौली गांव थाना सरुरपुर क्षेत्र में है। कमिश्नर ऑफि स ने बताया कि दीपक अपने गांव से बागपत जिले में बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के वाजिदपुर गांव में रहने लगा था। फिलहाल ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ओमीक्रान.3 में स्टैलर एमआई सिटी हाउसिंग सिटी के फ्लैट नम्बर डी-1308 में रह रहा है। उसके खिलाफ सेक्टर बीटा-2 कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 262, 2022 दर्ज किया गया था।

इसके बाद गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1986 की धारा 2.3 के तहत दूसरा मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस कमिश्नरेट ने बताया कि दीपक सिंह चौधरी ने आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर संपत्ति अर्जित की है। अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्तियों में कार टाटा हेरियर एक्सजेड है। दूसरी कार मारुति इगनिश है। इनकी अनुमानित कीमत करीब करीब 20 लाख रुपये है। इन दोनों कारों को कुर्क करने के आदेश पारित किए गए हैं।

# यमुना नदी पर पुल तैयार, दो घंटे का सफर सिर्फ 20 मिनट में- जेवर एयरपोर्ट से सीधी कनेक्टिविटी

- पुल से फरीदाबाद, नोएडा व गाजियाबाद लिंक भी पूरा हो जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा।



ग्रेटर नोएडा से हरियाणा में जाने में लगने वाला दो घंटों के सफर को यमुना नदी पर बन रहे ये तीन पुल मात्र 20 मिनटों में बदल देंगे। दोनों राज्य अब करीब आ जाएंगे। इस पुल के चालू होते ही आप 20 मिनट में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और जेवर एयरपोर्ट से फरीदाबाद वल्लभगढ़ पहुंच जाएंगे।

इस पुल से फरीदाबाद, नोएडा-गाजियाबाद लिंक भी पूरा हो जाएगा, लेकिन पुल पर आवाजाही के लिए बनने वाली एप्रोच रोड का काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है। सड़क के लिए जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव पिछले करीब चार साल से शासन में अटका है। शासन ने अब इस पर तेजी दिखाते हुए जमीन अधिग्रहण को धनराशि जारी करने के लिए लोक निर्माण विभाग से जानकारी मांगी है।

शासन से धनराशि मिलते ही जमीन अधिग्रहण का काम शुरू हो जाएगा। गौतमबुद्ध नगर और फ रीदाबाद के बीच आवाजाही के लिए कालिंदी कुंज, दिल्ली होते हुए दोनों शहरों के बीच आवाजाही के अलावा ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस.वे का विकल्प हैं। दोनों रास्ते लंबे होने कारण समय अधिक लगता है। इस पुल के खुल जाने के बाद एनसीआर के लाखों वाहनों को आने जाने में आसानी होगी। गौतमबुद्ध नगर और फरीदाबाद के बीच की दूरी कम कम करने के लिए गौतमबुद्ध नगर के अट्टा गुजरान और फरीदाबाद के मंझावली के बीच यमुना नदी पर पुल बनाने की योजना तैयार की गई थी। 2014 में इस पुल का शिलान्यास हुआ। तकरीबन नौ साल के लंबे वक्त के बाद अब यह पुल बनकर तैयार हो चुका है। हरियाणा की ओर एप्रोच रोड का निर्माण भी शुरू हो चुका है।

# गाजियाबाद का माही अस्पताल सील, प्रसूता की मौत पर एक्शन

गाजियाबाद। लोनी क्षेत्र स्थित माही हॉस्पिटल को स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को सील कर दिया।

संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। लोनी कस्बे के पूजा कॉलोनी निवासी पूजा पत्नी सुनील कुमार डिलीवरी के लिए 14 जनवरी की रात ढाई बजे माही हॉस्पिटल में भर्ती हुई। सुबह 4 बजे नॉर्मल डिलीवरी से बच्चा पैदा हुआ। सुबह साढ़े 9 बजे तक जच्चा-बच्चा स्वस्थ थे, लेकिन कुछ ही देर में पूजा की तबियत बिगड़ने लगी। यहां से दिल्ली के लिए रेफर कर दिया, जहां पूजा को मृत घोषित कर दिया गया था। लोनी के नायब तहसीलदार रवि गुप्ता की टीम ने जब निरीक्षण करने पहुंचे तो माही हॉस्पिटल बंद मिला। जिसके बाद हॉस्पिटल को सील कर दिया। साथ ही हॉस्पिटल संचालक कपिल त्यागी पर केस दर्ज किया।

# बायोसीएनजी प्लांट बनने का रास्ता साफ, मिला जमीन पर कब्जा



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाले बायोसीएनजी प्लांट के लिए कंपनी को नगर निगम ने करीब 12 एकड़ जमीन पर कब्जा दे दिया है। इसके साथ ही अगले महीने से यूपी का पहला कूड़े से बायो सीएनजी बनाने वाला प्लांट का निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना बन गई है। देश में कूड़े से बायो सीएनजी बनाने वाला एक प्लांट इंदौर में बना हुआ है।

नगर निगम के प्रॉपर्टी अधीक्षक भोलानाथ गौतम का कहना है कि प्लांट लगाने के लिए कंपनी ने नगर निगम से 12 एकड़ जमीन की मांग की थी। गत दिनों नगर निगम ने यह जमीन कंपनी को आवंटित कर दी थी। अब पूरी जमीन पर नगर निगम ने कंपनी को कब्जा दे दिया है।

## लघु उद्यमी करेगे 12 सौ करोड़ का निवेश

**गाजियाबाद।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत जिले में निवेशक करीब 88 हजार करोड़ का निवेश करने जा रहे हैं। इसी कड़ी में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन से जुड़े लघु उद्यमी भी जिले में करीब 12 सौ करोड़ से अधिक का निवेश करेंगे। एसोएिसशन के गाजियाबाद चैप्टर के चेयरमैन राकेश अनेजा ने बताया कि जिले में पूर्व में अपने उद्योग चला रहे उद्यमी भी निवेश में बड़ा सहयोग कर रहे हैं। जिले में लघु उद्यमी करीब 243 लघु उद्योग लगाने जा रहे हैं जिसमें 1233 करोड़ का निवेश किया जाएगा व करीब 15 हजार लोगों को रोजगार मुहैया कराया जा सकेगा।

# गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस तैयारः आयुक्त

- मेट्रो स्टेशनों, सड़कों पर मॉल्स में चला सघन चेकिंग अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कमिश्नरेट बनने के बाद पहली बार मनाये जाने वाले गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर कोई अप्रिय घटना घटित ना हो इसके मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गया है। इस दौरान संपूर्ण रूप से अभेद सुरक्षा व्यवस्था रखने के क्रम में हर जोन में पुलिस के अफसरों से लेकर बीट आरक्षी तक किरायेदारों व झुग्गी-झोपडियों के अलावा फुटपाथ एवं रैन बसेरों में रहने वाले लोगों का सत्यापन कर रहे हैं।

सीपी अजय मिश्रा ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थलों, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, व्यस्तम बाजारों, होटलों, ढाबों, लॉज, गैस्ट हाउस, रेलवे स्टेशनों, मेट्रो स्टेशनों, बस स्टैंड और मॉल्स में डॉग स्क्वॉड एवं बम स्क्वॉड के दस्तों से सघन एवं गहन चेकिंग करवाई जा रही है। मिश्रा ने बताया कि इस क्रम में पुलिस गाजियाबाद से सटे अन्य जनपदों की सीमाओं एवं दिल्ली से सटे सभी बॉर्डर पर निगाह रख रही है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में होने वाली परेड की तैयारी जहां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं, वहीं पुलिस लाइन विशेषकर परेड ग्राउंड को सजाया जा रहा है।

इस बार सशस्त्र पुलिस की आठ टोलियों के साथ अर्द्धसनिक बलों की कई टुकडियां मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री वीके सिंह को सलामी देंगी। वहीं, फ ायर ब्रिगेड, डायल 112, डॉग स्क्वॉड, बम स्क्वॉड, मोटर साइकिल दस्ता और महिला पुलिस दस्ते दिखाई देंगे।


**TECHNO ELECTRIC & ENGINEERING COMPANY LTD.**

**Regd. Office:** C-218, Ground Floor (GR-2), Sector-63 Noida Gautam Buddha Nagar-201307
**Corporate Office:** 1B, Park Plaza, South Block, 71, Park Street, Kolkata-700016
**Tel No:** +91 33 4051 3000, **Fax No:** +91 33 4051 3326
**CIN:** L40108UP2005PLC094368, **Website:** www.techno.co.in; **E-mail:** desk.investors@techno.co.in
**Contact Person:** Mr. Niranjan Brahma, Company Secretary and Compliance Officer

**POST PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR THE ATTENTION OF EQUITY SHAREHOLDERS/ BENEFICIAL OWNERS OF EQUITY SHARES OF TECHNO ELECTRIC & ENGINEERING COMPANY LIMITED**

This Public Announcement (the **"Post Buyback Public Announcement"**) is being made pursuant to the provisions of Regulation 24(vi) of the Securities and Exchange Board of India (Buy-Back of Securities) Regulations, 2018 (the **"Buyback Regulations"**) for the time being in force including any statutory modifications and amendments from time to time. This Post Buyback Public Announcement should be read in conjunction with the Public Announcement dated July 11, 2022 published on July 13, 2022(the **"Public Announcement"**). The terms used but not defined in this Post Buyback Public Announcement shall have the same meaning as assigned to such terms in the Public Announcement.

**1. THE BUYBACK:**

1.1. The Board of Directors of Techno Electric & Engineering Company Limited (**"Techno Electric" or the "Company"**) at its meeting held on July 11, 2022 (**"Board Meeting"**), pursuant to provisions of Article 16 of the Articles of Associations of the Company and Sections 68, 69 and 70 and all other applicable provisions of the Companies Act, 2013 as amended (**"Companies Act"**), the Companies (Share Capital and Debentures) Rules, 2014, as amended (the **"Share Capital Rules"**), Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended (**"Management Rules"**) and the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, including any statutory modification(s) or re- enactment(s) thereof for the time being in force, to the extent applicable (**"LODR Regulations"**), approved the proposal to buy back its own fully paid-up Equity Shares of face value of ₹ 2 each (**"Equity Shares"**) from the members of the Company (other than the promoters, promoter group and persons in control of the Company) payable in cash, for an amount aggregating up to ₹130 crores (Rupees One Hundred Thirty crores only) (**"Maximum Buyback Size"**) at a price not exceeding ₹325/- (Rupees Three Hundred Twenty Five only) per Equity Share (**"Maximum Buyback Price"**), through the open market route through the stock exchanges where the equity shares of the Company are listed, in accordance with Companies Act, the Share Capital Rules, the Management Rules and the Buyback Regulations (the transaction / process herein after referred to as the **"Buyback"**). The Maximum Buyback Size does not include transaction costs, namely brokerage, filing fees, advisory fees, intermediaries' fees, public announcement publication expenses, printing and dispatch expenses, applicable taxes such as buyback tax, securities transaction tax, goods and services tax, stamp duty etc. and other incidental and related expenses (**"Transaction Costs"**).

1.2. The Maximum Buyback Size represents 7.26% & 7.25% of the aggregate of the fully paid-up share capital and free reserves as per the Standalone and Consolidated Audited accounts of the Company for the Financial year ended 31st March, 2022 respectively (being the latest audited financial statements of the Company).

1.3. The Public Announcement in respect of the Buyback was published in Financial Express (English national daily, all editions), (Jansatta (Hindi national daily, all editions) and Pioneer (Hindi daily, Delhi edition being the regional language daily with wide circulation at the place where the registered office of the Company is situated), on July 13, 2022.

1.4. The Buyback commenced on Wednesday, July 20, 2022 and closed on Thursday, January 19, 2023 (both days inclusive).

1.5. The total number of Equity Shares bought back under the Buyback is 23,80,981.

**2. DETAILS OF THE BUYBACK:**

2.1 The Company bought back an aggregate of 23,80,981 Equity Shares, utilizing a total amount of ₹69,45,03,158.10 (excluding Transaction Costs), which represents approximately 53.42% of the Maximum Buyback Size. The price at which the Equity Shares were bought back was dependent on the price quoted on the stock exchanges. The highest price at which the Equity shares were bought back was ₹325.00 and the lowest price was ₹261.07 per equity Share. The Equity Shares were bought back at an average price of ₹291.69. These prices are based on the contract notes issued by Trans Scan Securities Private Limited **("Company's Broker)** and exclude Transaction Costs and have been rounded to the nearest paisa.

2.2 The pay-out formalities have been completed as per the settlement mechanism with the stock exchanges. The Company has extinguished all the 23,80,981 Equity Shares bought back under the Buyback.

2.3 All Equity shares bought back were in the demat segment from the stock exchanges. As the Buyback was done from the open market through the stock exchanges, the identity of members from whom equity shares exceeding 1% of the total Equity shares was, if any, bought in the Buyback, is not known.

2.4 For further details, please refer to the Company's website (www.techno.co.in) and the website of stock exchanges (www.nseindia.com and www.bseindia.com).

**3. CAPITAL STRUCTURE AND SHAREHOLDING PATTERN**

3.1. The capital structure of the Company before and after the completion of the Buyback is as follows:

₹ in Lakhs

| Share Capital | Pre- Buyback * | Post- Buyback # |
|---|---|---|
| Authorized Capital<br>8,00,20,000 Preference Shares of Rs. 10 each | 8,002.00 | 8,002.00 |
| 1,39,99,00,000 Equity Shares of Rs. 2 each | 27,998.00 | 27,998.00 |
| Issued, Subscribed and Paid-up Capital<br>11,00,00,000 Equity Shares of Rs. 2 each | 2,200.00 | - |
| 10,76,19,019 Equity Shares of Rs. 2 each | - | 2,152.38 |

* As on the date of the Public Announcement
# The Company has extinguished all the 23,80,981 Equity Shares bought back under the Buyback

3.2. The shareholding pattern of the Company of the Company before and after the completion of the Buyback is as follows:

| Particulars | Pre-Buyback * | | Post-Buyback # | |
|---|---|---|---|---|
| | No. of equity shares | % of Pre- Buyback Equity Share capital | No. of equity shares | % of Post- Buyback Equity Share capital |
| Promoters and persons acting in Concert (Collectively "the Promoters") | 6,62,01,276 | 60.18 | 6,62,01,276 | 61.51 |
| Foreign Investors (Including Non Resident Indians, FIIs and Foreign Mutual Funds) | 19,58,715 | 1.78 | 4,14,17,743 | 38.49 |
| Financial Institutions/Banks & Mutual Funds promoted by Banks/Institutions | 3,00,37,400 | 27.31 | | |
| Others (Public, Public Bodies Corporate etc.) | 1,18,02,609 | 10.73 | | |
| **Total** | **11,00,00,000** | **100.00** | **10,76,19,019** | **100.00** |

* As on the date of the Public Announcement
# The Company has extinguished all the 23,80,981Equity Shares bought back under the Buyback

**4. MERCHANT BANKER AND MANAGER TO THE BUYBACK**

**HORIZON MANAGEMENT PRIVATE LIMITED**
19 R N Mukherjee Road, Main Building, 2nd Floor, Kolkata- 700 001
**Tel. No:** +91 33 46000607
**Fax:** +91 33 46000607
**Email:** manav.goenka@horizon.net.co
**Website:** www.horizon.net.co
**Contact Person:** Mr. Manav Goenka
**SEBI REGN NO:** INM000012926
**Validity:** Permanent (unless suspended or cancelled by SEBI)

**5. DIRECTORS' RESPONSIBILITY**

As per Regulation 24(i)(a) of the Buyback Regulations, the Board of Directors of the Company accepts full responsibility for all the information contained in this Post Buyback Public Announcement and confirms that this Post Buyback Public Announcement contains true, factual and material information and does not contain any misleading information.

**For and on behalf of the Board of Directors of Techno Electric and Engineering Company Limited**

| Sd/- | Sd/- | Sd/- |
|---|---|---|
| Padam Prakash Gupta<br>Managing Director<br>DIN: 00055954 | Samarendra Nath Roy<br>Independent Director<br>DIN: 00408742 | Niranjan Brahma<br>Company Secretary & Compliance Officer<br>M.No.: A11652 |

**Place: Kolkata**
**Date: January 20, 2023**



**PERFECTPAC LIMITED**

**Regd. Office:** 910, Chiranjiv Tower-43, Nehru Place, New Delhi - 110019
**Phone No.:** 011-26441015-18, **Website:** www.perfectpac.com
**Email:** complianceofficer@perfectpac.com, **CIN No.:** L72100DL1972PLC005971

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED DECEMBER 31, 2022**

(₹ In lakhs except EPS)

| PARTICULARS | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31.12.2022 | 30.09.2022 | 31.12.2021 | 31.12.2022 | 31.12.2021 | 31.03.2022 |
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| Total Revenue from operations | 2,151.24 | 2,455.61 | 2,336.13 | 7,135.32 | 6,331.50 | 8,849.73 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Exceptional items and Tax) | 41.15 | 101.35 | 15.40 | 182.91 | 80.44 | 158.95 |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional items) | 41.15 | 101.35 | 15.40 | 182.91 | 80.44 | 158.95 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax and Exceptional items | 31.08 | 62.16 | 2.20 | 130.03 | 50.88 | 103.01 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 31.08 | 62.16 | 2.20 | 130.03 | 50.88 | 108.54 |
| Equity Share Capital | 133.26 | 133.26 | 133.26 | 133.26 | 133.26 | 133.26 |
| Earnings Per Share of ₹2/-* each | | | | | | |
| 1. Basic (₹) | 1.14 | 2.28 | 0.08 | 4.77 | 1.87 | 3.78 |
| 2. Diluted (₹) | 1.14 | 2.28 | 0.08 | 4.77 | 1.87 | 3.78 |

**NOTES:**

1. The above unaudited financial results were, subjected to limited review by the Statutory Auditors of the Company, reviewed by the Audit Committee and approved and taken on record by the Board of Directors at its Meeting held on January 20, 2023.
2. The above is an extract of the detailed format of unaudited financial results for the quarter ended December 31, 2022, filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the unaudited financial results for the quarter ended December 31, 2022 is available under the investor section of Company's website at www.perfectpac.com and on the website of the Stock Exchange at www.bseindia.com.

*3. The shareholders of the Company at its Annual General Meeting held on September 15, 2022 approved the sub-division/split of face value of the Equity Shares of the Company from ₹10/- (Rupees Ten only) each to ₹2/- (Rupees Two only) each. Accordingly, the holder(s) of the Equity Shares of the Company have received "5" Equity Shares of face value of ₹2/- each in lieu of "1" Equity Share of face value of ₹10/- each and accordingly the number of equity shares in the paid up equity Capital of the Company has been changed from October 21, 2022 onwards.

For **Perfectpac Limited**

Place : New Delhi
Date : 20.01.2023

**Sanjay Rajgarhia**
*Managing Director*



**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Piramal Capital & Housing Finance Limited** that Mrs. Abhilasha intends to purchase & mortgage the **Entire Second Floor (without roof/terrace rights), Built on Property No. 55, admeasuring 40 Sq. Yds., situated at Sheikh Sarai, colony known as Savitri Nagar, Delhi** with our client against the financial assistance. Whereas, **Mr. Shamim Ahmed S/o Bashir Ahmed** has acquired the Said Floor by way of Sale Deed dated 08-07-2022 from Mr. Deepak Ghai S/o Late Prithvi Raj Ghai and Mr. Deepak Ghai S/o Late Prithvi Raj Ghai, who has acquired the same by way of Relinquishment Deed dated 18-05-2017, executed between legal heirs of Late Prithvi Raj i.e. 1) Mrs. Anil Bala (Daughter), 2) Mrs. Anju Vig (Daughter), 3) Mrs. Neelam Malhotra (Daughter), 4) Mr. Sandeep Ghai (Son) & 5) Mr. Deepak Ghai (Son), without obtaining Surviving Member Certificate. Now, **Mr. Shamim Ahmed** intends to sell the same to **Mrs. Abhilasha.** If any person(s) having objection with regard to ownership/mortgage of the Said Property is/are requested to intimate in writing to undersigned within 07 days from the date of issue of this notice at below address. In the event no information is received within 07 days from date hereof, our Client i.e. **Piramal Capital & Housing Finance Limited** will proceed with the mortgage process.

**DEEPJYOT SINGH, ADVOCATE**
A-13, LGF, South Extn.-II,
New Delhi-110049 # 011-40587824.



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तो और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# एलजी और सीएम के बीच आरोप-प्रत्यारोप और तेज

## सक्सेना ने कहा- विकास पर ध्यान दें मुख्यमंत्री



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विधानसभा सत्र खत्म होनेके बाद उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर उन पर भ्रामक और अपमानजनक टिप्पणी करने और स्तरहीन बातचीत करने पर आपत्ति जताई है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि राजनिवास पर प्रदर्शन के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री को मिलने के लिए बुलाया था लेकिन वह अपने सभी विधायकों के साथ आना चाहते थे जो उस समय संभव नहीं था। इसलिए उन्होंने राजनीति से प्रेरित झूठा बयान दिया कि उपराज्यपाल उनसे नहीं मिलना चाहते। उन्होंने इस पत्र में शिक्षा के स्तर पर भी सवाल खड़े किए हैं।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि सीएम ने विस में कहा था कि एलजी कौन है और वह कहां से आते हैं। जबकि संविधान में इसका जवाब है। पिछले कुछ दिनों से मुख्यमंत्री और उनके साथी शिक्षकों को प्रशिक्षण के फिनलैंड भेजने का मुद्दे उठा रहे हैं।

एलजी ने शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करते कहा कि सत्र 2012-13 में जहां स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति 70.73 फीसदी थी तो वहीं वर्ष 2019-20 में घटकर 60.65 फीसदी रह गई। कोरोना के समय ऑनलाइन क्लास होने के चलते मार्च 2020 से लेकर जून 2022 तक यह 73.4 फीसदी रही है। वहीं वर्ष 2009-10 में छात्रों की कक्षा में उपस्थिति 78 फीसदी से ज्यादा थी। इससे साफ पता चलता है कि छात्र स्कूल में कम आ रहे हैं। वर्ष 2013-14 में जहां 16.1 लाख छात्र सरकारी स्कूलों में पढ़ते थे। वहीं सत्र 2019-20 में यह घटकर 15.1 लाख रह गए। वह भी तब जब शहर की आबादी बढ़ रही हैऔर छात्रों की संख्या बढ़नी चाहिए थी।

हाल ही में हुई बैठक में उन्होंने गत 8 सालों के अंदर एक भी स्कूल नहीं बनाए जाने का मुद्दा उठाया था। डीडीए द्वारा शिक्षा विभाग को बीते 7 वर्षों में 13 जगह जमीनें दी गई हैं। इनमें से अगस्त 2022 में ही 6 जगह भूमि आवंटित की गई हैं। लेकिन स्कूल नहीं बनाए गए। पहले से बने स्कूलों में नए कमरे और शौचालय बनाना नए स्कूल का विकल्प नहीं हो सकता।

### अधिकांश छात्रों को नहीं बेसिक जानकारी

उपराज्यपाल ने लिखा है कि दिल्ली सरकार भले ही शिक्षा में बड़े बदलाव का दावा कर रही है, लेकिन जमीनी सच्चाई कुछ और है। नेशनल अचीवमेंट सर्वे 2021 की रिपोर्ट से पता चलता है सरकारी स्कूलों में आठवीं कक्षा तक पढ़ने वाले 30 फीसदी छात्रों का ज्ञान सामान्य स्तर से कम है जबकि 44 फीसदी का ज्ञान लगभग सामान्य स्तर का है। इसी तरह दसवीं कक्षा में पढ़ने वाले 33 फीसदी छात्रों का ज्ञान सामान्य से कम है जबकि 30 फीसदी सामान्य ज्ञान रखते हैं। गणित और विज्ञान की पढ़ाई में छात्रों की कोई रुचि नहीं दिखती है। 12वीं कक्षा में कुल 2,31,448 छात्र पढ़ते हैं जिनमें से केवल 21,340 ही विज्ञान की पढ़ाई कर रहे हैं।

### सरकारी स्कूलों में घटी छात्रों की संख्या

**सत्र 2013-14 में जहां 35 फीसदी छात्र निजी स्कूलों में पढ़ते थे। वहीं वर्ष 2019 मेंयह संख्या 46 फीसदी तक पहुंच गई थी। कोरोना के समय में फीस नहीं भर पाने के चलते बड़ी संख्या में अभिभावकों व माता-पिता ने अपने बच्चों को निजी स्कूलों से निकालकर**



**सरकारी स्कूलों में भर्ती कराया इसके बावजूद अभी भी 40 फीसदी बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ रहे हैं।**

### शिक्षकों को विदेश भेजने से नहीं किया इनकार

*उपराज्यपाल ने लिखा है कि दिल्ली सरकार शिक्षकों को फिनलैंड भेजना चाहती है। उनके इस प्रस्ताव को उन्होंने रोका नहीं है। केवल इस पर होने वाले खर्च एवं उससे होने वाले लाभ का आंकलन करने के निर्देश दिये हैं।*

## सरकार के काम में अड़ंगा न लगाएं कानून-व्यवस्था सुधारें : केजरीवाल



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को एलजी से मिले पत्र के जवाब में सूर्य और चंद्रमा की मिशाल देते हुए कहा कि दोनों अपना-अपना काम करते हैं, तभी अच्छे लगते हैं। सीएम को अपना काम करने दीजिए और आप (उपराज्यपाल) राष्ट्रीय राजधानी की कानून व्यवस्था, पुलिस और डीडीए को संभालिए है। आप अपने काम छोड़कर रोज दिल्ली सरकार के कामों में दखल देंगे, तो व्यवस्था कैसे चलेगी।

राष्ट्रीय राजधानी में लगातार अपराध बढ़ते जा रहे हैं। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष पर कुछ दिने पहले हमला हुआ। यदि महिला आयोग की अध्यक्ष ही सुरक्षित नहीं तो एक आम महिला की क्या बात करें। दिल्ली वालों ने आज तक आपको कानून व्यवस्था पर कोई काम करते नहीं देखा, बल्कि उनकी चुनी हुई सरकार के रोजमर्रा के कामों में हस्तक्षेप करते हुए ही देखा है।

केजरीवाल ने यह भी कहा है कि आपने पत्र में लिखा है कि हम बिना बताए आपसे मिलने आ गए थे, इसलिए आप नहीं मिले। सीएम, डिप्टी सीएम और सारी कैबिनेट व विधायक आपके द्वार पर खड़े थे तो जाहिर है कि राज्य से संबंधित बड़ी समस्या लेकर आए थे। लेकिन आपने दो करोड़ लोगों के प्रतिनिधियों से मिलने से मना कर दिया था। अपने पत्र में सीएम ने कहा कि आपने शिक्षा व्यवस्था की काफी आलोचना की है। आपको बताना चाहते है कि दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था में पहले के मुकाबले सुधार हुए हैं। लेकिन अभी बहुत कुछ करना बाकी है। अभी बहुत लंबा सफर तय करना है। यदि केंद्र सरकार और सभी एलजी ने पिछले वर्षों में काम में अड़चन नहीं डालते तो अभी तक और भी बहुत कुछ हासिल कर चुके होते।

एक तरफ एलजी ने सभी मोहल्ला क्लिनिक के डॉक्टरों के वेतन, लैब टेस्ट, किराया और बिजली बिलों का भुगतान रोक देते हैं और फिर कहते हैं कि मोहल्ला क्लिनिक अच्छे नहीं चल रहे। एक तरफ एलजी अफसरों को कह कर दिल्ली जल बोर्ड के सारे फण्ड बंद करवा देते हैं और फिर कहते हैं कि दिल्ली वालों को पानी नहीं मिल रहा। सर इस किस्म की राजनीति अच्छी नहीं है। उपराज्यपाल को ऐसी राजनीति से बचना चाहिए।

केजरीवाल ने संवैधानिक अधिकारों की याद दिलाते हुए लिखा है कि संविधान ने उपराज्यपाल को तीन जिम्मेदारियों दी हैं। दिल्ली की कानून व्यवस्था, दिल्ली पुलिस और डीडीए। आज पूरे देश में दिल्ली की कानून व्यवस्था सबसे खराब है। अगर दिल्ली के लोग अपने टीचर्स को ट्रेनिंग के लिए विदेश भेजना चाहते हैं तो आप इसको क्यों रोकते हैं। जब आप रोज लोगों के काम रोकते हैं, तभी लोग कहते हैं कि एलजी हमारे काम रोकने वाले कौन होते हैं। संविधान ने आपको कानून व्यवस्था ठीक करने का काम दिया है। आप वो काम कीजिए। संविधान ने सीएम को बाकी काम दिए हैं। उनको अपने काम करने दीजिए। आपको यदि हमारे काम ठीक नहीं भी लगते, तब भी आपको सरकार के कामों में बाधा डालने का कोई अधिकार नहीं है। केजरीवाल ने मिशाल देनते हुए कहा कि किसी दिन यदि सूर्य को लगने लगे कि चाँद ठीक से काम नहीं कर रहा, आज वह चाँद का काम करेगा तो सारी सृष्टि गड़बड़ा जाएगी। सूर्य अपना काम करे और चंदा अपना काम करे, तभी अच्छे लगते हैं तभी सारी व्यवस्था सुचारु रूप से चलती है।

### कई ट्वीट कर साधा उपराज्यपाल पर निशाना

सीएम ने एलजी को सलाह दी कि वह कानून व्यवस्था दुरुस्त करें ताकि कंझावला जैसी घटना दोबारा नहीं हो, तभी दिल्ली की व्यवस्था ठीक चलेगी। केजरीवाल ने एलजी का पत्र मिलने को बाद एक के बाद एक कई ट्वीट किए कहा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था की स्थिति तेजी से बिगड़ रही है। एलजी इसे सुधारने के लिए कदम उठाने के बजाय गंदी राजनीति करने में व्यस्त है। उन्होंने चुनी हुई सरकार के कामकाज में हस्तक्षेप करने के लिए आज दिल्ली सरकार के अधिकारियों की कई बैठकें बुलाई हैं, जिन्हें करने का उनके पास कोई अधिकार नहीं है।

## दुनिया की सबसे अच्छी राजधानी बनाने में करें सहयोग : रामनिवास



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने शुक्रवार को कहा कि वह सदन में प्रश्नकाल कराने के पक्ष में नहीं हैं क्योंकि वह कानून व्यवस्था, भूमि और सेवाओं के आरक्षित विषयों पर विधायकों के प्रश्नों को स्वीकार नहीं कर सकते।

एलजी ने इन्हें प्रतिबंधित करा दिया है। प्रश्नकाल की अनुमति देना तब तक अप्रासंगिक है जब तक कि एलजी इन विषयों पर विधायकों द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों की अनुमति नहीं देते हैं। गोयल ने कहा कि जब एलजी तीन प्रमुख विभागों को जवाब नहीं देंगे तो प्रश्नकाल का क्या मतलब रह जाता है। उन्होंने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से अनुरोध किया है कि शालीनता से व्यवहार करें, दिल्ली सरकार के कल्याणकारी कार्यों में बाधा डालना बंद करें और दिल्ली को दुनिया की सबसे अच्छी राजधानी बनाने में सहयोग करें।

विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने शुक्रवार को विधानसभा में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली में विधानसभा के गठन के बाद से कभी भी इस तरह का प्रतिबंध नहीं लगा है। उन्होंने कहा कि क्या एलजी डर गए हैं कि पुलिस, डीडीए और सेवा विभाग के स्थानांतरण घोटाले का पर्दाफाश हो जाएगा।

उन्होंने एलजी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह अपने कार्यालय का दुरुपयोग कर रहे हैं। गोयल ने कहा कि विधानसभा यमुना के पानी की जांच करवाएगी।

गत शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष ने दिल्ली जल बोर्ड और आगरा की एक निजी एजेंसी को यमुना नदी से पानी के सैंपल लेने का आदेश दिया है। यह सैंपल तीन जगहों से एक-एक किलोमीटर की दूरी पर से लिया जाएगा। एकत्रित किए गए सैंपल की लैब में जांच होगी। जांच के बाद इनका भाजपा विधायक के दावे से मिलान होगा।

### विस सत्र अलोकतांत्रिक तरीके से चलाया : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** विधानसभा में सदन से विपक्षी सदस्यों को बार-बार बाहर निकालने में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा विधायकों ने दिल्ली को घेरा है। भाजपा विधायकों ने आरोप लगाया है कि केजरीवाल सरकार विधानसभा को असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक तरीके से चला रही है। विपक्ष का गला घोंटने के लिए नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है।

## मालीवाल मामले का सीसीटीवी फुटेज बरामद, चालक गिरफ्तार

- नशे में धुत आरोपी ने पीड़िता को कार से दूर तक घसीटा था



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की प्रमुख स्वाति मालीवाल से एम्स के बाहर नशे में धुत एक कार सवार द्वारा छेड़छाड़ करने और फिर उन्हें अपनी गाड़ी से 10-15 मीटर तक घसीटने के मामले में घटना से जुड़ी सीसीटीवी फुटेज पुलिस ने बरामद की है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इस वीडियो क्लिप में देखा जा सकता है कि मालीवाल फुटपाथ पर इंतजार कर रहीं हैं और एक कार चालक उनसे कार में बैठने को कहता है।

पुलिस ने बृहस्पतिवार तड़के हुई घटना के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जिसकी पहचान दक्षिण दिल्ली के संगम विहार निवासी 47 वर्षीय हरीश चंद्र के तौर पर हुई है। आयोग की प्रमुख ने कहा कि वह कंझावला की घटना के मद्देनजर दिल्ली में महिला सुरक्षा का जायज़ा लेने के लिए अपनी टीम के साथ राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर थीं। घटना के वक्त उनकी टीम उनसे कुछ दूर थी।

दक्षिण दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) चंदन चौधरी ने बृहस्पतिवार को कहा था कि गश्ती वाहन ने तड़के करीब 3:05 बजे एम्स के सामने मालीवाल को देखा और उनसे पूछा कि क्या वह किसी परेशानी में हैं। उनके अनुसार, मालीवाल ने उन्हें अपनी आपबीती सुनाई जिसके बाद उस कार का पता लगाया गया और कार चालक चंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया। चौधरी ने बताया कि महिला आयोग की प्रमुख की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाना), 341 (गलत तरीके से बयान), 354 (महिला की शील भंग करने के इरादे से हमला करना) और 509 ( महिला के शील भंग का इरादा) के साथ-साथ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कोटला मुबारकपुर थाने में मामला दर्ज किया गया है।

### आरोपी ने एक और महिला के साथ की थी छेड़छाड़ : स्वाती

*नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि एम्स के बाहर उनके साथ छेड़छाड़ करने वाले व्यक्ति ने इस महीने इसी तरह से एक अन्य महिला को निशाना था। मालीवाल ने हिंदी में किए गए ट्वीट में कहा, जिस आदमी ने मुझे छेड़ा उसने और महिलाओं को भी शिकार बनाया है। एक लड़की ने 181 हेल्पलाइन पर फ़ोन कर बताया (कि) कैसे इस आदमी ने 17 जनवरी को लोधी रोड पर कई बार गाड़ी उसके आगे रोकी और गाड़ी में बैठने को कहा, अच्छा हुआ मैंने उसको पकड़वाया। सबसे अपील है डरें नहीं, आवाज़ उठाएं।*

### फिनलैंड प्रशिक्षण की फाइल फिर एलजी को भेजी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने शिक्षकों को फिनलैंड भेजने की फाइल फिर से उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को भेजी है।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि दिल्ली सरकार के शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड भेजने का प्रस्ताव पुन: उपराज्यपाल साहब के पास भेजा है। कुछ दिन पहले ही उपराज्यपाल ने इसी प्रकार के एक प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। मनीष सिसोदिया के ट्वीट कर कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, उन्हें भरोसा है कि उपराज्यपाल दिल्ली सरकार के स्कूल के शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए विदेश जाने की अनुमति देंगे।

## 'सरकारी स्कूलों का पाठ्यक्रम उद्यमी विचारों को दे रहा बढ़ावा'

- सरकार ने पिछली दोषपूर्ण शिक्षा प्रणाली में किया बदलाव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



फाइल फोटो

दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने एक कार्यक्रम के दौरान दिल्ली के सरकारी स्कूलों में मौजूदा शिक्षा प्रणाली को रोजगार पैदा करने वाला बताया है।

उन्होंने कहा कि 2015 से पहले नीतियों में खामियां और दोषपूर्ण आधार, दिल्ली की स्कूली शिक्षा में मुख्य समस्याएं रही है। दिल्ली शिक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिसोदिया ने कहा कि शिक्षा प्रणाली में अन्य समस्या यह है कि छात्रों में खुद के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के बजाय नौकरी तलाशने की मानसिकता है। यह सम्मेलन भारतीय उद्योग परिसंघ की ओर से आयोजित किया गया था। आम आदमी पार्टी के नेता ने कहा, हमने 2015 के बाद से दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था में मौजूद कई खामियों को दूर किया है। इसके आधार में ही दोष है, शिक्षा नीतियों में खामियां है और छात्रों के साथ समस्या है कि उनकी मानसिकता केवल नौकरी पाने की है।

सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में जो पाठ्यक्रम है वह उद्यमी विचारों से इर्द गिर्द है और इससे छात्रों में रोजगार तलाशने के बजाय रोजगार देने की मानसिकता पैदा हो रही है। उन्होंने कहा, हमने नौकरी देने की मानसिकता विकसित करने के लिए छात्रों के लिए एक उद्यमिता मानसिकता कार्यक्रम शुरू किया है। हम कक्षा 11वीं के छात्रों को दो हजार रुपए देते हैं, समूह बनाते हैं और विचारों पर काम करते हैं। छात्रों में अब नौकरी तलाशने की मानसिकता नहीं है।

## विधानसभा में लगेगी युवा संसद जानेंगे कानून बनाने की प्रक्रिया

- शहर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और कॉलेज के 84 छात्र इस कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा : विस अध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विधानसभा 23 से 25 जनवरी तक दिल्ली युवा संसद का आयोजन करेगी। इस कार्यक्रम में दिल्ली प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और कॉलेज के 84 छात्र इस आयोजन में हिस्सा लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने कहा कि युवा संसद के जरिए इन छात्रों को कानून बनाने की संसदीय प्रक्रिया को समझने का अवसर मिलेगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली के युवाओं को विभिन्न विधाई प्रक्रियाओं जैसे चीनी उत्पादों के उपयोग को हतोत्साहित करने और स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने के कदम , उच्च शिक्षा में बढ़ते नामांकन, कूड़े के पहाड़ (लैंडफिल) की समस्या को दूर करने के लिए कदम और महिला सुरक्षा में सुधार के कदम के संबंध में प्रस्तावों के बारे में शिक्षित किया जाएगा।

### हंसराज कॉलेज में मांसाहार मामले में 40 हिरासत में

**नई दिल्ली।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के प्रतिनिधि ने यह दावा किया। उन्होंने बताया कि फैसले के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए कई विद्यार्थी कॉलेज के बाहर जमा थे, लेकिन उन्हें परिसर में प्रवेश नहीं दिया गया।

पुलिस ने बताया कि करीब 30 से 35 विद्यार्थी कथित प्रतिबंध के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। एसफआई की हंसराज कॉलेज इकाई ने बुधवार को कॉलेज छात्रावास के समक्ष संस्थान में मांसाहार पर प्रतिबंध के खिलाफ प्रदर्शन का आह्वान किया था। एसएफआई कार्यकर्ता समा ने कहा, हमने शांतिपूर्ण प्रदर्शन शुरू किया, लेकिन कॉलेज प्रशासन ने हमें परिसर में दाखिल नहीं होने दिया।

## संक्षिप्त समाचार



डीयू के अदिति कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल छात्र।

### अदिति कॉलेज में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के अदिति कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्र पुनर्निर्माण, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, मानसिक स्वास्थ्य समेत अन्य कई विषयों 90 पेपर प्रस्तुत किया गया। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत इस राष्टीय सम्मेलन को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) द्वारा प्रायोजित किया गया था। शुक्रवार को समापन सत्र में प्रो. पायल मागो, निदेशक, ओपन लर्निंग कैंपस, अध्यक्ष, स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) बतौर मुख्य अतिथि और रक्षा मंत्रालय की संयुक्त सचिव और वित्त प्रबंधक (भूमि प्रणाली) निष्ठा उपाध्याय विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद थीं। दो दिवसीय राष्टीय कार्यक्रम के दौरान कॉलेज संरक्षक प्रोफेसर ममता शर्मा, संयोजक डॉ रितु शर्मा और सम्मेलन की सह-संयोजक नीरजा नागपाल भी उपस्थित थीं।

### प्रशांत और विधि को फ्रेश फेस का खिताब

**नई दिल्ली।** प्रशांत और विधि ने फ्रेश फेस के 14वें सीजन में बाजी मारते हुए खिताब जीता है। द्वारका के वेगास मॉल में आयोजित प्रतियोगिता में दिल्ली विश्वविद्यालय सहित अन्य कॉलेजों के बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया था।



इस प्रतियोगिता सेलिब्रिटीसे व्यापक भागीदारी देखी गई है। बहुप्रतीक्षित टैलेंट शो फ्रेश फेस के सीज़न 14 का आयोजन वेगस मॉल में हुआ, जिसमें जज की भूमिका में सोशल मीडिया सेलिब्रिटी नितिभा कौल थीं। प्रतियोगिता के आयोजन पर रविंदर चौधरी, असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट, वेगस मॉल ने कहा कि हम वेन्यू स्पॉन्सर पार्टनर के रूप में फ्रेश फेस 2023 के 14वें सीजन की मेजबानी करके खुश हैं।

## गणतंत्र दिवस से पहले पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा

### राजधानी के एसीपी और एसएचओ ने इलाकों के लोगों को किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस दस्ते का जायजा लेते आईपीएस अधिकारी रोबिन हिब्बू।

दिल्ली पुलिस ने गणतंत्र दिवस समारोह से पहले राष्ट्रीय राजधानी में आतंकवाद-रोधी उपाय तेज कर दिए हैं और गश्त बढ़ाई है।

सभी सहायक पुलिस आयुक्त और थाना प्रभारी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों के साथ बैठक कर रहे हैं और उन्हें गणतंत्र दिवस के लिए किए गए सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और कुछ भी संदिग्ध लगने पर इसके बारे में सूचित करने का भी आग्रह किया है। अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली पुलिस सोशल मीडिया पर भी जागरूकता अभियान चला रही है। पुलिस ने कहा कि किराएदारों और नौकरों का सत्यापन किया जा रहा है। साथ ही होटल, गेस्ट हाउस और धर्मशालाओं में भी औचक निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि असामाजिक तत्व या कोई संदिग्ध इन जगहों को ठिकाना नहीं बना सके। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) दीपेंद्र पाठक ने कहा, हमने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है और आतंकवाद-रोधी उपाय मजबूत किए गए हैं। हम किसी भी असामाजिक तत्व या आतंकवादी को अपने मंसूबे में सफल नहीं होने देंगे। अधिकारियों के अनुसार, अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय में आतंकवाद विरोधी उपाय तेज कर दिए गए हैं क्योंकि दिल्ली हमेशा आतंकवादियों या असामाजिक तत्वों के निशाने पर रही है। इस साल अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं। अधिकारियों ने कहा कि राष्टीय राजधानी में किसी भी शरारती तत्व के प्रवेश को सुनिश्चित करने के लिए सीमावर्ती इलाकों में अतिरिक्त पिकेट भी तैनात किए गए हैं।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा, दिल्ली पुलिस की आंतरिक बैठकें, अंतर-राज्य समन्वय बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं ताकि सुरक्षा में कोई चूक न हो।



गणतंत्र दिवस परेड के लिए रिहर्सल के दौरान बीएसएफ की ऊंटों की टुकड़ी।

### गुरुग्राम में व्यवसायिक वाहनों के प्रवेश पर रोक

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर गुरुग्राम की यातायात पुलिस रविवार रात साढ़े नौ बजे से सोमवार अपराह्न डेढ़ बजे तक और बुधवार रात नौ बजे से बृहस्पतिवार अपराह्न डेढ़ बजे तक शहर में भारी व्यावसायिक वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाएगी। गुरुग्राम की यातायात पुलिस ने एक परामर्श जारी कर कहा कि जयपुर की ओर से आने वाले भारी वाहन कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे का प्रयोग करें। यातायात पुलिस की ओर सेजारी परामर्श के मुताबिक सुरक्षा एवं सुगम यातायात संचालन के लिए पंचगांव चौक, मानेसर चौक, सिरहौल बार्डर एवं कपरीवास चौक पर जामकी स्थिति में बिलासपुर, शंकर चौक, इफको चौक, सिग्नेचर टॉवर चौक, उद्योग विहार और खेड़की दौला टोल प्लाजा से वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं।

# गर्भ में ही विचित्र बीमारी से ग्रस्त बच्चे के सिर को सर्जरी से दिया नया आकार

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**मां** के गर्भ से ही विचित्र बीमारी से ग्रस्त मात्र 9 महीने के एक बच्चे के सिर को यहां जटिल सर्जरी करके चिकित्सकों ने नया आकार देकर नया कारनामा कर दिखाया है। बच्चा एपर्ट सिंड्रोम नामक बीमारी से पीड़ित था। इस बीमारी से बच्चे के सिर की हड्डियां गर्भ में ही आपस में जुड़ गई थी और पूरी तरह से ही विकसित नहीं हुई थी।

दिल्ली के मोहम्मद नबील नाम का बच्चा एपर्ट सिंड्रोम नाम की बीमारी के साथ ही पैदा हुआ। यह बीमारी बहुत ही दुर्लभ बीमारी है। यह तब होती है जब बच्चा मां के पेट में होता है। इस बीमारी के होने पर

### अब बच्चे को पांच या छह साल की उम्र में करानी होगी प्लास्टिक सर्जरी

खोपड़ी, चेहरे और कभी-कभी पैर की उंगलियां और हाथों की उंगलियां खराब हो जाती हैं। उसके जन्म के ठीक बाद उसके चेहरे की अजीबो-गरीब बनावट के कारण उसमें इस बीमारी का पता चला। उस समय डॉक्टरों ने 9 महीने की उम्र के बाद उसकी पहली सर्जरी कराने की सलाह दी।

**65 हजार से 2 लाख बच्चों में से एक बच्चे में होती है ये बीमारी** : दुनिया भर में 65 हजार से दो लाख जन्मों में से एक बच्चा



बच्चे की उपचार से पहले व उपचार के बाद की तस्वीरें।

इस एपर्ट सिंड्रोम बीमारी से ग्रस्त होता है। इस बीमारी में चेहरे की बनावट अजीब ढंग से होती है। जबड़ा मोटा और उठा हुआ होता है। आंखों का गोलक बड़ा और फैला होता है। नेत्रगोलक के बीच की दूरी ज्यादा होती है और मैक्सिला निकला हुआ होता है।

**पहले रीमॉडेलिंग और फिर आगे की सर्जरी** : पारस अस्पताल में न्यूरो और स्पाइन सर्जरी निदेशक डॉ. सुमित सिन्हा ने अपनी टीम के साथ एब्जॉर्बल पॉलीमर प्लेटों की मदद से खोपड़ी को फिर से तैयार किया। डॉ. सुमित सिन्हा के मुताबिक बच्चे की दुर्लभ बीमारी का आंकलन करने के बाद न्यूरोसर्जन की हमारी टीम ने पहले रीमॉडेलिंग और फिर आगे की सर्जरी करने का फैसला किया। यह पीड़ित बच्चा जब गर्भ में था, तो उसकी खोपड़ी की हड्डियां आपस में जुड़ गई थी। उसकी खोपड़ी दिखने में छोटी थी।

**अब सामान्य दिख रहा है बच्चा** : सर्जरी के बाद बच्चा अब सामान्य दिख रहा है और अब वह धीरे-धीरे उबर रहा है। बीमारी के कारण उसकी सामान्य गतिविधि जो नहीं हो पाती थी वह अब धीरे-धीरे हो रही है। उसकी अगली सर्जरी 1 से 2 साल बाद दोनों हाथों की उंगलियों को अलग करने के लिए होगी।

डॉक्टर के अनुसार 5 से 6 साल की उम्र में होने पर उनके चेहरे के लिए एक प्लास्टिक सर्जरी होगी। गर्भ में पल रहे बच्चे में कोई बीमारी है या नहीं, इसकी जांच करने के लिए हर माता-पिता को प्रसव पूर्व टेस्ट कराने की सलाह दी जाती है। पहला प्रसव पूर्व टेस्ट गर्भावस्था के 20 सप्ताह से पहले और दूसरा 28वें सप्ताह के बाद किया जाना चाहिए।

# राव इंद्रजीत ने गुरुग्राम में युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र, पीएम ने दी बधाई

### देश को शक्तिशाली व विकसित राष्ट्र बनाने में दें अपना योगदान

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**केंद्रीय** मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि आज जब हम आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर चुके हैं तो यह पिछले 75 वर्षों में देश के संकल्पों को पूरा करने वाले सभी लोगों के योगदान का स्मरण करने का अवसर है। साथ ही अमृत काल के आने वाले 25 वर्षों पर अपनी शक्ति और सामर्थ्य को केंद्रित भी करना है। तभी वर्ष 2047 में एक शक्तिशाली और विकसित राष्ट्र का सपना साकार होगा। यह बात उन्होंने शुक्रवार को सीआरपीएफ केंद्र कादरपुर में भारत सरकार के मिशन मोड रिक्रूटमेंट अभियान के तहत आयोजित रोजगार मेले में कही।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से ही



कादरपुर स्थित सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र में रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र भेंट करते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

गुरुग्राम सहित देश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल रहे नियुक्तियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले युवा देश सेवा में अगले 25 सालों तक अपना योगदान अवश्य दें। केंद्रीय मंत्री ने रोजगार मेले का दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ करने उपरान्त अपने संबोधन में कहा कि पूर्व में केंद्र सरकार की नौकरियों में जो अभाव रहा करता था, उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में दूर करने के लिए प्रत्येक स्तर पर गंभीरता से प्रयास जारी है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए जा रहे यह रोजगार मेले उन्हीं गंभीर प्रयासों का हिस्सा है। केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में राजनैतिक अस्थिरता का जिक्र करते हुए कहा कि देश में पिछले कुछ दशकों से बेमेल गठबंधनों के चलते राजनैतिक अस्थिरता का माहौल रहा। जिसके परिणामस्वरूप देश के विकास की गति काफी हद तक प्रभावित रही। राव इंद्रजीत ने देश में राजनैतिक अस्थिरता को खत्म करने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में वर्ष 2014 में देश को एक मजबूत इरादों की सरकार मिली जो पूर्ण बहुमत होने के साथ साथ देश हित में लिए जाने वाले निर्णयों से पीछे नहीं हटती। उन्होंने कहा कि यह सरकार द्वारा आमजन के हित में मजबूती के साथ लिए गए निर्णयों का ही प्रभाव था, जिसके चलते भारतीय जनमानस ने प्रधानमंत्री को देशसेवा का पुनः अवसर देने के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा की सीटों में भी अभूतपूर्व इजाफा किया। उन्होंने कहा कि यह देश में मजबूत व राष्ट्रहित को सर्वप्रथम रखने वाली सरकार का ही प्रभाव है कि आज धारा 370 हटने के बाद कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। कार्यक्रम में शिमला की मुख्य आयकर आयुक्त रेखा शुक्ला, गुरुग्राम के प्रधान आयकर आयुक्त प्रताप सिंह सहित रोजगार मेले में नियुक्ति पाने वाले विभिन्न युवक व युवतियां उपस्थित रहे।

# भावांतर भरपाई योजना का लाभ न मिलने से किसान परेशान

### प्रोत्साहन राशि 350 किसानों को अभी तक नहीं मिल पाई है

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**भावांतर** भरपाई योजना लागू होने के बाद बाजरे की उपज पर प्रति क्विंटल 450 रुपये प्रोत्साहन राशि खंड के करीब 350 किसानों को अभी तक नहीं मिल पाई है। प्रोत्साहन राशि के लाखों रुपये डूबने के डर से किसानों में निराशा व्याप्त है।

लोहटकी निवासी किसान धर्मबीर ने बताया कि सरकार ने अक्तूबर 2022 में शुरु हुई बाजरे की सरकारी खरीद के दौरान किसानों के लिए भावांतर भरपाई राशि देने की घोषणा की थी। भावांतर भरपाई योजना के तहत बाजरे की उपज पर प्रति क्विंटल 450 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जानी है। धर्मबीर के मुताबिक 34 से लेकर 300 एकड़ रकबे में बाजरे की फसल पैदा करने वाले किसानों को योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। इन किसानों की लाखों रुपये प्रोत्साहन राशि भुगतान के लिए बकाया है। बालूदा निवासी किसान विजय पाल यादव ने बताया

> “**किसानों** को भावांतर भरपाई योजना के तहत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि ऑनलाइन जारी की जाती है। फिलहाल यह विभाग की साइट पर अंडर प्रोसेस दिख रही है। किसान अपनी समस्या का समाधान पाने के लिए जिला उपायुक्त के यहां शिकायत दर्ज करा सकते हैं।
>
> **अरुण सोलंकी, खंड अधिकारी, कृषि विभाग**

कि तीन माह बीत जाने के बाद भी किसानों को योजना के तहत प्रोत्साहन राशि नहीं मिल सकी है। इससे किसानों में निराशा है। अब पीड़ित किसान राशि न मिलने की शिकायत सीएम विन्डो पर करने की तैयारी कर रहे हैं।

**खंड कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर किसान** : भावांतर भरपाई योजना की प्रोत्साहन राशि पानेके लिए किसान पिछले तीन माह से खंड कृषि कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। किसानों का आरोप है कि खंड अधिकारी ऑनलाइन जांच करने के बाद ही राशि का भुगतान किए जाने का आश्वासन देकर लौटा देते हैं। प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं होने से किसानों में निराशा और रोष व्याप्त है।

## संक्षिप्त समाचार

### एचईआरसी ने सुनीं उपभोक्ताओं की दलीलें



गुरुग्राम में बिजली उपभोक्ताओं की दलीलें सुनते हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग के चेयरमैन आरके पचनन्दा।

**गुरुग्राम।** हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) के अध्यक्ष आरके पचनंदा और सदस्य नरेश सरदाना ने स्थानीय पावर ग्रिड स्थित एमपी हॉल में आगामी वित्त वर्ष 2023-24 के लिए नई बिजली दरें तय करने से पहले शुक्रवार को बिजली उपभोक्ताओं की दलीलें सुनी। इस जन सुनवाई में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) के प्रबंध निदेशक अमित खत्री, निदेशक नीरज आहूजा, चीफ इंजीनियर नवीन वर्मा, अनिल शर्मा, अतुल पसरीजा, सीएफओ सुशीला कुमारी और डीएचबीवीएन के अधिकारियों की उपस्थिति में गुरुग्राम, मानेसर और फरीदाबाद के उद्योग संगठनों व व्यवसायिक श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं ने अपनी सुझाव और दलीलें दीं। इन सभी दलीलों को एचईआरसी के अधिकारियों ने नोट किया। इन सभी श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं के सुझाव सुनने के उपरांत एचईआरसी के अध्यक्ष आरके पचनंदा ने उपस्थित विद्युत उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया कि उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखते हुए बिजली उपभोक्ताओं के हित और संतुष्टि उनके लिए सर्वो च्च प्राथमिकता है, इसके लिए वह पहले ही उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए सर्कल स्तर पर उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच (सीजीआरएफ) का गठन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि बिजली वितरण निगमों द्वारा आगामी वित्त वर्ष के लिए वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) के लिए जो पेटिशन दायर की हुई थी, उन पर बिजली उपभोक्ताओं के सुझाव लिए बिना एआरआर का आर्डर अधूरा है। इसलिए आयोग बिजली उपभोक्ताओं से इस संबंध में सुझाव लेने के लिए गुरुग्राम आया है। चेयरमैन पचनंदा ने बिजली उपभोक्ताओं से कहा कि इस एआरआर पर यदि किसी उपभोक्ता ने कोई अन्य महत्वपूर्ण सुझाव देना है तो वह आगामी तीन दिनों में आयोग को लिखित में सुझाव दे सकता है। इस दौरान एचईआरसी के निदेशक (टैरिफ) संजय वर्मा, निदेशक (तकनीकी) विरेन्द्र सिंह, संयुक्त निदेशक (वित्त) मनीष सिंघल, कंसलटेंट संजय बंसल, उप निदेशक (मीडिया) प्रदीप मलिक, डीएचबीवीएन के जनसंपर्क अधिकारी संजय चुघ, एसई आरके जाजोरिया, एसई गुरुग्राम एमएल रोहिल्ला, पीके चौहान सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

### बिजेंद्र कुमार बने गुरुग्राम के डीआईपीआरओ



गुरुग्राम के नवनियुक्त डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग में डीआईपीआरओ की स्थायी नियुक्ति हो गई है। झज्जर के डीआईपीआरओ बिजेंद्र सिंह को तबादला करके गुरुग्राम में नियुक्ति दी गई है। अभी तक संयुक्त निदेशक (एनसीआर) आरएस सांगवान इस पद का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे थे। शुक्रवार को सरकार की ओर से सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग में अधिकारियों के तबादलों की सूची जारी की गई। इसमें डीआईपीआरओ बिजेंद्र सिंह का झज्जर से गुरुग्राम, डीआईपीआरओ सतीश का भिवानी से झज्जर, डीआईपीआरओ पारुलता का नूंह (मेवात) से फतेहाबाद, डीआईपीआरओ पर पर नियुक्ति का इंतजार कर रहीं पूजा सिंह को नूंह (मेवात), डीआईपीआरओ सुरेंद्र सिंह को फतेहाबाद से भिवानी में भेजा गया है। पलवल डीआईपीआरओ का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे उप-निदेशक देवेंद्र सिंह को नूंह जिले का भी अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। क्योंकि नूंह में तबादला करके भेजी गई पूजा सिंह मातृत्व अवकाश पर गई हैं।

### डॉलर एक्सचेंज करने के लिए बुलाया, लूट लिए 8 लाख



**गुरुग्राम।** डॉलर एक्सचेंज करने के नाम पर एक व्यक्ति को बुलाकर उससे नकदी लूटने की वारदात में पुलिस ने आरोपियों को दबोच लिया है। 17 जनवरी 2023 की इस घटना में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से एक कार व 20 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं बता दें कि पुलिस थाना सदर में एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि वह डॉलर एक्सचेंज का कार्य करता है। 17 जनवरी को उसके पास एक व्यक्ति का 2500 डॉलर एक्सचेंज करवाने के लिए फोन आया। शिकायतकर्ता अपने बैग में 8 लाख रुपए लेकर गुरुग्राम के सेक्टर-39 में शराब की दुकान के पास उस व्यक्ति के डॉलर एक्सचेंज करने के लिए गया। वहां उस व्यक्ति ने उसे उसकी गाड़ी में डॉलर एक्सचेंज करने के लिए कहा। गाड़ी में उस व्यक्ति के अन्य 3 साथी भी मौजूद थे। गाड़ी में बैठने पर उन्होंने उसके साथ मारपीट की तथा आंखों में मिर्च पॉउडर डालकर वहां से ले गए। सेक्टर-29 के पार्क के पास उसे छोड़ दिया और रुपयों से भरा बैग छीन ले गए। बैग में 8 लाख रुपए थे। इस सम्बंध में पुलिस ने केस दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की। अपराध शाखा सेक्टर-39 प्रभारी निरीक्षक पंकज की पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए लूट करने वाले 3 आरोपियों को काबू किया है।

# अनियंत्रित होकर कार पलटी बाइक टकराई, छह घायल

### एलिवेटेड मार्ग पर पंद्रह मिनट के अंतराल में हुए दो हादसे

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**एलिवेटेड** मार्ग पर अनियंत्रित गति से वाहन चलाना कार सवार चार लोगों और बाइक सवार दो युवकों को भारी पड़ा। अलग-अलग हुए इन दोनों हादसों में छह लोग घायल हो गए, सभी का इलाज चल रहा है। बाइक सवार घायल युवकों की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी।

गुरुग्राम से सोहना आ रही कार शुक्रवार दोपहर बाद टोल प्लाजा को पार करने के तुरन्त बाद फ्लाईओवर पर अनियंत्रित होकर रिटर्निंग वाल से टकराकर पलट गई। कार चालक समेत सभी 4 यात्री घायल हो गए। आसपास इकट्ठा हुए नागरिकों ने घायलों को कार से निकाल कर अन्य वाहनों की मदद से अस्पताल पहुंचाया। अभी क्षत्रिग्रस्त कार को हटाने की तैयारी चल रही थी कि



गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर टोल प्लाजा के पास हुए हादसे में क्षतिग्रस्त कार।

करीब पंद्रह मिनट के बाद एक और हादसा हो गया। गुरुग्राम से आ रही अनियंत्रित रफ्तार बाइक टोल को पार करने से पहले सोहना की तरफ से जा रही कार से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों को गंभीर चोटें आईं। मौके पर पहुंची एनएचएआई की एम्बुलेंस से दोनों को सोहना के निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां दोनों का इलाज चल रहा है। हालांकि, दोनों की पहचान नहीं हो सकी। हादसे के बाद यातायात में बाधा बन रहे क्षतिग्रस्त कार और बाइक को टोल मार्ग हटवा कर किनारे कर दिया गया।

# राजेंद्रा पार्क, पटेल नगर की प्रमुख समस्याओं को लेकर डीसी से मिले नवीन गोयल

### नवीन गोयल ने राजेंद्रा पार्क के स्कूल अपग्रेड करने, पटेल नगर की तहसील बदलने की उठाई मांग

**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने शुक्रवार को रेलवे स्टेशन पार कालोनी राजेंद्रा पार्क और शहर के बीच में पटेल नगर कालोनी की महत्वपूर्ण समस्या को लेकर डीसी निशांत कुमार यादव से मुलाकात की।

उन्होंने डीसी निशांत कुमार यादव को पत्र देकर कहा कि राजेंद्रा पार्क क्षेत्र की आबादी 50 हजार से भी अधिक है। वहां 5वीं कक्षा तक के तीन स्कूल हैं। राजेंद्रा पार्क के तीनों प्राथमिक स्कूलों को अपग्रेड करके 8वीं कक्षा तक किया जाए, ताकि बच्चे वहीं पर अपनी 8वीं तक की पढ़ाई कर सकें। इसके अलावा रेलवे लाइन पार राजेद्रा पार्क कालोनी का श्मशान घाट की समस्या भी उन्होंने रखी। राजेंद्रा पार्क में जब किसी व्यक्ति का



गुरुग्राम में राजेंद्रा पार्क व पटेल नगर की समस्याओं को लेकर डीसी से मुलाकात करते नवीन गोयल।

निधन होता है तो उसके अंतिम संस्कार में काफी दिक्कत आती है। फ्लाईओवर से शव यात्रा लेकर आना काफी परेशानी का काम है। इस समस्या का निदान दोनों क्षेत्रों के बीच आरओबी या आरयूबी बनाकर किया जा सकता है। नवीन गोयल ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो इस विषय पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, पूर्व सांसद डा. सुधा यादव से भी मुलाकात की जाएगी। इस अवसर पर गजेंद्र गुप्ता, गगन गोयल, राजेश राठी, अमन हुड्डा, संदीप शर्मा, राजकुमार तोमर, रमेश जैन, बबला स्वामी, दयानंद, कपिल आदि मौजूद रहे।

#### पटेल नगर की बदली जाए तहसील

**नवीन** गोयल ने पटेल नगर के लोगों की तरफ से डीसी को बताया कि पटेल नगर इलाके को वजीराबाद तहसील में शामिल कर दिया गया है। जिसके कारण लोगों को रजिस्ट्री कराने के लिए वजीराबाद जाने में परेशानी होती है। इसलिए पटेल नगर इलाके को गुरुग्राम तहसील में करवाने तथा वाहन रजिस्ट्रेशन नम्बर को भी एचआर-98 की बजाय एचआर-26 ही किया जाए, क्योंकि यह इलाका पुराने गुरुग्राम शहर के बीच में है।

# गुरुग्राम में ग्लोबल सिटी बनने का रास्ता हुआ साफ

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) की जमीन पर ग्लोबल सिटी बनने का रास्ता साफ हो गया है। एचएसआईआईडीसी की 1080 एकड़ जमीन से संबंधित ग्राम पंचायत गाड़ौली खुर्द द्वारा लगाई गई आखिरी जनहित याचिका को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। न्यायालय के इस निर्णय ने एचएसआईआईडीसी की 1003 एकड़ भूमि पर स्थापित की जा रही ग्लोबल सिटी परियोजना में भूमि पार्सल की ई-नीलामी के लिए आगे बढ़ने का रास्ता साफ हुआ है। अब परियोजना से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को बढ़ाने में आसानी होगी। गुरुग्राम में बनने वाली ग्लोबल सिटी सरकार की प्रमुख परियोजनाओं में से एक है। ग्लोबल सिटी को लेकर 900 करोड़ के विकास कार्यों के टेंडर पहले ही हो चुके हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी जगह का दौरा कर चुके हैं। उनका कहना है कि ग्लोबल सिटी हरियाणा के विकास में मिल का पत्थर साबित होगी।

# फोनपे ने जनरल अटलांटिक के नेतृत्व में .12 बिलियन के मूल्यांकन पर विकास फंड जुटाया

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**फोनपे,** भारत के सबसे बड़े फिनटेक प्लेटफॉर्मों में से एक, ने आज घोषणा की कि उसने .12 बिलियन के प्री-मनी वैल्यूएशन पर एक प्रमुख वैश्विक विकास इक्विटी फर्म, जनरल अटलांटिक से फंडिंग में 350 मिलियन जुटाए हैं। जनरल अटलांटिक निवेश .1 बिलियन तक की कुल फंड उठाने की पहली किश्त है, जिसे फोनपे ने जनवरी 2023 में शुरू किया था। अन्य नए प्रमुख वैश्विक और भारतीय निवेशकों को पहले ही दूसरी किश्त के लिए साइन अप कर लिया गया है, जिसकी अगले महीने पूरा होने की उम्मीद है। फोनपे द्वारा हाल ही में फंड उठाने, मूल स्थान के सिंगापुर से भारत में परिवर्तन करने की घोषणा और फ्लिपकार्ट से पूर्ण अलगाव के बाद की गई है। फोनपे की योजना बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश करने के लिए नए फंड लाने की है, जिसमें डेटा केंद्रों का विकास और देश में बड़े पैमाने पर वित्तीय सेवाओं की पेशकश में मदद करना शामिल है। कंपनी बीमा, धन प्रबंधन और उधार सहित नए व्यवसायों में निवेश करने की भी





योजना बना रही है। फंड उठाने से फोनपे को समर्थन मिलने की उम्मीद है क्योंकि यह भारतीयों के लिए अधिक वित्तीय समावेशन को सक्षम करने के लिए UPI लाइट और UPI पर क्रेडिट सहित भारत में UPI भुगतानों के लिए विकास की अगली लहर को टर्बो-चार्ज करना चाहता है दिसंबर 2015 में स्थापित, फोनपे भारत की उभरती डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा संचालित कंपनी के महत्वपूर्ण विस्तार के साथ एक घरेलू सफलता की कहानी बन गई है।

भारतीय बाजार के अनुरूप उत्पाद और ऑफर बनाकर, फोनपे के आज 400 मिलियन से अधिक पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं, जिसका अर्थ है कि चार भारतीयों में से एक से अधिक फोनपे पर हैं। कंपनी ने देश के 99त्न पिन कोड को कवर करते हुए टियर 2, 3 और 4 शहरों और उससे आगे फैले 35 मिलियन से अधिक ऑफ़लाइन व्यापारियों को सफलतापूर्वक डिजिटल रूप से जोड़ा है। मैं जनरल अटलांटिक और हमारे सभी मौजूदा और नए निवेशकों को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने हम पर विश्वास किया है। फोनपे को भारत के देशव्यापी डिजिटलीकरण प्रयासों का नेतृत्व करने में मदद करने पर गर्व है और उनका मानना है कि इस शक्तिशाली सार्वजनिक-निजी सहयोग ने भारतीय डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र को एक वैश्विक उदाहरण बना दिया है।

हम एक भारतीय कंपनी हैं, जिसे भारतीयों द्वारा बनाया गया है, और हमारी नवीनतम धनराशि हमें सभी के लिए डिजिटल वित्तीय समावेशन के भारत सरकार के दृष्टिकोण को और तेज करने में मदद करेगी, फोनपे के संस्थापक और सीईओ समीर निगम ने कहा। समीर, राहुल और फोनपे प्रबंधन टीम ने भुगतान डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने और भारत के लोगों के लिए वित्तीय साधनों तक व्यापक पहुंच बनाने के लिए एक स्पष्ट मिशन निर्धारित किया है। वे ओपन एपीआई आधारित 'इंडिया स्टैक' पर विकसित समावेशी उत्पादों को अपनाने पर केंद्रित हैं।

# कल्याण ज्वेलर्स ने बेगम ब्रिज रोड पर नए शोरूम के साथ मेरठ में रखा पहला कदम

### मेरठ के बेगम ब्रिज रोड पर शानदार कल्याण ज्वेलर्स शोरूम का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा। मेरठ**

**भारत** की सबसे विश्वसनीय और सबसे बड़ी ज्वेलरी कंपनियों में से एक कल्याण ज्वेलर्स ने मेरठ में अपना नया शोरूम शुरू किया है। मेरठ के बेगम ब्रिज रोड पर स्थित नए और शानदार शोरूम के साथ कल्याण ज्वेलर्स ने मेरठ शहर में अपना पहला कदम रखा है। उत्तर प्रदेश में यह इस ब्रांड का आठवां शोरूम है। नए शोरूम के शुभारंभ अवसर पर कल्याण ज्वेलर्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमण ने कहा, मेरठ में हमारा पहला शोरूम शुरू हुआ है, इस बात की हमें बहुत खुशी हो रही है।

मेरठ शहर का जिस तरह से विकास हो रहा है उसे देखकर इस मार्केट की जबरदस्त वृद्धि क्षमताओं को हम महसूस कर पा रहे हैं। हमारे उपभोक्ताओं को श्रेणी में सर्वोत्तम खरीदारी अनुभव प्रदान करना हमारा लक्ष्य है, साथ ही हम उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य को भी सुनिश्चित करते हैं। खरीदारी के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और व्यक्तिगत वातावरण प्रदान करते हुए हम पूरे समुदाय की सुरक्षा और स्वास्थ्य का ध्यान रख रहे हैं। कल्याण ज्वैलर्स, बेगमब्रिज के संचालक विवेक गर्ग और हर्ष गर्ग इससे पूर्व अनेक





नये और प्रतिष्ठित ब्रॉड जैसे मारूति, टोयटा, एमजी, एप्पल आईफोन को मेरठ में लांच कर चुके हैं और सभी ब्रॉड के शोरूम आज पहचान बन चुके हैं। शोरूम की लॉचिंग पर विवेक गर्ग ने कहा, आभूषण बाजार के प्रतिष्ठित ब्रॉड कल्याण ज्वैलर्स का मेरठ में पहला शोरूम लॉच करते हुए हमें बेहद प्रसन्नता हो रही है। भारत में सबसे बड़े आभूषण रीटेल विक्रेताओं में से एक कल्याण ज्वैलर्स ने गुणवत्ता, पारदर्शिता, मूल्य निर्धारण और नवाचार में उद्योग मानक स्थापित किए हैं। हर्ष गर्ग ने बताया, लगभग तीन दशकों से कल्याण ज्वैलर्स ग्राहकों की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करने के लिए सोने, हीरे और कीमती पत्थरों में पारंपरिक और समकालीन आभूषण डिजाइनों की एक श्रृंखला प्रदान कर रहा है। तेजी से आगे बढ़ते मेरठ शहर में आभूषण बाजार में खरीदारी की असीम संभावनाएं हैं। ग्राहकों का सर्वश्रेष्ठ खरीदारी का अनुभव प्रदान करना हमारा लक्ष्य है। अनुज गर्ग, वशिष्ठ गर्ग व राजित गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया।

# राव इंद्रजीत ने किसानों को मुख्यमंत्री से मुआवजे की पैरवी का दिया आश्वासन

**प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम**

**केंद्रीय** मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने शुक्रवार को गांव धर्मपुर व दौलताबाद की जलमग्न भूमि का निरीक्षण किया। इस दौरान इन दोनों गांवों के किसानों ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि दिल्ली सीमा में बांध बनने के बाद वर्षों से उनकी भूमि पर जलभराव की समस्या निरंतर बनी हुई है। जिसके चलते उपजाऊ भूमि होने के बावजूद वे अपनी जमीन पर खेती नही कर पा रहे।

केंद्रीय मंत्री ने किसानों की समस्या को सुनने के उपरांत जीएमडीए के अधिकारियों से जलभराव की समस्या के समाधान के लिए किए जा रहे उपायों की भी जानकारी मांगी। जीएमडीए के मुख्य अभियंता राजेश बंसल ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि दिल्ली सीमा में बांध बनने व नाले की छंटाई ना होने के चलते नाले में जल का प्रवाह काफी धीमा है। इस कारण नाले का पानी ओवरफ्लो होकर किसानों की भूमि पर भर रहा है। श्रीबंसल ने बताया



जीएमडीए द्वारा दिल्ली बांध के साथ साथ हरियाणा की सीमा में भी ऐसा ही बांध तैयार करने की रूपरेखा तैयार की गई है। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद जो भी पानी किसानों की भूमि पर खड़ा है, उसे दोनों बांधों के बीच बनने वाले नाले में आसानी से छोड़ा जा सकेगा। इस दौरान किसानों ने राव से आग्रह किया कि जब तक उनकी जलमग्न भूमि की समस्या का कोई स्थायी समाधान ना हो तब तक उन्हें हरियाणा सरकार से प्रत्येक वर्ष जलभराव की एवज में मुआवजा राशि दिलवाई जाए। केंद्रीय मंत्री ने किसानों को आश्वस्त किया कि वे स्वयं इस विषय में मुख्यमंत्री से बात कर समस्या के स्थायी समाधान पर चर्चा करने के साथ साथ किसानों की मुवावजे की मांग की भी पैरवी करेंगे।

# जीरो डोज में सुधार को स्वास्थ्य विभाग उठाए सख्त कदम

कविता। फरीदाबाद

**जन्म** के बाद नवजात को बीसीजी, हेपेटाइटिस बी का इंजेक्शन व पोलियो खुराक न पिलाने वाले अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। टीकाकरण में लापरवाही करने वाले अस्पतालों पर 500 रुपये जुर्माना किया जाएगा। टीबी, काला पीलिया व पोलियो की रोकथाम के लिए यह कदम उठाया है। शहर के प्राइवेट अस्पताल व स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों में हर साल हजारों बच्चे जन्म लेते हैं। टीकाकरण को लेकर नई गाइडलाइन पहुंच गई है।

## टीकाकरण में लापरवाही करने वाले अस्पतालों पर जुर्माना किया जाएगा

**नई गाइडलाइन को लेकर बैठक :** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और चिकित्सा प्रभारियों की एक मासिक समीक्षा बैठक बृहस्पतिवार को हुई। उसमें कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जिला सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता ने दिये। बैठक में जीरो डोज की स्थिति में सुधार लाने के लिए निजी और सरकारी अस्पतालों व स्वास्थ्य केन्द्रों में 24 घंटे के भीतर टीका लगवाने के आदेश भी जारी किए हैं। नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। मासिक समीक्षा बैठक में सीमएओ डॉ. विनय गुप्ता के अलावा डिप्टी सीमएओ डॉ. राजेश श्योकंद, डॉ. एके यादव, डॉ. सुशील कुमार अहलावत, डॉ. रचना, डॉ. मान सिंह, डॉ. हरजिन्द्र और अन्य चिकित्सक मुख्य रूप से मौजूद रहे।


सीएमओं की अध्यक्षता में चिकित्सकों को निर्देश देते हुए डॉ. रचना, संग में डॉ. सुशील, डॉ. राजेश, डॉ. मान सिंह, डॉ. एके यादव, डॉ. हरजिन्द्र तथा अन्य।

**जीरो डोज जरूरी :** सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता ने बताया कि फिलहाल टीकाकरण के तहत जीरो डोज (तीनों टीके) की स्थिति में सुधार लाना बेहद जरूरी है। हेपेटाइटिस बी, पोलियो तथा बीसीजी के टीके नवजात बच्चों को 24 घंटे के अंदर लग जाने चाहिए। इसमें अगर बीसीजी का टीका नहीं भी लग पाया तो उसे 14 दिनों के अंदर नवजात को जरूर लगवाएं।

**आदेश किए जारी :** जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रचना ने बताया कि जीरो डोज का टीका जिले के सभी सरकारी अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों समेत क्लीनिक संचालकों को लगाने के निर्देश जारी किए हैं। यदि यह जीरो टीका अस्पताल में जन्म के बाद बच्चे को नहीं लगवाया जाता है तो उनके खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सख्त से सख्त कार्रवाई करते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से नोटिस जारी किया जाएगा। जिसके तहत अस्पताल पर जुर्माने का प्रवधान किया गया है।

# मृत डॉक्टर ससुर के नाम से क्लीनिक चला रहा झोलाछाप गिरफ्तार

## सीएम फ्लाइंग की टीम ने छापा डाल कर फर्जी डॉक्टर को रंगेहाथों पकड़ा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सीएम** फ्लाइंग की टीम ने एनएच दो में जैन ईएनटी एंड आई केयर नाम से अवैध रूप से क्लीनिक चलाकर लोगों के जीवन खिलवाड़ कर रहे एक झोलाछाप को पकड़ा है। डॉ. जैन की मौत के बाद उनका दामाद बिना डिग्री के उनके क्लीनिक पर लोगों का इलाज कर रहा था। टीम ने मौके पर मौजूद उपकरण और अन्य कागजातों को सील कर दिया है। थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।


क्लीनिक के बाहर खड़ी टीम के सदस्य

सीएम फ्लाइंग के डीएसपी राजेश चेची ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि जैन ईएनटी एंड आई केयर क्लीनिक में डॉ. ललित के नाम से जो व्यक्ति मरीजों को देखता है, उसके पास कोई डिग्री नहीं है। इस सूचना पर उन्होंने सब इंस्पेक्टर सतबीर सिंह, राजेन्द्र कुमार को स्वास्थ्य विभाग के एसएमओ डॉ. राजेश, डॉ. दीपक चौपड़ा और जिला पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. मान सिंह के साथ छापेमारी के लिए भेजा।


डॉक्टर बन मरीज के संग बैठा आरोपी ललित

**यह निकला मामला :** डॉ. मान सिंह ने बताया कि सीएम फ्लाईंग, स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने जैन ईनटी एंड आई केयर क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया। जिसमें क्लीनिक के अंदर कई मरीज बैठे हुए थे। एक कमरे के बाहर डॉ. आरके जैन एमबीबीएस, एमएस का बोर्ड लगा था। जिसमें डॉ ललित नाम का व्यक्ति मरीजों का इलाज कर रहा था। टीम के पुछताछ करने पर आरोपी ललित डाक्टर की वैध डिग्री मांगी। पहले तो ललित ने अपने आपको डॉक्टर बताने की कोशिश लेकिन मौका पर वह डॉक्टर की डिग्री/दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पूछताछ पर पाया कि ललित ने काफी डॉक्टरों के साथ काम किया है और डॉ. आरके जैन उनके ससुर थे। वह अपने अनुभव के आधार पर मरीजों को देखता है और दवाई देता है। संयुक्त टीम ने मौके पर इलाज करने के उपकरण व संबंधित दस्तावेज को अपने कब्जे में लेकर आरोपी ललित के खिलाफ थाना कोतवाली में केस दर्ज कराया जा रहा है।


आरोपी को गिरफ्तार करके ले जाती पुलिस।

# महिला की संदिग्ध हालात में मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप


महिला की मौत को लेकर हंगामा करते परिजन।

**फरीदाबाद।** सेक्टर 55 की राजीव कालोनी में रहने वाली एक महिला का शव उसके घर में फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। सूचना मिलने पर परिजनों ने हंगामा करते हुए ससुराल वालों पर धर्म परिवर्तन करवा कर शादी करने और बाद में दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। हंगामे के दौरान परिजनों की पुलिस से झड़प हो गई। जिसके कारण पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजीव कालोनी में किराए पर रहने वाले सुमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 24 वर्षीय बहन ट्विंकल ने करीब तीन साल पहले इसी कालोनी में रहने वाले शाहरूख से प्रेम विवाह किया था। उसकी बहन के दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। आरोपी शाहरुख और उसके परिजन धर्म परिवर्तन को मजबूर कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को एक युवक ने सुमित को सूचना दी ट्विंकल के साथ मारपीट की जा रही है। परिजन मौके पर गए तो पता लगा बहन को राजीव कालोनी स्थित पवन हॉस्पीटल ले जाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल में रखवा दिया है।

# बल्लभगढ़ में धूमधाम से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस : एसडीएम

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ

**एसडीएम** त्रिलोक चंद ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उपमंडल स्तर पर बल्लभगढ़ में 74वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। एसडीएम त्रिलोक चंद उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की जिम्मेदारी की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जिन विभागों के अधिकारियों जो भी दायित्व मिला है उसे पूरी निष्ठा के साथ निर्धारित समय पर पूरा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल दशहरा ग्राउंड में 24 जनवरी को आयोजित की जाएगी। वहीं तहसीलदार भूमिका लांबा को फुल ड्रेस रिहर्सल की नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। एसडीएम त्रिलोक चंद ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हर वर्ष की तरह इस बार भी 26 जनवरी को उपमण्डल स्तरीय 74 वें गणतंत्र दिवस समारोह बड़ीधूमधाम से मनाया जाने के लिए विभागवार जिस भी अधिकारी जो जिम्मेदारी तय की गई है, उसे निर्धारित समय पर बेहतर तरीके के साथ अन्य विभागों के अधिकारियो और कर्मचारियों के तालमेल करके पूरा करना सुनिश्चित करें। उपमण्डल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह स्थानीय दशहरा ग्राउंड में मनाया जाएगा।


बल्लभगढ में गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियो की बैठक को संबोधित करते एसडीएम त्रिलोक चंद।

# मानव रचना को सर्वश्रेष्ठ संस्थान का मिला अवार्ड

## लेफ्टिनेंट जनरल आरके आनंद, महानिदेशक, एमआरआईआईआरए स ने पुरस्कार प्राप्त किया

## फ्यूचर ऑफ मैनेजमेंट एजुकेशन कॉन्क्लेव 2023 के दौरान दिया गया पुरस्कार

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**बिज़नेस** वर्ल्ड एजुकेशन द्वारा हाल ही में आयोजित फ्यूचर ऑफ मैनेजमेंट एजुकेशन कॉन्क्लेव 2023 में मानव रचना एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस को बेस्ट यूज ऑफ डिजिटल टेक्नोलॉजी अवॉर्ड दिया गया। यह पुरस्कार शिक्षा देने और मानव रचना कॉलेज और स्कूल परिसर को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के लिए उन्नत और स्मार्ट प्रौद्योगिकी के उपयोग का प्रमाण है। यह पुरस्कार मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल आरके आनंद ने प्राप्त किया।

कॉन्क्लेव का विषय शेपिंग फ्यूचर एंटरप्रेन्योर्स था। इसमें 50 से अधिक निदेशकों, प्रबंधन शिक्षा के नेताओं, और हायरिंग मैनेजर्स ने भाग लिया, जिन्होंने आज के समय की प्रबंधन शिक्षा में चुनौतियों, प्रतिस्पर्धी बाजार के लिए छात्रों को तैयार करने और छात्रों और फैकल्टी के लिए समान रूप से सीखने और कौशल के महत्व पर चर्चा की। कॉन्क्लेव में नेताओं ने भारत में विदेशी शिक्षा संस्थानों के बारे में चर्चा की, जो भारतीय शिक्षा संस्थानों, शिक्षकों, प्रबंधन और छात्रों के लिए एक बड़ा बदलाव लाएगा, जबकि इसे भारत को एक वैश्विक प्रबंधन शिक्षा हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी माना गया है।


बिजनेस वर्ल्ड एजुकेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कार प्राप्त करते मानव रचना एजुकेशन के महानिदेशक आरके आन्नद।

# नए कॉलेजों का निर्माण यथाशीघ्र हो सुनिश्चित

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद में चल रहे विभिन्न नए कालेजों के निर्माण का कार्य यथाशीघ्र पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कॉलेजों की नई इमारतें सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सभी नॉर्म्स आधुनिक तकनीक से परिपूर्ण हो और उसमें किसी भी प्रकार की कोई भी तकनीकी कमी नहीं रहनी चाहिए। डीसी बीती शाम लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में कॉलेजों के प्रिंसिपल व पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विभाग के अधिकारियों को यह दिशा निर्देश दे रहे थे। डीसी ने एक-एक करके बल्लभगढ़, मोहना, नचौली तथा फरीदाबाद में नव निर्माणाधीन कॉलेजों की बिल्डिंगों की विस्तार पूर्वक जानकारी ली। पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विभाग के तकनीकी अधिकारियों ने बताया कि मोहना और नचौली के कॉलेजों का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। वहीं बल्लभगढ़ में भी यथाशीघ्र पूरा कर दिया जाएगा।

# सूरजकुंड मेले की टिकटों पर लगेगा होलोग्राम : एमडी सिन्हा

## पिछली बार से दोगुनी होगी, विदेशी मेहमानों की संख्या, 45 देशों के कलाकार भाग लेंगे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पर्यटन** विभाग के प्रधान सचिव एमडी सिन्हा ने कहा कि तीन फरवरी से शुरू होने वाला अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेला इस बार अन्य वर्षों की अपेक्षा ज्यादा भव्य व विशाल होगा। उन्होंने कहा कि मेले में बड़ी संख्या में पर्यटकों के आगमन को देखते हुए इस बार मेले में टिकटों की बिक्री में पारदर्शिता पर पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक टिकट पर होलोग्राम लगाया जाएगा। इससे न तो डुप्लीकेट टिकट तैयार होगी और न ही फोटोस्टेट हो सकेगी। सिन्हा शुक्रवार को होटल राजहंस में अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेला की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों की समीक्षा मीटिंग आयोजित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जी-20 समिट के चलते इस बार मेले में विदेशी मेहमानों की संख्या दोगुनी होगी। ऐसे में एंबेसेडर मीट दो दिन होगी। जी-20 से संबंधित देशों के राजदूत 9 फरवरी को आएंगे और एससीओ से संबंधित देशों के राजदूतों के दौरे के लिए जल्द ही तिथि घोषित कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सूरजकुंड मेला हमारे देश की मजबूत सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। ऐसे में हमें मेले में किसी भी तरह की तैयारियों को लेकर कमी नहीं रखनी है। उन्होंने कहा कि मेले में इस बार 45 देशों के विदेशी कलाकार हिस्सा लेंगे जिससे विदेशी कलाकारों की संख्या भी पिछले वर्षों की अपेक्षा दोगुनी रहेगी। उन्होंने बताया कि नॉर्थईस्ट के आठ स्टेट हिस्सा ले रहे हैं। ऐसे में इन सभी राज्यों से कलाकार आएंगे। इसके साथ ही वीआईपी भी ज्यादा संख्या में रहेंगे। इनमें नॉर्थईस्ट के आठ राज्यों के मुख्यमंत्री व राज्यपाल भी आएंगे।

उन्होंने बताया कि इस दौरान एक दिन विदेशी पत्रकारों का एक दल भी सूरजकुंड मेला परिसर का भ्रमण करेगा। उन्होंने मेले के दौरान पार्किंग व्यवस्था अतिरिक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने जीएम रोडवेज को निर्देश दिए कि प्रातः आठ बजे से फरीदाबाद, आईएसबीटी दिल्ली व गुरुग्राम से लगातार बसों के फेरे मेला परिसर के लिए लगाए जाएंगे। मीटिंग में पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, उपायुक्त विक्रम सिंह, एचएसवीपी प्रशासक डा. गरिमा मित्तल, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त अभिषेक मीणा, डीसीपी नितीश अग्रवाल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, सीटीएम अमित मान, पर्यटन विभाग के जीएम यूएस भारद्वाज, एजीएम हरविंद्र सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



सूरज कुंड मेला को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते पटर्यन विभाग के प्रधानसचिव एमडी सिन्हा।

# ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों को समय पर पूर्ण करें

**फरीदाबाद।** ग्रामीण विकास विभाग के निदेशक एवं सचिव संजय जून ने कहा कि जिला के ग्रामीण आँचल में चल रहे विभिन्न विकास परियोजनाओं को समयानुसार पूरा कराया जाए जिससे कि उसका लाभ आमजन को समय पर मिल सके। विकास कार्यों की गुणवत्ता का भी अधिकारी विशेष ध्यान रखें। संजय जून शुक्रवार को सीईओ जिला परिषद के कार्यालय में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। ग्रामीण विकास विभाग के निदेशक एवं सचिव संजय जून ने जिला में मनरेगा व अमृत सरोवर के तहत हो रहे कार्यों तथा तालाबों के जीर्णोद्धार कार्य की भी बारीकी से समीक्षा की व उपस्थित अधिकारीयों व कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर योजना सरकार की महत्त्वपूर्ण योजना है तथा इस योजना से जल संरक्षण के कार्य में काफी सहायता मिलेगी व गाँवों में रह रही आबादी के लिए जल आपूर्ति का अच्छा साधन साबित होगी। जिला परिषद की सीईओ सुमन भाकड़ द्वारा बताया गया कि ओडीएफ-2 के तहत कार्य तेज़ी से किया जा रहा है तथा अबतक 78 प्रतिशत ग्राम पंचायतों में इस योजना के तहत कार्य किया जा चुका है।

# 90 लाख की से बनेगी ओम एन्कलेव की सड़क : नागर



**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र में आने वाले ओम एनक्लेव में सडक् निर्माण पर करीब 90 लाख रुपये की लागत आएगी, इसके साथ ही अन्य सडक़ों का निर्माण कार्य भी तेज गति से चल रहे हैं। यह बात विधायक राजेश नागर ने निर्माण कार्य शुरु करवाते हुए कही।

इस अवसर पर स्थानीय बुजुर्ग के हाथों नारियल फुड़वाया गया वहीं स्थानीय जनता ने भी विधायक का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर नागर ने कहा कि हम तिगांव विधानसभा क्षेत्र को पूरी तरह से गड्ढा मुक्त करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता का पैसा जनता की सुविधा के लिए लगाया जा रहा है। उन्होंने सभी लोगों का धन्यवाद व्यक्त किया।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि हम आम जनता का जीवन सरल और सुविधायुक्त बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि केवल ओम एन्केलव की सडक् नहीं बल्कि आपके क्षेत्र में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से करीब ढाई करोड़ रुपये के विकास कार्य तो अभी चल रहे हैं। हमें क्षेत्र के विकास के लिए ग्रांट मिल रही है जिसके नतीजे आपको दिखाई दे रहे हैं। क्षेत्र में एक बिजली का सब स्टेशन बनकर लगभग तैयार है जिससे गर्मियों में दिक्कत भी दूर हो जाएगी। क्षेत्र में परिवहन विभाग की बसें भी चलने स आवागमन सुविधायुक्त हो गया है। इसके साथ ही अमृत योजना के तहत आपके क्षेत्र में गलियों, नालियों और सीवर के कार्य की योजनाएं बनने लगी हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता गिर्राज शर्मा, बासुदेव भारद्वाज, कुलदीप गुप्ता, शीशराम अवाना, लोकेश बैंसला, भारती भाकुनी, ठाकुर बृजेश ड्क्षसह, लाल मिश्रा, जेपी गौड, शाहू प्रधान, उत्कर्ष गर्ग, देवेन्द्र आलम, जगेश खटाना, प्रभात झा, सुरेन्द्र सिंह, जगवीर सिंह, प्रभाकर झा, सविन्द्र सिंह, जागीर सिंह, दिलीप सिंह प्रधान, मोहित चौधरी, सहीराम, रूपा वर्मा, अमित भारद्वाज आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## सोतई में नहीं बनने देंगे कूड़ा निस्तारण प्लांट : जसवंत



**फरीदाबाद।** बंधवाड़ी में बना कूड़ा निस्तारण प्लांट अब आईएमटी एरिया के गांव सोतई में बनने जा रहा है मार्च में यह प्लांट शुरू किया जा सकता है। जैसे ही सोतई गांव के आसपास के ग्रामीणों और गांववासियों को इस बारे में पता चला तो चारों और सरकार के इस फैसले के खिलाफ इलाके में भारी रोष है। जिसको लेकर आज चंदावली मछगढ़ दयालपुर सोतई के लोगों, महिलाओं और बच्चों ने हरियाणा सरकार के खिलाफ आईएमटी में विरोध प्रदर्शन किया। चंदावली निवासी समाजसेवी जसवंत पवार ने बताया कि फरीदाबाद का प्रतिदिन 850 टन कूड़ा बधवाडी में फेंका जाता है लेकिन अब बधबाड़ी प्लांट बंद होने वाला है इस प्लांट को अब आईएमटी एरिया में बनाने की योजना है। जिससे कि आईएमटी के चारों तरफ बदबू फैलने की आशंका है। आईएमटी में बाहर से आई सैकड़ों कंपनियां है। डंपिंग यार्ड बनने से कंपनियों के अंदर भय का माहौल है। आईएमटी में इसको बनने से उद्योग कंपनियों को भारी नुकसान और उद्योग धंधे ठप होने की आशंका है। जिसके कारण आईएमटी एसोसिएशन और सभी कंपनियां इस डंपिंग यार्ड के विरोध में उतर गए हैं और सभी उद्योगपतियों ने कहा है कि इस डंपिंग यार्ड के आईएमटी में बनने से उद्योग धंधे बिल्कुल ठप हो जाएंगे। जिसका असर पूरे फरीदाबाद के उद्योग धंधों पर पड़ेगा। गांव मच्छगर से स्त्री शक्ति पहल की अध्यक्ष पूनम सिनसिनवार ने कहा कि डंपिंग यार्ड बनने से आसपास के स्कूल, कॉलेज, मकान और पर्यावरण पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। इसलिए सरकार को यह डंपिंग यार्ड आबादी से बहुत दूर बनाना चाहिए। सिनसिनवार ने कहा कि अगर सरकार जल्द अपना फैसला वापस नहीं लेती है तो हम पूरी महिला शक्ति के साथ आंदोलन करेंगे। इस मौके पर योगिता निरयाला, हेमलता अटाली, कीर्ति दयालपुर, कर्मवीर मच्छगर, सुरेंद्र तेवतिया सोतई, राजकुमार चंदावली, बृजेंद्र ठेकेदार, मदन गोपाल मौजूद रहे।

## स्मैक की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराध में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 प्रभारी जोगिंद्र सिंह की टीम ने एक अवैध नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम ताहिर है। आरोपी मूल रुप से दिल्ली के इन्द्रापुरी का रहने वाला है। आरोपी वर्तमान में फरीदाबाद के गांव बडखल का रह रहा है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर-48 से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 6.01 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना एसजीएम नगर में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने पैसे कमाने के लालच मे आकर अवैध नशा तस्करी करने लगा। आरोपी स्मैक को दिल्ली किसी व्यक्ति से 12000/-रु में खरीद कर लाया था। आरोपी को मामले में अधिक पूछताछ के अदालत के लिए अदालत में पेश कर 1 दिन का पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## स्पीड ब्रेकर की वजह से कार खंभे से टकराई



**फरीदाबाद।** स्पीड ब्रेकर के आने से कार की गति कम करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। पीछे से आ रहे कार चालक ने गाड़ी को टक्कर मार दी। जिससे वह डिवाईडर पर चढ़ गई और खंभे से टक्करा गई। गाड़ी की टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह से खंभे से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई। कार चालक रितेश गुप्ता ने बताया कि वह एकॉर्ड हॉस्पिटल वाली सड़क पर चल रहे थे। उसी दौरान रेडलाइट से कुछ दूर पहले एक स्पीड ब्रेकर आ गया। जैसे ही उन्होंने गाड़ी को स्पीड ब्रेकर पर स्लो किया। उसी दौरान पीछे से आ रही एक सफेद रंग की कार के चालक ने ब्रेक लगाते हुए रोकने का प्रयास किया। तब तक उसकी गाड़ी ने पीछे से बुरी तरह से टक्कर मार दी। जिससे उनकी गाड़ी स्पीड स्लो होने के कारण डिवाइडर को तोड़कर खंभे से जा टकराई। हालांकि इस हादसे में दोनो चालकों को चोट नहीं लगी है। जिस कारण दोनों ने मुकदमा दर्ज नहीं करवाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनो की जांच के बाद कारों को घटनास्थल से हटवा दिया।

## नशे में धुत्त युवकों ने ढाबे संचालक से की मारपीट

**फरीदाबाद।** एक ढाबा संचालक के साथ कुछ युवकों ने कल्याण सिंह चौक पर डंडों से हमला कर दिया। ढाबा संचालक के कर्मचारियों पर भी बीच बचाव कराने पर आरोपियों ने डंडों से वार किए। घायलों का बीके अस्पताल से मेडिकल कराया गया। थाना कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी जानकारी के मुताबिक एनआईटी-एक बी ब्लाक निवासी वैभव वाधवा ने बताया कि उनका कल्याण चौक पर ढाबा है और वह बृहस्पतिवार रात को अपने ढाबे पर बैठे हुए थे। उसी दौरान पांच-सात युवक नशे की हालत में गाली-गलौज करते हुए ढाबे पर आ गए। उन्होंने वैभव और ढाबे पर काम करने वाले युवकों से खाने-पीने का सामान मांगा। इससे की उनके बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि उन युवकों ने वैभव पर डंडों से हमला कर दिया। बीच बचाव कराने लगे कर्मचारियों को भी आरोपियों ने बख्शा नहीं। आरोप है कि हमलावरों ने ढाबे में रखे 15-20 हजार रुपये निकाल लिए। इस हमले में वैभव का सिर फट गया और कर्मचारियों को काफी चोट आई। घायलों का ईलाज कराया गया। पीड़ित ने हमलावरों की पहचान चिराग सहगल, ईशान साहनी, तरुण खत्री, गौरव व इशु और नन्री के रूप में की है। हमलावरों ने घायलों को जान से मारने की धमकियां दी, लेकिन आरोपी गिरफ्त से बाहर हैं।

## शारदा मित्तल को मिली सहोदरी रत्न की उपाधि



**फरीदाबाद।** विश्व हिंदी दिवस मॉरीशस के महात्मा गांधी संस्थान में हुए नौवें विश्व हिंदी अधिवेशन में हरियाणा की निवासी शारदा मित्तल को उनके शोध पत्र के लिए सहोदरी रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन मॉरीशस के राष्ट्रपति माननीय पृथ्वीराज सिंह रूपन द्वारा किया गया। महात्मा गांधी संस्थान के महानिदेशक राजकुमार रामप्रताप तथा निर्देशिका विद्योत्तमा कुंजल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिती से कार्यक्रम को नए आयाम प्रदान किए। मॉरीशस के मूर्धन्य विद्वान लेखक रामदेव धुरंधर ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद दिया। सभी वक्ताओं ने अपने व्याख्यानों तथा काव्य पाठ द्वारा हिंदी भाषा के उत्थान पर गहन विचार विमर्श भी किया। शारदा मित्तल, प्रीति मिश्रा, स्मिता मिसरा को मॉरीशस नेशनल रेड़ियों पर एक घंटे का लाइव कार्यक्रम साहित्य दर्पण में श्रोताओं के रुबरू होने का, काव्य पाठ करने का सुअवसर मिला साथ ही श्रोताओं की ढेर सारी वाहवाही भी। इस यात्रा में विश्व हिंदी सचिवालय देखना वहाँ के कार्यकर्ताओं से मिलना तथा उपनिदेशक माधुरी रामधारी जी से भेंट एवं वार्तालाप विशेष उल्लेखनीय है। दोनों संस्थानों ने कॉलिज के विद्यार्थियों के शोधार्थ अपने विशाल पुस्तकालय में रखने के लिए भारत से गये लेखकों की पुस्तकों की मांग की। वहाँ के निवासी मॉरीशस को छोटा भारत कहते हैं। सच ही तो है मॉरीशस का स्वरूप बदलने वाले हमारे बिहार और उत्तरप्रदेश के लोग ही तो हैं , जिन्होंने वहाँ भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति को ज़िन्दा रखा है। सभी त्योहार बडे उल्लास ,भारतीय वेशभूषा व परम्परा से मनाए जाते हैं ।

# केसीआर की रैली

## समन्वय का अभाव

**तेलंगाना** के मुख्यमंत्री के. सी. राव ने खम्माम में विपक्षी रैली आयोजित की, पर उनके प्रयास में समन्वय का अभाव दिखा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव केन्द्र की सत्ता से भारतीय जनता पार्टी को हटाने का सपना देख रहे हैं। इसके लिए वे पहले 'राष्ट्रीय' होना चाहते हैं और उन्होंने अपनी पार्टी तेलंगाना राष्ट्र समिति का नाम बदल कर भारत राष्ट्र समिति कर लिया। इसके पहले उन्होंने बिहार के अपने समकक्ष नीतीश कुमार से हाथ मिलाने का प्रयास किया था, पर इसका कोई नतीजा नहीं निकला। लेकिन इससे निरुत्साहित होने के बजाय केसीआर ने बुधवार को हैदराबाद के खम्माम में एक रैली का आयोजन किया जिसमें आम आदमी पार्टी–आप सुप्रीमो व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव व भाकपा के डी. राजा ने भाग लिया। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ जेडीएस नेता एच.डी. कुमारास्वामी रैली में भाग नहीं ले सके। बिहार के मुख्यमंत्री की रैली में उपस्थिति पर सबने गौर किया जिसके लिए उन्होंने एक निरर्थक बहाना बना दिया। उन्होंने कहा कि मुझे रैली के बारे में 'पता नहीं था। मैं दूसरे काम में व्यस्त था। जिनको उनकी पार्टी की रैली में आमंत्रित किया गया था उनको जरूर जाना चाहिए था।' आखिरकार नीतीश इतने महत्वपूर्ण राजनीतिक आयोजन से अनजान रहने का बहाना कैसे बना सकते हैं? उन्होंने स्वयं कहा था, केसीआर का भी सपना है कि वे 'विपक्षी नेताओं को एकजुट कर आगे बढ़ना चाहते हैं।'



नीतीश तथा अन्य क्षेत्रीय नेताओं की रैली में अनुपस्थिति महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे गैर-भाजपा पार्टियों में तत्काल एकजुटता व एकता की कमी रेखांकित होती है।

विपक्षी दलों को एकजुट करने के अनेक प्रयास अस्थाई हैं और आश्चर्य नहीं कि इनके नतीजे तात्कालिक व अनिश्चित होते हैं। कुछ महीने पहले केसीआर ने पटना में नीतीश कुमार से मुलाकात की थी, लेकिन इससे कुछ हासिल नहीं हुआ क्योंकि वे समन्वित रूप से एक प्रेस कान्फ्रेंस को भी संबोधित नहीं कर सके। सभी विपक्षी गैर-भाजपा मोर्चा बनाना चाहते हैं, लेकिन उसका मूलाधार स्पष्ट नहीं है। विवाद का एक बड़ा कारण प्रस्तावित गठबंधन में कांग्रेस की उपस्थिति है। वर्तमान बदहाली के बावजूद कांग्रेस का वोटों में 17 प्रतिशत हिस्सा है। हर आदमी यही पूछ रहा है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी-कांग्रेस प्रस्तावित 'महागठबंधन' का हिस्सा होगी या नहीं? यदि हां तो उसकी भूमिका क्या होगी? क्या कांग्रेस समान दलों में प्रथम होगी? अथवा यह गठबंधन का नेतृत्व करेगी? देश के प्रमुख भाजपा-विरोधी नेताओं को अभी इन सवालों के जवाब देने हैं। समान रूप से यह भी महत्वपूर्ण है कि वे कौन सी नीतियां पसंद करेंगे। रैली में केसीआर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति निजीकरण है, जबकि 'हमारी नीति राष्ट्रीयकरण है।' इससे पूर्व-उदारीकरण युग की नीतियों की ओर झुकाव दिखता है, जबकि उस युग में उद्यमिता की भावना को समाजवादी नियमों व विनियमों से कुचल दिया गया था। भले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की आर्थिक नीतियों में सबकुछ सही न हो, पर ये उन सुधारों की संगति में हैं जिनकी शुरुआत प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव की सरकार ने 1991 में की थी। बाद की सरकारों ने इन सुधारों का कमोबेश अनुसरण किया है। इस पृष्ठभूमि में देखने पर राष्ट्रीयकरण पर केसीआर का जोर अत्यन्त आश्चर्यजनक लगता है। केसीआर व अन्य विपक्षी पार्टियों को एकजुटता के लिए ज्यादा बेहतर प्रयास करने होंगे। इसके साथ ही उनको 'नीतियों' पर अपनी प्राथमिकतायें जनता के समक्ष स्पष्ट करनी होंगी। आखिरकार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दसवें स्थान से प्रगति कर अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

# उर्वरक सब्सिडी घटाने के प्रयास

सरकार द्वारा की गई पहलों से उर्वरक सब्सिडी घटाने में ज्यादा सफलता की उम्मीद नहीं है। इसमें आमूल परिवर्तन जरूरी हैं।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के रास्ते पर वापस लौटने तथा राजकोषीय घाटे को वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी के 5.9 प्रतिशत पर लाने की इच्छा वाली केन्द्र सरकार को प्रमुख सब्सिडियों पर लगाम लगानी होगी। वित्त वर्ष 2022-23 में ये जीडीपी की 6.4 प्रतिशत हो गई हैं। सरकार उर्वरक सब्सिडी घटा कर वित्त वर्ष2023-24 में 140,000-150,000 करोड़ करना चाहती है जो वर्तमान वित्त वर्ष में लगभग 250,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गई हैं। क्या उसके प्रयासों के नतीजे निकलेंगे? क्या वह केवल अंतरराष्ट्रीय उर्वरक मूल्यों के कम होने की प्रतीक्षा कर रही है? उर्वरक सब्सिडी का अर्थ निर्माताओं या आयतकों को उत्पादन-आयात पर वितरण की तुलना में अधिक खर्च की भरपाई है। उसे केन्द्र सरकार के आदेश पर किसानों से कम न्यूनतम खुदरा मूल्य-एमआरपी पर उर्वरक बेचने पड़ते हैं। प्रति टन उत्पादित या आयातित उर्वरकों पर सब्सिडी का अर्थ सप्लाई के खर्च तथा एमआरपी के बीच अंतर के सिवा और कुछ नहीं है। एक वर्ष में कुल उर्वरक बिक्री से गुणा करने पर औसत सब्सिडी भुगतान बजट से प्रदर्शित होते हैं। हालांकि, उर्वरक बिक्री मुख्यत: मांग पर आधारित है जिसका संबंध मौसम, विभिन्न फसलों का बुआई क्षेत्रफल, प्रति हेक्टर उर्वरक प्रयोग, आदि से है। लेकिन दो अन्य आयाम-एमआरपी तथा सप्लाई पर खर्च भी महत्वपूर्ण हैं। जहां तक एमआरपी का सवाल है, इसमें वृद्धि के भारी राजनीतिक प्रभाव हो सकते हैं। 2013 में होने वाले कई विधानसभा चुनावों तथा 2024 के आम चुनावों को देखते हुए सरकार इसमें थोड़ी वृद्धि के बारे में भी नहीं सोच सकती है। ऐसे में सब्सिडी में 100,000 करोड़ से अधिक कमी के लिए कीमतों में ज्यादा वृद्धि का सवाल ही नहीं उठता है।

जहां तक सप्लाई पर खर्च का सवाल है, भारत आयात पर अत्यधिक निर्भर है। भारत की आवश्यकता का लगभग 50 प्रतिशत डाई-अमोनियम फास्फेट-डीएपी आयात किया जाता है, जबकि म्यूरेट आफ पोटाश-एमओपी के मामले में आयात पर निर्भरता 100 प्रतिशत है। इसी प्रकार डीएपी व अन्य गैर-यूरिया उर्वरकों के निर्माण में प्रयोग होने वाले कच्चे माल में शामिल सभी फास्फोरिक एसिड व अधिकांश अमोनिया का आयात होता है। मांग की लगभग एक-तिहाई यूरिया का भी आयात होता है। दो-तिहाई की घरेलू सलाई के बावजूद भारत की प्राकृतिक गैस-एनजी पर आयात निर्भरता उसकी आवश्यकता की कम से कम एक तिहाई है। कुल पोटाश आयात का भारत लगभग 50 प्रतिशत रूस और बेलारूस से करता है। रूस, बेलारूस व यूक्रेन कुल मिला कर 20 प्रतिशत फास्फोरिक एसिड आयात के स्रोत हैं। इसके साथ ही भारत 15 प्रतिशत अमोनिया रूस से आयात करता है जहां से प्राकृतिक गैस-एनजी का 10 प्रतिशत आयात भी होता है।

भारतीय डीएपी आयात का लगभग 60 प्रतिशत चीन और सऊदी अरब से होता है। यूरिया के मामले में भारतीय आयात का एक तिहाई से अधिक यूरिया चीन से आता है। रूस की सैनिक कार्रवाई से पैदा युद्ध व उसके कारण लगे प्रतिबंधों के फलस्वरूप उस क्षेत्र से सप्लाई में बाधा आई है और दोनों उर्वरकों तथा उनके उत्पादन में प्रयोग होने वाले कच्चे माल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। इन सब बढ़ी कीमतों को केन्द्र ने सहन किया है। इसके परिणामस्वरूप जहां 2022-23 में सभी उर्वरकों के एमआरपी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, सब्सिडी में भारी वृद्धि हुई है। बदलती भू-राजनीतिक स्थितियों तथा टकराव में नाटो देशों के शामिल होने के बाद सैनिक स्थिति जटिल होती जा रही है। इस कारण रूस-यूक्रेन युद्ध थमने के बजाय इसके कमजोर पड़ने के भी कोई आसान नहीं नजर आ रहे हैं। ऐसे में लगता है कि वर्ष 2023 के अंत तक युद्ध समाप्त नहीं होगा। इसलिए उर्वरकों की वैश्विक सप्लाई की स्थिति सुधरने या इनकी कीमतों में कमी की संभावना बहुत कम है। सरकार सप्लाई के अन्य स्रोत तलाशने के प्रयास कर रही है। उदाहरणार्थ, कनाडा, इस्राइल, जार्डन, आदि से ज्यादा एमओपी तथा सऊदी अरब व मोरक्को से ज्यादा डीएपी खरीदी जा रही है। लेकिन इन प्रयासों से केवल उपयुक्त सप्लाई सुनिश्चित करने में सहायता मिली है, पर कीमतें घटाने पर इसका ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ा है।

इस बीच रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडलों ने प्रमुख सप्लायर देशों से दीर्घकालीन समझौतों के प्रयास किए हैं। ये स्वागत योग्य प्रयास हैं, लेकिन शायद इनका समय उचित नहीं है। जब वैश्विक सप्लाई परिदृश्य की स्थिति जटिल है तो भारत को इच्छी कीमतें नहीं मिल सकती हैं। हालांकि, दीर्घकालीन खरीद समझौतों से वर्तमान उच्च दरों में थोड़ी राहत मिल सकती है। जहां तक एनजी का सवाल है, सरकार कई विकल्पों पर काम कर रही है। उसने 'बेहतर कीमतों पर ईंधन खरीदने वाली कंपनियों को प्रोत्साहन देने' की योजना बनाई है ताकि उर्वरक उत्पादकों की ओर से ईंधन व गैस एक्सचेंज से एग्रीगेटर के माध्यम से खरीद हो सके। 2015 से केन्द्र सभी यूरिया प्लांटों को एनजी सप्लाई की पूलिंग कर रहा है जिनको समान मूल्य पर राष्ट्रीय ग्रिड-यूडीपी से जोड़ा गया है। इससे जहां अलग-अलग इकाइयां अपनी संबंधित खर्च पर सप्लाई करती हैं, गेल इंडिया लिमिटेड जैसा पूल आपरेटर हर महीने के शुरू में यूडीपी की घोषणा करता है। इसके बाद अंतर को देखते हुए किसी इकाई को यूडीपी से कम पर भुगतान की व्यवस्था हो सकती है, जबकि दूसरी इकाई को ज्यादा देना पड़ सकता है।


इस योजना में यूरिया निर्माता को कम कीमत पर गैस खरीदने का कोई प्रोत्साहन नहीं मिलता है, जबकि अधिक कीमत देने वाले को हतोत्साहित नहीं किया जाता है। इसलिए 'बेहतर कीमतों पर ईंधन खरीदने वाली कंपनियों को प्रोत्साहन' की बात सटीक नहीं उतरती है। भारतीय उर्वरक उत्पादकों की ओर से एक एग्रीगेटर द्वारा ईंधन खरीदने की बात उपयुक्त नहीं लगती है क्योंकि मांग के आधार पर वैश्विक सप्लायरों से लेनदेन किए जाने की शक्ति पैदा होती है।

लेकिन उर्वरक मंत्रालय-डीओएफ के समन्वय से गेल इंडिया लिमिटेड यह आंकलन करती है कि संभावित मांग तथा आयातित एलएनजी में कमी को वर्तमान स्रोतों से कैसे पूरा किया जाए। गैस एक्सचेंज से एनजी खरीदना भी लाभदायक नहीं होगा। इसका कारण है कि एक्सचेंज से बहुत कम मात्रा में व्यापार होता है। सरकार को उम्मीद है कि नैनो द्रव यूरिया या नैनो कणों के रूप में यूरिया की खपत से लाभ होगा। परंपरागत यूरिया की तुलना में यह पौधों को द्रव रूप में नाइट्रोजन देती है। नैनो यूरिया की 500 मिली बोतल को परंपरागत यूरिया के 45 किलो बोरे के बराबर कहा जा रहा है। जहां 242 रुपये में यूरिया का एक बोरा बेचने पर 2,758 रुपये सब्सिडी देनी होती है, वहीं द्रव यूरिया बिना सब्सिडी के किसान को दी जाती है। परंरपरागत यूरिया के 45 किलो के बेरे में 46 प्रतिशत या बीस किलो 'एन' होती है, जबकि नैनो यूरिया की 500 मिली बोतल में 4 प्रतिशत या 20 ग्राम 'एन' होती है। इसके बावजूद दोनों को समान बताया जा रहा है। क्या 20 ग्राम नैनो यूरिया 20 किलो परंपरागत यूरिया के बराबर होगी? यदि नैनो यूरिया से भारत की उर्वरक सब्सिडी समस्या की पहेली का समाधान हो जाए तो यह एक चमत्कार होगा।

संक्षेप में कहा जाए तो सरकार द्वारा की गई पहलों का सब्सिडी पर इच्छित प्रभाव नहीं पड़ेगा। इस प्रकार 2023-24 तक सब्सिडी घटा कर 140,000-150,000 करोड़ रुपये तक लाने का लक्ष्य प्राप्त होना बहुत कठिन है। 2020-21 में बजट अनुमानों में उर्वरक सब्सिडी को 70,000 करोड़ रुपया बताया गया था, पर वास्तव में यह 138,000 करोड़ पहुंच गई। 2021-22 में बजट अनुमान 80,000 करोड़ रुपये था, पर वास्तव में यह 162,000 करोड़ पहुंच गई। 2022-23 में बजट अनुमान 105,000 करोड़ था, पर वास्तव में यह 250,000 करोड़ पहुंच गई। यदि वित्त मंत्री 2023-24 में बजट अनुमान 140,000-150,000 करोड़ रखती हैं तो यह केवल अतीत का दुहराव होगा। भारत को इस दुष्चक्र से तभी मुक्ति मिल सकती है, यदि सरकार बड़े सुधार करे। इनमें यूरिया मूल्य नियंत्रण समाप्त करना तथा किसानों को सीधे प्रत्यक्ष सब्सिडी हस्तांतरण-डीबीटी के माध्यम से सब्सिडी देना शामिल हैं। इससे सप्लायरों को खर्च घटाने, चोरी बंद करने तथा किसानों को उर्वरकों के बेहतर प्रयोग का प्रोत्साहन मिलेगा। लेकिन विडंबना है कि अभी ऐसी कोई संभावना नहीं नजर आ रही है।

# क्या टैक्स की दरों में बदलाव करेंगी वित्तमंत्री?

"यह सरकार का आखिरी पूर्ण बजट है। सरकार के समक्ष संतुलन स्थापित करने की चुनौती है।"



**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक एवं स्तम्भकार हैं)

इस सप्ताह की शुरुआत में, वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत में विशाल मध्यम वर्ग की आबादी के साथ एकजुटता व्यक्त की, क्योंकि वह अपना लगातार पांचवां बजट पेश करने के लिए तैयार हैं। वह राजनीतिक अर्थव्यवस्था के एक बड़े हिस्से को संबोधित करने की कोशिश कर रही थीं, जो तेजी से बढ़ रहा है, जिससे भारत दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ता बाजारों में से एक बन गया है।

भारत अपने 800 मिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के साथ दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल रूप से जुड़े लोकतंत्रों में से एक है, जो कई अमीर देशों को आत्म-संदेह की स्थिति में डाल सकता है। इस डिजिटल रूप से जुड़ी आबादी का अधिकांश हिस्सा भारत में मध्यम वर्ग के रूप में परिभाषित किया गया है, यानी, जिनके पास अपने मासिक खर्चों का ध्यान रखने के बाद खर्च करने योग्य आय है और इसलिए, पैसा अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर खर्च किया जा सकता है, जैसे यात्रा और अवकाश, आतिथ्य, मनोरंजन आदि।

सीतारमण अच्छी तरह से जानती हैं कि इस मध्य वर्ग का एक बड़ा हिस्सा वर्ष 2024 के लिए उनकी सरकार के लिए एक मतदाता आधार भी है। इसलिए, बड़े टिकट सुधारों के बिना, ग्रामीण और मध्यम वर्ग पर नज़र रखने वाले एक विवेकपूर्ण बजट की उम्मीदें, उचित लगती हैं।

आगामी बजट में सरकार द्वारा मुख्य रूप से सामाजिक, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में अधिक कैपेक्स पेश करने की संभावना है। इस प्रस्तावित पूंजीगत व्यय की योजना आम चुनाव से पहले महत्वपूर्ण एक वर्ष में अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए बनाई जा रही है।




फिर भी व्यय के लिए आवश्यक पूंजी सीमित है, सिवाय इसके कर संग्रह के लिए, जिसमें अब लगभग एक वर्ष के लिए महीने दर महीने उछाल आया है, सरकार के पास बहुत कम पैसा है। बाहरी दुनिया, मुख्य रूप से समृद्ध राष्ट्र (जो विश्व अर्थव्यवस्था के प्रमुख चालक हैं), यूक्रेन में युद्ध के पतन के रूप में ईंधन की लागत में वृद्धि के कारण उच्च मुद्रास्फीति की रिपोर्ट कर रहे हैं। उच्च मुद्रास्फीति ने इन सभी देशों के केंद्रीय बैंकों को बैंक दरों में वृद्धि करने के लिए मजबूर किया है। इसका मतलब है कि कई दशकों तक लगभग शून्य ब्याज दर होने के बाद अब कई फंड मैनेजर अपने स्थानीय बाजारों में निवेश करने के लिए आकर्षक दिख रहे हैं। पूंजीगत व्यय के लिए धन उत्पन्न करने का दूसरा तरीका परिसंपत्ति मुद्रीकरण या विनिवेश के माध्यम से हो सकता है। अब, आगामी वित्तीय वर्ष में त्वरित संपत्ति मुद्रीकरण के लिए सरकार की खिड़की सीमित है, क्योंकि यह राजनीतिक अर्थव्यवस्था से टकराएगा। सरकार ने पिछले दो बजटों में सार्वजनिक क्षेत्र के दो बड़े बैंकों के विनिवेश की मंशा जाहिर की है। लेकिन बैंक यूनियनों के कड़े प्रतिरोध को देखते हुए आगामी वित्तीय वर्ष में यह असंभव लगता है। कुछ राज्यों ने पुरानी पेंशन योजना को बहाल कर दिया है, जिससे उनकी आने वाली पीढ़ियों पर कई दशकों का वित्तीय बोझ पड़ रहा है। बैंकों के निजीकरण में सरकार के पास एकमात्र विकल्प आईडीबीआई हो सकता है, जो कुछ पैसे ला सकता है, बशर्ते बाजार की स्थिति सही हो और चीन सहित वैश्विक अर्थव्यवस्था आगे न गिरे। शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, कॉनकोर आदि के अन्य प्रस्तावित विनिवेश कुछ वर्षों से पाइपलाइन में हैं।

इसका मतलब यह है कि सरकार को चुनावी वर्ष में पूंजीगत व्यय को पूरा करने के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के माध्यम से राजस्व बढ़ाने के तीसरे विकल्प पर विचार करना पड़ सकता है, यानी 2023 में होने वाले प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनाव, उसके बाद 2024 में आम चुनाव।

यह हमें इस बात की ओर ले जाता है कि क्यों सीतारमण ने इस सप्ताह की शुरुआत में मध्यम वर्ग को हाइलाइट करने और सहानुभूति देने का विकल्प चुना। वह जानती हैं कि इस महत्वपूर्ण वर्ष के दौरान वे वेतनभोगी सहित मध्यम वर्ग के लिए कोई कर नहीं बढ़ा सकती हैं। उसे कुछ पैसे मतदाताओं के हाथ में देने होंगे। इसका अर्थ है प्रभावी संचालन और व्यक्तिगत आयकर दरों का संभावित पुन: अंशांकन।

वह निगमों के लिए करों में वृद्धि नहीं कर सकतीं, क्योंकि इससे निजी क्षेत्र के निवेश में और कमी आ सकती है। उनकी चुनौती चुनावी रूप से महत्वपूर्ण बजट में व्यक्तिगत उम्मीदों और एक मजबूत बजट के बीच एक स्वस्थ संतुलन बनाए रखने की होगी।

## आप की बात

### समझदार पहलवान

**कुश्ती** में भारत का नाम रोशन करने वाले भारतीय पहलवान अपनी मांग को लेकर दिल्ली जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। देश के लिये अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने वाले इन पहलवानों ने अपनी समझदारी का भी प्रदर्शन किया है। प्रदर्शन करते समय जब आंदोलनों में चिंगारी लगाने वाली वृंदा करात राजनीति करने मंच पर पहुँची तो पहलवानों ने उनको नीचे उतार दिया और कहा कि हम लोग अपनी समस्या के लिये यंहा प्रदर्शन कर रहें राजनीति के लिए। पहलवान बजरंग पुनिया ने कहा कि हमारे इस प्रदर्शन को राजनीतिक रूप देने की कोई जरूरत नही है, हम अपनी लड़ाई खुद लड़ेंगे। इन पहलवानों की ये समझदारी उन सबके लिये एक संदेश भी है जो किसी भी आंदोलन को अपनी राजनीति का शिकार बनाते हैं। देश मे लगातर किसी न किसी विषय को लेकर आंदोलन होते आये हैं और हो रहे है और आगे भी होते रहेंगे। अधिकतम आंदोलन इन स्वार्थी नेताओं की राजनीति का शिकार हो जाते हैं। पहलवानों के इस प्रदर्शन पर भी भारत के लालची लोगों की निगाह पड़ गई है। अपना स्वार्थ सीधा करने के प्रयास में उनकी एंट्री होने लगी हैं। उम्मीद है कि जल्द ही खिलाड़ियों को न्याय मिलेगा और देश खेलों की दुनिया भर में अपना झंडा गाड़ेगा।

***ललित शंकर***, गाजियाबाद

### हिंदू-विरोधी कृत्य

**बीते** दिनों कई बार ऑस्ट्रेलिया में मौजूद हिन्दू मंदिरों पर हमला किया गया। अब ये घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। कुछ दिनों पहले ऑस्ट्रेलिया में स्वामीनारायण मंदिर में हमला किया गया था, जिसके बाद एक और हिंदू मंदिर पर हमला किया गया है। हमले के साथ-साथ मंदिर पर भारत-विरोधी बातें भी लिखी गई है। खालिस्तान समर्थकों ने स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों पर लिखे नारों में आतंकवादी जरनैल सिंह भिंडरांवाले की प्रशंसा करते हुए उसे शहीद बताया था। साथ ही हिंदुस्तान मुर्दाबाद और मोदी हिटलर जैसी बातें भी लिखी थी। इसके अलावा सितंबर 2022 में भी टोरंटो के स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों पर हिंदुस्तान मुर्दाबाद के नारे और खालिस्तान के समर्थन में बाते लिखी गई थी। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया में तमिल अल्पसंख्यक समूह हैं। इसलिए खालिस्तान समर्थक समय-समय पर धार्मिक आधार पर लोगों को वहां निशाना बनाते हैं। साथ ही हिन्दू समुदाय के लोगों को डराने और धार्मिक आस्था को चोट पहुंचाने का काम करते है। बहरहाल पुलिस व सरकार को इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

**निधि जैन**, गाजियाबाद


### नेताओं की उठापटक

**आप** पार्टी की सरकार अपने ही उपराज्यपाल के खिलाफ फिनलैंड में शिक्षकों की ट्रेनिंग करवाने की जिद्द को लेकर प्रदर्शन कर रही है। उपराज्यपाल मना कर रहे हैं किन्तु सरकार ट्रेनिंग के लिए अड़ी हुई है। उधर राजस्थान में कांग्रेस की सरकार में ही आपस में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट की बीच तनातनी चल रही है। गहलोत पायलट पर पेपर लीक मामले में भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं तो सचिन पायलट अशोक गहलोत से पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के कार्यकाल में हुए घोटालों की जांच अभी तक नहीं कराने से नाराज हो रहे हैं। गहलोत शासन में पकड़ मजबूत करने लगे हुए हैं तो पायलट किसान सम्मेलन के जरिये आलाकमान को अपनी ताकत दिखाने में लगे हुए हैं। कांग्रेस व आप नेताओं की इस उठापटक से आम जनता की समस्याओं का कुछ लेनादेना नहीं है। केजरीवाल, सचिन पायलट व अशोक गहलोत अपनी नेतागीरी चमकाने में लगे हैं। उम्मीद है कि जनता इनको चुनावों में उचित जवाब देगी।

**शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




"**हमारा** संघर्ष सरकार या भारतीय खेल अधिकरण-साई के खिलाफ नहीं, बल्कि डब्लूएफआई के खिलाफ है।

– **बजरंग पुनिया**
पहलवान



**कोई** यौन उत्पीड़न नहीं हुआ है। यदि ऐसा कुछ हुआ है तो मैं फांसी लगा लूंगा।

– **बृज भूषण शरण सिंह**
डब्लूएफआई अध्यक्ष



**राहुल** गांधी 'पप्पू' नहीं, बल्कि एक स्मार्ट, युवा व जिज्ञासु व्यक्ति हैं।

– **रघुराम राजन**
पूर्व आरबीआई गवर्नर"

# यूपी में 38 हजार करोड़ का निवेश करेंगे अहमदाबाद के उद्योगपति

● 22 निवेशकों ने किए एमओयू

पायनियर समाचार सेवा। अहमदाबाद

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की नीतियों और प्रदेश में आए बड़े बदलाव पर अहमदाबाद के निवेशकों ने भी अपनी मुहर लगा दी। शुक्रवार को अहमदाबाद के द क्राउन प्लाज़ा होटल में सीएम योगी की टीम अहमदाबाद ने निवेशकों के साथ वन टू वन बीटूजी मीटिंग्स और रोड शो कियाए जिसके माध्यम से 22 निवेशकों ने 38 हजार करोड़ रुपए के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इन एमओयू के माध्यम से प्रदेश में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से 50 हजार से ज़्यादा रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वहीं कई अन्य निवेशकों ने हजारों करोड़ के निवेश की इच्छा जाहिर की। ये निवेशक आगामी फरवरी में राजधानी लखनऊ में होने वाले यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-23 में सम्मिलित होकर अपने निवेश को अंतिम रूप देंगे।




गौ़रतलब है कि यूपी को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने में अलग-अलग राज्यों के बड़े शहरों में आयोजित किए जा रहे रोड शो से प्रदेश में बड़े निवेश आने का सिलसिला जारी है। अहमदाबाद में बीटूजी मीटिंग्स और रोड शो की अगुवाई कैबिनेट मिनिस्टर एके शर्मा ने की जबकि उनके साथ कैबिनेट मिनिस्टर जितिन प्रसाद, राज्य मंत्री जयेन्द्र प्रताप सिंह राठौर और मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, जीएन सिंह समेत यूपी के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम मौजूद रही।

**उद्योगपतियों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया:** कैबिनेट मिनिस्टर अर्बन डेवलपमेंट एंड एनर्जी और कैबिनेट मिनिस्टर पीडब्ल्यूडी जितिन प्रसाद ने योगी सरकार की निवेश फ्रेंडली नीतियों के बारे में बताते हुए उद्योगपतियों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान राज्यमंत्री जयेन्द्र प्रताप सिंह राठौर ने कहा कि यूपी की नीति और माहौल सबसे बढ़िया हैए इसलिए हम आप सभी सम्मानित निवेशकों को बड़े बाजार का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

**बागपत में 900 करोड़ से मिल्क प्लांट लगाएगा अमूल:** रोड शो से पहले पूरे दिन बिजनेस टू गवर्नमेंट (बीटूजी) मीटिंग्स का दौर चला। इस दौरान तीन दर्जन से अधिक निवेशकों ने उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल से यूपी में निवेश के अवसरोंए नीतियों के तहत मिल रहीं तमाम तरह की राहतों और छूट के बारे में जानकारी ली। इसके बाद निवेशकों ने एमओयू फाइनल किए। सबसे बड़ा एमओयू गुजरात की नामचीन फार्मा कम्पनी टोरेंट फार्मा की ओर से किया गया जो 25 हज़ार करोड़ रुपए का रहा। इसके साथ ही अमूल इंडिया ने यूपी के बागपत में नया मिल्क प्लांट लगाने के लिये 900 करोड़ का एमओयू साइन किया। वहीं 9 एमओयू एक हजार करोड़ या इससे ज्यादा के रहे। कुल 22 एमओयू 38 हज़ार करोड़ से ज्यादा के साइन किए गए।

**इन सेक्टर में मिले निवेश प्रस्ताव:** यूपी को मिल्क प्रॉसेसिंग यूनिट्सए डेयरी फर्म, रिसर्च एंड डिवेलप्मेंट लैब, ट्रेनिंग ऑफ हेरडसमैन, रेनेबल एनर्जी, सोलर सिटीए फ़ार्मा पार्क, ग्रीन हाइड्रोजन, इन्फ्रस्ट्रक्चर, टेक्स्टाइल, मैन्युफैक्चर, फार्मसूटिकल, मेडिकल डिवाइस पार्क, ड्रग्स, हेल्थकेयर प्रोडक्ट, होटल इंडस्ट्री, पर्यटन, केमिकल सेक्टरए फ़ूड एंड बेवरेज इंडस्ट्री, स्पोर्ट्स इंडस्ट्री, वेस्ट मैनेजमेंट साल्यूशन, मल्टी स्पेशल्टी हॉस्पिटल, हाइड्रो पावर प्लांट, पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्री, डाटा सेंटरए लजिस्टिक्स एंड वेयरहाउसिंग आदि सेक्टर में निवेश के प्रस्ताव मिले।

# प्राविधिक शिक्षा विभाग से जुड़े संस्थानों से 3034 करोड़ के निवेश पर एमओयू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्राविधिक** शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि प्राविधिक शिक्षा विभाग हेतु प्रदेश सरकार ने 5000 करोड़ रुपये का निवेश लक्षित किया गया है, जिसकी पूर्ति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक कुल 149 इन्वेस्टर द्वारा प्राविधिक शिक्षा विभाग से जुड़े विभिन्न संस्थानो, स्टार्ट-अप्स एवं उद्योगों के माध्यम से 3034 करोड़ रुपये के प्राप्त निवेश प्रस्ताव पर एमओयू किया गया है। उन्होंने प्राविधिक शिक्षा में निवेश करने के इच्छुक निवेशकों से अपील करते हुए कहा कि यूपी के विद्यार्थियों को प्रदेश में ही सर्वश्रेष्ठ तकनीकी शिक्षा मिल सके इसके लिए कार्य करें।

शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग के विश्वेश्वरैया सभागार लखनऊ में उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए आशीष पटेल ने कहा कि उप्र सरकार ने 5 वर्षों 2022-27 की अवधि में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वर्तमान स्तर 0.254 खरब डालर से 1 ट्रिलियन डालर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य की पूर्ति हेतु शासन द्वारा प्रदेश स्तर पर इन्वेस्ट यूपी नाम से एक विशिष्टि इकाई स्थापित की गई है तथा लक्ष्य की पूर्ति से सम्बन्धित कार्ययोजना को तैयार करने व उसके अनुरुप कार्यवाहियां सम्पादित करने के दृष्टिगत डेलॉयट इंडिया को कन्सलटेंसी एजेंसी नियुक्त किया है। बैठक में आये हुये निवेशकों ने प्राविधिक शिक्षा मंत्री से कहा कि विभागीय योजनाओं के नियमों को उद्योगों की मांग के अनुरूप और व्यावहारिक बनाये जाने की आवश्यकता है, जिससे कि विभिन्न समस्याओं का तत्काल निराकरण हो सके। प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा सुभाष चंद्र शर्मा ने कहा कि आस्ट्रेलिया और सिंगापुर देशों में जाकर वहां के निवेशको से मिला। वहाँ के निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश करने के लिए बहुत अधिक तत्पर हैं। सरकार चाहती है कि इस कार्य में उत्तर प्रदेश तथा भारत के निवेशक भी सहभागी बनें। पीपीपी मोड पर वर्त्तमान में 2 राजकीय पालीटेक्निक सत्र 2021-22 से संचालित है तथा सत्र 2023.-24 से 4 अन्य संस्थान संचालित किया जाना है। अगले चरण हेतु चिन्हित 15 संस्थानों हेतु निविदा आमंत्रण की कार्यवाही प्रक्रियान्तर्गत है।

# अधिक लाइन हानियों वाले फीडरों पर तेज करें रेड की कार्रवाई: एम देवराज

पायनियनर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम. देवराज ने निर्देश दिए हैं कि बिजली चोरी रोकने के लिए हाई लास फीडर एवं क्षेत्रों में आकस्मिक छापे (रेड) बढ़ाए जाएं। किसी उपभोक्ता को परेशान न किया जाए लेकिन किसी भी बिजली चोर को बख्शा न जाए।

एम. देवराज शुक्रवार को प्रर्वतन दल एवं उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अधिकारियों के साथ बिजली चोरी रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 1297 हाई लास फीडर चिन्हित किए गए हैं। यहां हर सप्ताह इसकी समीक्षा करनी चाहिए कि डाली जा रही रेड के परिणाम स्वरूप लाइन हालियां कितनी कम हुई। उन्होंने समीक्षा बैठक में निर्देशित किया कि उच्च हानियों वाले वितरण खंडों में अपेक्षानुरूप रेड न किए जाने के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता एवं प्रर्वतन दल के प्रभारी अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाना सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक वितरण निगम के उच्च हानियों वाले 10 फीडरों पर की गई रेड्स की कार्रवाई के फीडरवार आकड़ें आगामी बैठक में प्रस्तुत किए जाए। राजस्व निर्धारण वसूली लम्बित होने के दृष्टिगत विच्छेदित संयोजनों की पुन: चेकिंग की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए एवं बकाया के उपरान्त भी जुड़े पाए गए संयोजनों के सम्बन्ध में क्षेत्र के लाइन मैन एवं अवर अभियन्ता के उत्तरदायित्व निर्धारित किए जाएं।

प्रर्वतन दलों में पदस्थ अवर अभियन्ताओं के सम्बन्ध में यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि कोई भी अवर अभियन्ता अपने पूरे कार्यकाल में एक वर्ष से अधिक की अवधि के लिए सतर्कता स्कन्ध के अन्तर्गत प्रर्वतन दलो में तैनात न रहें। वितरण क्षेत्रों के अन्तर्गत रेड्स की कार्रवाई को प्रभावी बनाए जाने के लिए प्रर्वतन एवं विभागीय दलों द्वारा ज्वाइंट ऑपरेशन के अन्तर्गत बड़े संयोजनो की चेकिंग सुनिश्चित की जाए। विद्युत चोरी एवं अनियमितता के राजस्व निर्धारण के लिए लम्बित प्रकरणों के यथाशीघ्र राजस्व निर्धारण पूर्ण किया जाए। सभी वितरण निगमों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि उनके अधीनस्थ जनपदों में विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थानों के कार्यालय अनिवार्य रूप से जनपद मुख्यालय पर अवस्थित हो।

शक्ति भवन में सम्पन्न इस बैठक में पुलिस महानिदेशक (सर्तकता) एसएम. साबत, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के प्रबन्ध निदेशक पंकज कुमार सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# जीआईएस के अयोजन से पूर्व कर लिया जाए पर्याप्त रिहर्सल: सीएस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारी बैठक

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में हुई बैठक में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस मौके पर मुख्य सचिव ने कहा कि जीआईएस के आयोजन में 20 दिन अवशेष हैं, अत: सभी विभागों के विभागाध्यक्ष अपने लीडरशिप में कार्य कराएं। जीआईएस में उत्तर प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ दिखाने का प्रयास करें। आयोजन से पूर्व पर्याप्त रिहर्सल कर लिए जाएं, जिससे आयोजन के समय किसी भी प्रकार की समस्याएं न आएं।

रोड शो के माध्यम से प्राप्त अवशेष प्रपोजल्स को निवेशकों से संपर्क स्थापित करते हुए विलम्बतम 31 जनवरी 2023 तक एमओयू में कनवर्ट करा लिए जाएं। उन्होंने कहा कि जीआईएस के सेक्टोरल सेशन के लिए नोडल विभागों द्वारा गणमान्य व्यक्तियों व वक्ताओं को तय करते हुए जल्द से जल्द सूची उपलब्ध करा दी जाए, साथ ही इंडस्ट्री पार्टनर द्वारा गणमान्य व्यक्तियों व वक्ताओं को प्रोटोकॉल लिंक पर पंजीकृत करा दिया जाए, जिससे इनवेस्ट यूपी द्वारा उनके लिए लाइजनिंग आफिसर के साथ-साथ स्थानीय परिवहन व आवास की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा सके। उन्होंने सेशन्स के हाईलाइट्स न्यूजलेटर फार्म में तैयार कर निवेशकों को ई-मेल तथा व्हाट्सएप के माध्यम से भेजने का भी सुझाव दिया। बैठक में बताया गया कि अब तक करीब 11 लाख 80 हजार करोड़ रुपए के 11060 एमओयू हस्ताक्षर हो चुके हैं। बैठक में अपर मुख्य सचिव चीनी उद्योग संजय आर. भूसरेड्डी, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत महेश कुमार गुप्ता, प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थसारथी सेन शर्मा, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार, सचिव नियोजन आलोक कुमार, सीईओ इनवेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश, एसीईओ इनवेस्ट यूपी प्रथमेश कुमार समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# महंगाई व कर्ज के बोझ से दबकर किसान आत्महत्या करने को मजबूर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में किसान बदहाली में जीने को मजबूर है। भाजपा सरकार को किसानों की दिक्कतों, परेशानियों की कोई चिंता नहीं है। किसानों के साथ किए गए भाजपा के सभी वादे झूठे निकले हैं। किसान हित की बातें सिर्फ सरकारी विज्ञापनों में छपी दिखती है। अब तो मुख्यमंत्री भी किसानों के बारे में कुछ नहीं बोलते है। किसान महंगाई और कर्ज के बोझ से दबकर आत्महत्या करने को मजबूर है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार के तमाम दावों के बावजूद धान की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दरों पर नहीं हुई है। किसान को अपनी फसल को औनेपौने दाम पर बिचैलियों के हाथों बेचना पड़ा है। प्रदेश में धान की क्रय अवधि 5 माह होती है जिसमें पहले 48 घंटो के अन्तर्गत किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य दर पर भुगतान करने का निर्देश था, फिर इसे 90 दिन कर दिया गया लेकिन यह बात तो खुद आयुक्त खाद्य रसद विभाग भी मान रहा है कि सभी किसानों को एमएसपी पर भुगतान नहीं किया जा सका है। भाजपा सरकार को बताना चाहिए कि आखिर किसानों को धान का एमएसपी दरों पर निर्धारित अवधि में भुगतान क्यों नहीं किया गया।

उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों की दुर्दशा तो भाजपा राज में सबसे ज्यादा है। गन्ना पेराई सत्र शुरू हुए तीन महीना हो चुका है। वर्ष 2022-23 का गन्ना मूल्य अभी तक घोषित नहीं किया गया है। प्रदेश में चल रही 120 चीनी मिलों से जुड़े 60 लाख से ज्यादा किसानों को आर्थिक परेशानी उठानी पड़ रही है। भाजपा सरकार हर काम चुनाव के लाभ हानि की नजर से करती है। गन्ना किसानों को भी भाजपाई राजनीति का शिकार बनाया जा रहा है। गन्ना किसान को उत्पादन और परिश्रम लागत जोड़कर भुगतान किया जाना चाहिए। भाजपा सरकार गन्ना का समर्थन मूल्य जल्द घोषित क्यों नहीं कर रही है। अखिलेश ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2022 तक किसानों की आय दुगनी करने का वादा किया था। सन् 2022 बीत गया पर भाजपा नेतृत्व को अपने वादे की याद नहीं आई। मंहगाई के कारण किसान की फसल की उत्पादन लागत बहुत बढ़ती जा रही है।

# यूपी आरटीआई वेब पोर्टल का नया वर्जन लांच

**लखनऊ।** प्रदेश में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत नागरिकों द्वारा आवेदनों व प्रथम अपीलों को ऑनलाइन प्राप्त किए जाने के लिए एनआईसी, नई दिल्ली के सहयोग से एक वेब पोर्टल विकसित किया गया है। आरटीआई की ऑनलाइन व्यवस्था के अन्तर्गत नागरिक कहीं से कभी भी उत्तर प्रदेश राज्य के शासकीय कार्यालय से सूचना प्राप्त करने के लिए आवेदन व प्रथम अपील कर सकता है। प्रशासनिक सुधार विभाग के प्रमुख सचिव के. रविन्द्र नायक ने बताया कि प्रथम चरण में जुलाई, 2019 से वेब पोर्टल पर उत्तर प्रदेश शासन के 10 विभागों को पाइलट प्रोजेक्ट के रूप में ऑनलाइन किया गया। तत्पश्चात विभिन्न चरणों में उत्तर प्रदेश सरकार के समस्त कार्यालय पोर्टल पर ऑनलाइन हो गए हैं। भारत सरकार द्वारा विभागों की वेबसाइट पोर्टलों को जीआईजी डब्ल्यू मानक के अनुरूप दिव्यांगजन हितैषी कराए जाने के लिए दिशा-निर्देश निर्गत किए गए हैं। आरटीआई ऑनलाइन पोर्टल के नवीन पोर्टल को भारत सरकार द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप विकसित किया गया है। शुक्रवार को प्रमुख सचिव, प्रशासनिक सुधार विभाग के. रविन्द्र नायक द्वारा आरटीआई ऑनलाइन पोर्टल के नवीन पोर्टल को लॉन्च किया गया।

# सरकारी संरक्षण में प्रदेशभर में अवैध कब्जे का खेल बदस्तूर जारी: खाबरी

● प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने खीरी मामले में सीएम को पत्र लिखकर की कार्रवाई की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि योगी सरकार जबसे प्रदेश में सत्ता में आई है चाहे वह गरीबों की जमीन हो, विद्यालय हो, सरकारी जमीन हो, सरकारी संरक्षण में सत्ताधारी दल के नेताओं की मिलीभगत से अवैध कब्जे का खेल बदस्तूर जारी है। बुलडोजर सिर्फ गरीब जनता की गाढ़ी कमाई पर चला है किन्तु ऊंची पहुंच वालों पर योगी सरकार कोई भी कार्रवाई करने में विफल रही है। सबका साथ-सबका विकास का नारा पूरी तरह खोखला साबित हो रहा है। खाबरी ने कहा कि जिस प्रकार लखीमपुर खीरी में माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के द्वार को एक स्थानीय दबंग कालोनाइजर द्वारा संघ के बड़े पदाधिकारी की मिलीभगत से बन्द कर दिया गया। इससे योगी सरकार की सबका साथ-सबका विकास का खोखला नारा उजागर हो गया है। पूरे उत्तर प्रदेश में इसी तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। सरकार सिर्फ लम्बे चौड़े दावे करने में जुटी हुई है। खाबरी ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पूर्व में विद्यालय के द्वार को बन्द किए जाने का विरोध स्थानीय जनता, सामाजिक कार्यकर्ता और अभिभावकों द्वारा लगातार किए जाने से प्रशासन ने गेट को बंद करने के काम को रुकवा दिया था किन्तु शीतकालीन छुट्टी में दबंगों द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य की आवाज को संघ के बड़े पदाधिकारी के दबाव में बन्द करवाकर गेट बन्द करवाकर अवैध कब्जा कर लिया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि वह तत्काल इस घटना का संज्ञान लेकर दबंगों द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के बन्द किए गए गेट को खुलवाकर दबंगों और दबंगों को संरक्षण देने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

# बुंदेलखंड में हेरिटेज टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए 31 किलों को किया गया चिन्हित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बुंदेलखंड** में हेरिटेज टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए 31 किलों को चिन्हित किया गया है। इन किलों का हेरिटेज कंजर्वेशन का मास्टर प्लान लगभग तैयार है। शीघ्र ही इन किलों का विकास कर देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए खोल दिया जायेगा। बुंदेलखंड प्राकृतिक सुन्दरता तथा मनोरम स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। इसके अलावा प्राचीन धार्मिक स्थल भी हैं।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बुंदेलखंड क्षेत्र के विरासत से जुड़े किलों, महलों, गढ़ी का जीर्णोद्धार कराकर पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाया जाएगा, जिससे इस क्षेत्र के लोगों को रोजगार के साथ आमदनी भी प्राप्त होगी। जयवीर सिंह ने बताया कि किलों के साथ-साथ बुंदेलखंड की रीजनल प्लानिंग भी की जा रही है, जिसके अंतर्गत बुनियादी ढांचे के विकास के साथ-साथ पर्यटन की गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इन गतिविधियों में एडवेंचर स्पोर्ट्स वेलनेस, कयाकिंग-कैनोइंग, हॉट एयर वैलूनिंग तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पर्यटन मंत्री ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री ने विगत वर्ष जुलाई में बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण किया था। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से बुंदेलखंड का समग्र पर्यटन विकास के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।

# 24 से 26 जनवरी तक समारोह पूर्वक मनाया जाएगा उत्तर प्रदेश दिवस-2023

## शासन ने लखनऊ व नोएडा के अवध शिल्प ग्राम और राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर आयोजन करने के निर्देश दिए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**24** से 26 जनवरी तक की अवधि में उत्तर प्रदेश दिवस-2023 पूरे राज्य में समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। इस सबंध में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने सभी जिलाधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं।

मुख्य सचिव ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस का राज्य स्तरीय आयोजन लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम एवं नोएडा शिल्प ग्राम में तथा जिला स्तरीय आयोजन प्रदेश के अन्य सभी जिला मुख्यालयों में किया जाएगा। लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रमों के लिए संस्कृति विभाग एवं नोएडा के राज्यस्तरीय आयोजन के लिए नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण नोडल होंगे तथा अन्य समस्त जिलों में सम्बन्धित जिलाधिकारी नोडल अधिकारी होंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 के 'उत्तर प्रदेश दिवस' आयोजन की 'मुख्य थी 'निवेश एवं रोजगार' है। अत: निवेश एवं रोजगार पर आधारित संगोष्ठियां, रोड शो, उद्यमी सम्मेलन आदि कार्यक्रम प्रमुखता से आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस आयोजन में निवेश एवं रोजगार, डिजिटल उत्तर प्रदेश, साइबर सुरक्षा व उन्नत प्राकृतिक कृषि विषयों पर प्रदर्शनियां आयोजित की जाएंगी। संबंधित विभाग विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों, जनपदों की विशिष्ट प्रतिभाओं की सफलता की कहानी को भी फोटो फिल्म ब्रोशर के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर खादी एवं ग्रामोद्योग, एमएसएमई, नगरीय विकास विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, विभिन्न वित्त विकास निगम, यूपीसीडाए अन्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण अपने उद्यमियों, व्यवसायियों व स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनियां लगवाने के लिए कहा गया है। इस समारोह में नवीन कृषि तकनीकों पर आधारित प्रदर्शनी के अतिरिक्त मिलेट्स से बने खाद्य पदार्थों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सूचना विभाग राज्य एवं केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण एवं जन कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं एवं परियोजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। हस्त शिल्प उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन दिवसीय हस्त शिल्प एवं ग्रामोद्योग मेला संबंधित विभागों के माध्यम से लगाया जाएगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार द्वारा उत्तर प्रदेश स्थापना से लेकर अब तक की विकास यात्रा से सम्बन्धित संकलित अभिलेखों की प्रदर्शनी का आयोजन लखनऊ सहित सभी कार्यक्रम स्थलों पर किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि समस्त जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि उत्तर प्रदेश दिवस-2023 का आयोजन कराने के लिए वह अपनी अध्यक्षता में शीघ्र ही प्रदेश सरकार की विकास व कल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित सभी विभागों के सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए व्यापक तैयारी समय से सुनिश्चित करा लें।

# सभी योजनाओं में यूपी को आगे ले जाना है: मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि सभी योजनाओं में उत्तर प्रदेश को आगे ले जाना है। स्वच्छता सर्वेक्षण में सर्वोच्च अंक प्राप्त हों, इसलिए जो भी लक्ष्य दिए गए हैं, उन्हें शत-प्रतिशत प्राप्त किया जाए। पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत एक्टिव वेण्डर्स एवं शून्य लेन-देन वाले वेण्डर्स को प्राथमिकता पर एक्टिव किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे वेण्डर्स चिन्हित किये जाएं जो अन्य यूपीआई आईडी का प्रयोग कर रहे हैं, उनकी यूपीआई आईडी को भारत सरकार को भेजकर पोर्टल पर अपडेट कराया जाए। इसके लिए सभी जनपदों में 15 दिन का विशेष अभियान चलाया जाए।

मुख्य सचिव शुक्रवार को नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लाइट हाउस प्रोजेक्ट (एलएचपी) के कार्यों की नियमित समीक्षा कर निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि 31 जनपदों में 72 नवीन नगरीय निकायों का गठन एवं 52 जिलों के 107 नगरीय निकायों में क्षेत्र का विस्तार किया गया है, जिसमें प्राथमिकता के आधार पर शिविर के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के आवेदन प्राप्त कर पात्र हितग्राहियों की नियमानुसार डीपीआर शीघ्र भिजवाया जाए। इससे पूर्व प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रदेश में स्वीकृत 16.82 लाख आवासों के सापेक्ष 12.57 लाख आवासों का कार्य पूर्ण हो चुका है। पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा 925000 पात्र लाभार्थियों को प्रथम ऋण वितरण का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष 882125 लाभार्थियों को प्रथम ऋण वितरण कराया जा चुका है जो लक्ष्य का 95.36 प्रतिशत है। इसी प्रकार द्वितीय ऋण वितरण में 203600 के लक्ष्य के सापेक्ष 155 636 लाभार्थियों को ऋण वितरित कराया जा चुका है, जो लक्ष्य का 76.44 प्रतिशत है। तृतीय ऋण वितरण में 5400 लक्ष्य के सापेक्ष 1265 लाभार्थियों को ऋण वितरित कराया गया है। इस पर मुख्य सचिव ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत तृतीय ऋण वितरण कार्य में ज्यादा तेजी लाने की जरूरत है। बैठक में बताया गया कि जी-20 समिट की बैठकें प्रदेश के चार शहरों लखनऊ, वाराणसी, आगरा व ग्रेटर नोयडा में आयोजित होने वाली हैं। आयोजन के दौरान जनजागरूकता अभियान के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन की ब्रांडिंग की जायेगी। इसके लिए 100 दिन का एक्टिविटी का प्लान तैयार किया गया है। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, सचिव नगर विकास रंजन कुमार, निदेशक सूडा यशु रुस्तगी, निदेशक स्थानीय निकाय नेहा शर्मा सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# महिला ने मेयर पर लगाया बलात्कार का आरोप, हड़कंप

**संवाददाता।** बरेली

## ●डा. गौतम ने आरोपों को बताया निराधार और राजनीति से प्रेरित

**बरेली** के मेयर डॉ. उमेश गौतम पर महिला ने गैंग रेप का आरोप लगाकर सनसनी फैला दी है। यह महिला डॉक्टर उमेश गौतम के कार्यालय में काम करती थी । अब उसने मेयर पर गैंगरेप का आरोप लगाया है। थाना कोतवाली के सिविल लाइंस इलाके को रहने वाली एक महिला ने आरोप लगाया है कि 7 दिसंबर 2022 को शाम 6बजे वह रामपुर गार्डन में डॉक्टर पुनीत सोंधी के यहां दवा लेने जा रही थी कि एक गाड़ी उसके समीप आई, उसमें मेयर डॉ उमेश गौतम और लोग बैठे थे जो उसको उठाकर ले गए और नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ गैंग रेप किया और सड़क पर फेंक गए। महिला ने इसकी रिपोर्ट थाना कोतवाली में दर्ज कराई थी। मामला न्यायालय में प्रचलित है। आज इस महिला ने एसएसपी दफ्तर पहुंचकर न्याय न मिलने की शिकायत करते हुए मेयर उमेश गौतम पर कार्रवाई की मांग की है। महिला ने बताया कि पूर्व में डॉक्टर उमेश गौतम के कार्यालय में काम करती थी। वह अक्सर उसका यौन शोषण करने पर दबाव बनाते थे जिसका वह विरोध करती थी । उस पर एक एसिड अटैक भी हुआ था। 7 दिसंबर को गैंगरेप का शिकार बताते हुए उसने मेयर उमेश गौतम पर सामूहिक बलात्कार का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि उसको न्याय नहीं मिल रहा है जबकि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। दूसरी ओर डॉक्टर उमेश गौतम ने अपने पक्ष में सफाई देते हुए कहा कि महिला द्वारा लगाया गया आरोप निराधार है और यह आरोप राजनीति से प्रेरित है। मैंने कोई ऐसा गलत कार्य नहीं किया है।

इस मामले में जब एसपी सिटी राहुल भाटी से पत्रकारों ने सवाल किया । उन्होंने बताया कि 7 दिसंबर 2022 को पीड़िता ने बलात्कार का आरोप लगाते हुए कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। मामला न्यायालय में है और आदेशानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। डॉक्टर उमेश गौतम पर बलात्कार का आरोप लगने से राजनीतिक हलचल शुरू हो गई है।

# नेताजी की जयंती पर बनेगी मानव श्रृंखला, लेंगे सड़क सुरक्षा की शपथ

**लखीमपुर खीरी।** सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत शुक्रवार की शाम कलेक्ट्रेट में प्रभारी डीएम संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती 23 जनवरी पर समय पूर्वान्ह 11 बजे मानव श्रृंखला का निर्माण व सड़क सुरक्षा शपथ के सम्बन्ध में बैठक की। जिसमें सभी संबंधित 10:30 तक अनिवार्य रूप से प्रतिभाग किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी डीएम ने कहा कि समस्त ब्लॉक, तहसील, जनपद मुख्यालय स्तर पर कक्षा 08 से 12 तक के सभी विद्यालयों, कॉलेजों, उच्च शिक्षा के सभी महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभागिता तथा समस्त विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों, एनजीओ, स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड एवं आम जनमानस की सहभागिता की जाएगी।

डीएम ने कहा कि जनपद के सभी अधिकारियों /विभागाध्यक्षों को उक्त के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिए जाएं तथा समस्त ब्लॉक, तहसील, मुख्यालय स्तर पर नोडल नामित किये जाएं, जिससे उक्त जयंती के अवसर पर 23 जनवरी को होने वाली मानव श्रृंखला आदि कार्यक्रम का सफल सम्पादन कर इसे ऐतिहासिक बनाया जा सके। उन्होंने मानव श्रृंखला निर्माण के सफल आयोजन के लिए एआरटीओ सहित संबंधित विभागों के अफसरों को जरूरी निर्देश दिए। श्रृंखला-निर्माण के लिए विद्यालयों, समस्त विभागों, आम जनमानस से अधिकाधिक संख्या में प्रतिभागिता सुनिश्चित करायी जाये। बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारी, एआरटीओ आलोक कुमार सिंह, रमेश कुमार चौबे, डायट प्राचार्य जेपी मिश्रा, डीआईओएस महेंद्र प्रताप सिंह, बीएसए लक्ष्मीकांत पांडेय, सभी उप जिलाधिकारी, सीओ सिटी संदीप सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# छह बच्चों की मौत को लेकर पालिकाध्यक्ष ने की बैठक



**मोहम्मदी-खीरी।** पिछले दो सप्ताह में मुहल्ला सरैंया में बीमारी से छः बच्चों की मौत को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा ने पालिका सभागार में एक बैठक की, जिस पर उन्होंने छह बच्चों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए परिवार वालों को अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं तथा उन्होंने सपा के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के इंटरनेट मीडिया पर किए गए ट्वीट पर निशाना साधते हुए कहा कि बिना जांच पड़ताल में उन्होंने पालिका परिषद पर आरोप लगाया कि दूषित पानी पीने से छः बच्चों की मौत हुई है, जो जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि पालिका परिषद को गंदगी एवं दूषित पानी का निमित्त बनाया जा रहा है और मुख्य रूप से अपना पल्ला झाड़ने के लिए यह स्थिति स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों द्वारा पैदा की जा रही है। छः बच्चों की मृत्यु की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्वास्थ संबंधी उपचार किया जा रहा है, जबकि सफाई व्यवस्था के लिए पालिका परिषद द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए, नालियों नालों की सफाई कराते हुए, रुके हुए पानी के बहाव को व्यवस्थित किया जा रहा है। इसके लिए उपजिलाधिकारी के निर्देशन में नगर पालिका की पूरी टीम लगी हुई है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग पर जो आरोप लगाया कि जो टिप्पणी स्वास्थ्य विभाग ने नगरपालिका पर पानी को लेकर की है, उस पर भी जांच करवाई जाए और जो दोषी हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई भी अवश्य की जाए। उन्होंने कहा कि नगरपालिका सीमा के अंतर्गत आने वाले नालों व तालाबों पर भू माफियाओं ने कब्जा किया है, सपा सरकार ने नगर के सारे तालाब पटवा दिए, उच्च अधिकारियों को अवगत भी कराया गया परंतु कोई हल नहीं निकला। उन्होंने कहा कि नगर की मुख्य समस्या पानी निकासी की है। मैंने पिछले चुनाव में यह वादा किया था परंतु कोरोना काल में धन आवंटन नहीं हुआ इसीलिए यह समस्या बनी हुई है। वित्तमंत्री सेयोजना बनाकर फाइल भेजी गई है। पानी निकासी की समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिशासी अधिकारी ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है।

# नि:शुल्क शिविर का आयोजन



**बरेली।** क्षे0मु0 (बरेली) एवं तृतीय वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल बुखारा कैम्प द्वारा क्षेत्रीय मुख्यालय बरेली चिकित्सालय में दिनांक 19 जनवरी को जी सी उपाध्याय उप महानिरीक्षक क्षे0मु0 बरेली के मार्गदर्शन एवं विपिन कुमार, सेनानी के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र क्यारा, बरेली के सहयोग से फाइलेरिया रोग निवारण हेतु नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोकसभा सासंद धर्मेंद्र कश्यप, डॉ. आर.पी. मिश्रा अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. सौरभ सिंह चिकित्सा अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्यारा, विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि, राकेश दत्त, द्वितीय कमान (अभियंता) तथा डॉ बी महेश कुमार उप सेनानी / वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं क्षे0मु0 बरेली एवं तृतीय वाहिनी के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बल के समस्त पदाधिकारियों, हिमवीर परिवार की महिलाओं व बच्चों को फाइलेरिया रोग की रोकथाम हेतु नि:शुल्क दवाई प्रदान की गई। माननीय लोकसभा सासंद धर्मेंद्र कश्यप, डॉ0 सौरभ सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्यारा, डॉ0 बी0 महेश कुमार, उप सेनानी/ वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वारा बल के जवानों के अतिरिक्त हिमवीर परिवार की महिलाओं को फाइलेरिया रोग से संबधित लक्षण एवं बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

# रोड सेफ्टी अवेयरनेस हाल में सेफ ड्राइविंग एंड गुड बिहेवियर का हुआ विशाल प्रशिक्षण

**लखीमपुर खीरी।** मुख्य सचिव, उप्र शासन से प्राप्त निर्देशों, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा के मार्गदर्शन, निर्देशन में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जनपद खीरी में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है।

सड़क सुरक्षा माह अभियान कार्यक्रमों की श्रंखला में परिवहन कार्यालय के रोड सेफ्टी अवेयरनेस हाल में जनपद के सभी वाहन यूनियनों से आमंत्रित बस, ट्रक, टैम्पो, टैक्सी, आटो एवं ई-रिक्शा चालकों को एनजीओ-सेफ लाइफ फाउंडेशन के सहयोग से सेफड्राइविंग एंड गुड बिहेवियर का प्रशिक्षण हुआ। उसके बाद एक प्रश्नकाल का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित वाहन चालकों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का सही उत्तर देते हुए सड़क सुरक्षा के नियमों की पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई गई। एआरटीओ आलोक कुमार सिंह ने उपस्थित चालकों, व अन्य आवेदकों को रोड साइंस की जानकारी दी।

उक्त कार्यक्रम में बस-ट्रक, आटो, ई-रिक्शा चालकों तथा टैक्सी यूनियन के प्रबन्धकों, पदाधिकारियों एवं वाहन स्वामियों के साथ कार्यालय स्तर पर कार्यशाला का आयोजन हुआ व उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की त्वरित सहायता फर्स्ट रिस्पांडर का प्रशिक्षण दिया। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने वाले व्यक्ति/गुड सेमेरिटन को रू: पांच हजार/ की धनराशि से पुरस्कृत किये जाने की योजना बताई।

एआरटीओ रमेश कुमार चोबे ने उपस्थित लोगों से अनुरोध किया कि किसी भी वाहन को सड़क के किनारे न खड़ा किया जाये। वाहन खड़े करने के लिए अलग से कोई स्थान निर्धारित किया जाये जिससे कि सड़क पर चलने वाले आम जनमानस को असुविधा न हो। अन्यथा ऐसी वाहनों के विरूद्ध चालान /निरूद्ध की कार्यवाही की जायेगी। वाहन में सवारियों को निर्धारित स्थान/स्टैण्ड से चढ़ाया एवं उतारा जाये। कार्यक्रम का समापन करते हुए लोगों में पम्फलेट्स, स्टीकर्स व हैंडबिल वितरित किए गए।

एआरटीओ रमेश कुमार चौबे ने मौजूद लोगों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाते हुए कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनेंगे। चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट पहनेंगे। तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलायेंगे। लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करेंगे। गलत दिशा में वाहन नही चलायेंगे। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नही करेंगे। शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन नही चलायेंगे।

# दो युवकों को ट्रक ने मारी टक्कर, घटनास्थल पर मौत

**बरेली।** घर से जंगल में बकरी चराने गए दोनों भाइयों को सड़क किनारे ट्रक ने आकर टक्कर मार दी जिससे घटनास्थल पर दोनों की मौत हो गई पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया और पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम को भेज दिया। बरेली थाना फतेहगंज पूर्वी टीसुआ निवासी फईम 18 वर्षीय, पुत्र रियासत और इसरार 38 वर्षीय, पुत्र कल्लू अपने घर से बकरी चराने के लिए दोपहर में जंगल में गए थे। दोनों लोग सिमरा गाँव के पास सड़क किनारे बैठे थे कि उसी दौरान तेज रफ्तार से आए ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे सिमरा गांव के पास घटनास्थल पर फईम और इसरार की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया । फईम की अभी शादी नहीं हुई है। इसरार की पत्नी इद्रीशा और 5 बच्चे हैं। इसरार मजदूरी करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा, पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

# नाबालिग लड़की प्रेमी के साथ फरार

**बरेली।** अलीगंज थाना क्षेत्र का एक परिवार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय फरियाद लेकर आया। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 18 जनवरी की रात को वह अपने खेतों की रखवाली करने गया था। घर पर उसकी पत्नी व छोटे बच्चे थे। रात्रि में सरदार शंभू पुत्र बूटा सिंह व अन्य लोग ग्राम तीरथ नगर थाना मीरगंज निवासी घर में घुस आए और अवैध असलहा के बल पर पीड़ित की नाबालिग पुत्री को अगवा कर ले गए। आरोप है घर में रखे 70 हजार रुपये भी लूट लिए। पीड़ित जब घर पहुंचा तो पत्नी ने सारी घटना बताई। गांव के कुछ लोगों को लेकर सरदार बूटा सिंह के घर गया तब उक्त लोगों ने मारपीट कर भगा दिया। वहीं पीड़ित ने थाना पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि उससे थाना पुलिस ने कई सादा कागज पर अंगूठा लगवा लिया है और अभी तक पीड़ित के शिकायती प्रार्थना पत्र पर कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की है।

**हाईवे पर अवैध पार्किंग के खिलाफ अभियानः चित्रकूट।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन विवेक शुक्ला की अगुवाई में पांच जनवरी से चार फरवरी तक सडक सुरक्षा माह के तहत वाहन चालकों को प्रशिक्षण दिया गया। हाईवे पर अवैध पार्किंग के खिलाफअभियान चलाया।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) MAH_BOLPIKUP
REG.NO.DL1LAE7316-YOM -2020
2) MAHINDRA_AND_MAHINDRA - CB_BOLERO PLUS GOODS
REG. NO.DL1LAB9182-YOM-2019
3) MAH_BOLPLUSGD
REG. NO.DL1LAB9150-YOM-2019
4) SWRJ_MAZDA SM_SARTAJ
REG.NO.UP14KT6275-YOM-2021
5) TATAMOTORS_TATA1512
REG. NO.DL1GE0467-YOM-2022
6)TATAMOTORS_TATAACE
REG.NO.DL1LAG7726-YOM-2022
7) EICHR_VECV_EICHER1114
REG. NO. UP37T3742-YOM -2016
8) ASHOK_LEY_AL1615
REG. NO.HR58C8926-YOM-2022
9) TATAMOTORS_TATAACE
ENG. NO. 275CNG17BXXS13892
YOM 2022

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT

BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : ABHINAV SIR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO.7798988481
EMAIL-abhinav.lal@kotak.com

# एससी-एसटी एक्ट के फर्जी मुकदमे से परेशान पीड़ित एसएसपी से मिला

**बरेली।** थाना कुलड़िया के ग्राम धीमरी के रहने वाले एक पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत की है कि उसके गांव में कुछ लोग फर्जी रैकेट चला रहे हैं जो एससी एसटी एक्ट के नाम पर फर्जी मुकदमे दर्ज कर रुपए वसूलते हैं और मना करने पर जेल भेजने की धमकी देते हैं। थाना क्योलडिया ग्राम धीमरी के रहने वाले देवकी नंदन गंगवार ने एसएसपी को लिखित शिकायत पत्र देते हुए बताया कि उसके गांव के रहने वाले शंकरलाल, पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र, जया देवी पत्नी स्वर्गीय रामचंद्र, गजराज पुत्र लक्ष्मी राम, राधा रानी पत्नी गजराज, चांदनी पुत्र गजराज, सूरज पुत्र गजराज यह लोग एक संगठित गुरु चला रहे हैं और लोगों के विरुद्ध झूठे मुकदमे दर्ज कराकर रंगदारी वसूलते हैं। इन लोगों ने देवकी नंदन गंगवार से झूठा मुकदमा लिखा कर रंगदारी वसूली थी। एक अन्य मुकदमे में विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट बरेली के न्यायालय में शंकर कुमार बाल्मीकि बनाम राजेंद्र गौतम आदि ने मुकदमा कराया था।

# बाल लिंगानुपात, बालिका सुरक्षा के महत्व पर परिचर्चा

## ● सिंघानिया में लगी महिला सभा, महिलाओं के कौशल विकास पर दिया गया जोर

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**महिला** एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' पर तय विविध गतिविधियों के अनुक्रम में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन, डीपीओ संजय निगम के निर्देशन में तहसील, ब्लॉक लखीमपुर की ग्राम पंचायत सिंघानिया में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत महिला सभा का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान कमरुन्निसा ने की।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित महिला सभा में बाल लिंगानुपात, बाल संरक्षण, लड़कियों में कौशल विकास के महत्व पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन हुआ। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना शकुंतला उपाध्याय ने बाल लिंगानुपात, बाल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। उन्होंने महिला अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए उनके कानूनी अधिकार बताएं। महिला कल्याण अधिकारी आर्य मित्रा बिष्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने नारी शक्ति के नए युग की शुरुआत की है।

उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ सरकार द्वारा चलाए जा रहे सबसे सफल कार्यक्रमों में से एक है। जिला समन्वयक निक्की गुप्ता ने कहा कि यह हमारा सामूहिक कर्तव्य है कि हम अपने समाज में महिलाओं के उत्थान की दिशा में काम करें और समावेशिता और समानता के मार्ग में योगदान दें। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति हमारे देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

काउंसलर कयूम जरवानी ने केंद्र व प्रदेश सरकार की महिलापरक योजनाओं को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि बालिकाओं के बिना एक सभ्य समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती। कौशल विकास महिलाओं को आत्मनिर्भर होने का मार्ग प्रशस्त करता है।

# गणतंत्र दिवस पर परेड का हुआ रिहर्सल

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस लाइन में गणतन्त्र दिवस को होने वाली परेड का रिहर्सल किया गया। इस दौरान एसपी ने परेड का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। आज दिनांक 20 जनवरी को पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा पुलिस लाइन खीरी में आगामी गणतन्त्र दिवस को होने वाली परेड की रिहर्सल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that I,RAMRATI SARAWAT alias RAMRATI DEVI W/O SHRI KRISHAN R/O-H.NO.735/18,SHASTRI NAGAR, ROHTAK, HARYANA-124001, I am the legal owner of LIG FLAT NO. 13, 3rd FLOOR,PKT-3,BLK-F3,SEC-34,ROHINI, DELHI,FILE NO.L/353(8699)2015/DDA14 /RO which is allotted by the DDA. My Original Allotment-cum-Demand Letter of the above said DDA Flat has been lost. An FIR/NCR to this effect has lodged in P. S. Crime Branch, Delhi vide LR No.66565/ 2023,Dated-20-01-2023.Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No.9871873738 within 15 days from the date of publication of this notice.Any person claiming any right, interest, or having any objections with respect to this property can also personally inform/ contact me.

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंकन सूरी/ सुषमा सूरी/ LBDEL00005310910 | प्लॉट नंबर-सी-192, पूरा बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर, ग्रेटर कैलाश पार्ट 1, नई दिल्ली/ जनवरी 18, 2023 | अगस्त 29, 2022 रु. 1,97,60,305/- | दिल्ली |
| 2. | शिव कुमार जटिया/अर्चना जटिया/ शशि आर जटिया/ LBDEL00002444168/ LBDEL00003454052/ LBDEL00005411830/ LBDEL00002442446/ LBDEL00002442447 | प्लॉट नंबर-बी-50, गुलमोहर पार्क, जोन एफ-3, मस्जिद मोठ, दिल्ली 110049/ जनवरी 18, 2023 | जून 18, 2022 रु. 12,46,36,117/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जनवरी 21, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

# राष्ट्रीय लोधी महासभा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**निघासन-खीरी।** राष्ट्रीय लोधी महासभा के प्रदेश प्रवक्ता रतीराम लोधी ने अपने पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम निघासन राजेश कुमार को दिया। विगत 11 जनवरी को जनपद रायबरेली के खगिया खेड़ा हादसे में जान गंवाने वाले लोधी राजपूत समाज के 7 व्यक्तियों को आर्थिक सहायता दिलाने के संबंध में राष्ट्रीय लोधी महासभा के प्रदेश प्रवक्ता रतीराम लोधी ने जिले के पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन एसडीएम निघासन को सौंपा। ज्ञातव्य है कि गत 11 जनवरी को जनपद रायबरेली के ग्राम खगियाखेड़ा मजरेपी कोन्सा विधानसभा क्षेत्र हरचंदपुर में डंपर के रौंदने से लोधी राजपूत समाज के सात लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। एक साथ एक ही समाज के सात लोगों की मौत हो जाने से मृतकों के परिजन बेसहारा हो चुके हैं। उनके बाल बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय लोधी महासभा के पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन दिया गया था।

इस दौरान, जिला संगठन महामंत्री भगौती प्रसाद लोधी, जिला मीडिया प्रभारी राजेश राजपूत जिला उपाध्यक्ष अवध राम लोधी, लक्ष्मी नारायण लोधी एडवोकेट राजू लोधी तहसील महामंत्री श्रवण लोधी प्यारे लाल लोधी उत्तम लोधी आदि राष्ट्रीय लोधी महासभा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 31 तक विधवा लाभार्थियों ने नहीं कराई आधार फीडिंग तो रुकेगी पेंशनः डीएम

**लखीमपुर-खीरी।** आधार प्रमाणीकरण के बगैर निराश्रित महिलाओं को विधवा पेंशन योजना का लाभ नहीं मिलेगा। इसलिए इस प्रक्रिया का पालन जरूरी है। इसको ध्यान में रखते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों के आधार प्रमाणीकरण का कार्य की शीर्ष महत्ता देने, और निर्धारित समय सीमा (31 जनवरी, 2023 तक) के अन्दर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस कार्य को प्रत्येक दशा में निर्धारित समयसीमा के अन्दर पूर्ण कराये जाने हेतु सर्व सम्बन्धित अपना शत-प्रतिशत् योगदान सुनिश्चित किया जाए तथा इसे शीर्ष प्राथमिकता प्रदान की जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि एसडीएम एवं बीडीओ डीपीओ से आवश्यक समन्वय स्थापित कर तहसील, ब्लॉक, ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष अभियान के तहत शिविर लगाकर 31 जनवरी तक उक्त कार्य पूर्ण कराया जाए।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to Public at large that my clients (i) Mrs. Sunita Vermani W/o Late Shri Mohinder Kumar Vermani R/o E-96, Greater Kailash Part-1, New Delhi 110048 and (ii) Late Shri Mohinder Kumar Vermani S/o Late Shri Madan Lal Vermani, both have jointly booked the below units in Supertech, situated at Noida, Uttar Pradesh. Unfortunately, my client Sh. Mohinder Kumar Vermani (Co- applicant in below mentioned properties) passed away on date 19/12/2020. and, my client Mrs. Sunita Vermani has requested to M/s Supertech Limited to transfer the funds of these properties which are mentioned below into the property bearing no. SUPERTECH SUPERNOVA (referred as "New Property") which is booked by Mrs. Sunita Vermani against the payment of new property.

| DESCRIPTION | PROJECT | BOOKING NOS. |
|---|---|---|
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02163 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02164 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02165 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02166 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02168 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02169 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02170 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02171 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02172 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02173 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02174 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02175 |
| Ms. Sunita Vermani & Mr. Mohinder Kumar Vermani | E-SQUARE | C029ES02216 |

If anybody has any objection or interest over the said properties, shall inform the undersigned in writing with supporting proofs within a period of 15 days, from the date of publication of this notice failing, which any such claim, objection or interest raised by any person shall not be considered.

Regards,
**JATIN SHARMA, ADVOCATE**
**CHAMBER NO. 239, 2ND FLOOR, LAWYERS CHAMBER BLOCK, SAKET COURTS, NEW DELHI**

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चौथी मंज़िल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता 700020 सीआईएन नंबर: L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दिनेश चंद शुक्ला/सरोज शुक्ला/मेघना अपार्टमेंट, 370/1, आरएन गुहा रोड नगर बाजार, दम दम कोलकाता, पश्चिम बंगाल कलकत्ता- 700074/ LBCAL00001188344 | मेघना अपार्टमेंट, फ्लैट नंबर जीसी ग्राउंड फ्लोर, म्यूनिसिपल होल्डिंग नंबर 535, आर.एन. गुहा रोड (पुराना नंबर 271 भाग, उसके बाद पुराना होल्डिंग नंबर 370/1), पुलिस स्टेशन दम दम, सर्कल नंबर II, वार्ड नंबर 9, सी.एस. डेग नंबर 1610 और 1612, खतियान नंबर 625, जेएल नंबर 18, आर.एस. नंबर 161, तौजी नंबर 181, मौजदिगला, अतिरिक्त जिला उप-पंजीयक, कोसीपुर दमदम, दक्षिण दमदम नगर पालिका, जिला- उत्तर 24 परगना, कोलकाता- 700074 (सुपर बिल्ट अप एरिया लगभग 580 वर्ग फीट)/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि 17.01.2023 | अक्टूबर 17, 2022/ रु. 2,65,341/- | कोलकाता/ दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जनवरी 21, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

# अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ सख्ती से चलाएं अभियानः अभिषेक आनंद

## ● डीएम और एसपी ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

संवाददाता। चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की उपस्थिति में अभियोजन एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन से कहा कि 23 जनवरी को सड़क सुरक्षा, मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण का आयोजन किया जाना है, उसमें समस्त विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, एनजीओ, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों, आम जनमानस की अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित कराएं। जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि अपर जिलाधिकारी तथा अपर पुलिस अधीक्षक के साथ रूट प्लान तैयार कराएं। चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी के पास रोड पर एवं ट्राफिक चौराहा की सड़क पर मुख्यालय पर आयोजन कराया गया तथा समस्त उप जिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के बड़े विद्यालयों पर तहसील स्तर कार्यक्रम कराएं। इसी प्रकार खंड विकास अधिकारी के माध्यम से विकास खंडों पर सड़क सुरक्षा, मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण का आयोजन कराया जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि इस संबंध में पोस्टर बैनर लाउडस्पीकर से प्रचार-प्रसार भी कराया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन से निर्देश हैं कि महिला उत्पीड़न, गैंगेस्टर पास्को पर प्रभावी कार्यवाही कराई जाए। अभियोजन व पुलिस मिलकर पैरवी करके सजा दिलाएं। उन्होंने उप जिलाधिकारियों, पुलिस क्षेत्राधिकारियो और थानाध्यक्षों से कहा कि जनसुनवाई पर विशेष ध्यान दें। तहसील व थाना दिवस में जो भी मामले आए तो मौके पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। टैक्सी, टैम्पो स्टैंड का संचालन तथा वसूली किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए। अधिशासी अधिकारियों से कहा कि उप जिलाधिकारियों से संपर्क करके टेंपो, टैक्सी स्टैंड की व्यवस्था कराएं। उन्होंने उप जिलाधिकारियों तथा पुलिस क्षेत्राधिकारियों से कहा कि जो शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किया है उन्हें चिन्हित कर एंटी भू माफिया पर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने कहा कि अवैध लोडिंग परिवहन, अवैध खनन करते पकड़ा जाए तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही कराई जाए।

## जहरीली गैस बनने से फल विक्रेता की मौत

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात

**कस्बे** के इंदिरा नगर निवासी एक फल विक्रेता युवक की जहरीली गैसे दम घुटने से मौत हो गई । पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

इंदिरा नगर पुखराया निवासी अमर सिंह केवट ने बताया कि उसके पिता किशनपाल केवट हरदुआ चौराहे के पास ठिलिया लगाकर फल का बेंचने का धंधा करते थे तथा एक प्राइवेट नौकरी भी करते थे। अमर सिंह ने बताया कि उसके पिताजी ने अलाव तापने के लिये कमरे के अंदर कोयला की अंगीठी गरम की थी। कमरा में ठंडी हवा ने प्रवेश करे इसलिए खिड़की व सभी दरवाजे बंद कर सो गए थे। रात में जहरीली गैस बनने से उनकी दम घुट गयी है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। कालपी घाट मै दाह संस्कार कर दिया गया है।

## विशेष सड़क सुरक्षा माह में वाहन चालकों को किया गया जागरूकता



**उरई (जालौन)।** शुक्रवार को एआरटीओ कार्यालय सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के संबंध में जागरूकता अभियान के अंतर्गत विशेष सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया गया जिसमें आये वाहन चालकों को वाहन चलाते समय उनका पालन भी करें।

एआरटीओ प्रवर्तन उमेश सिंह ने कहा कि यदि वाहन चालक यातायात नियमों की पालन करेंगे तो निश्चित रूप से दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। उन्होंने सुरक्षित एवं सुगम यातायात हेतु सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य हैं जिसके निमित्त जनमानस को यातायात के नियमों एवं सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक किया जाना आवश्यक है।

सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विभिन्न आयोजनों एवं गतिविधियों को सफल बनाने हेतु आवश्यक संबंधित विभागों से परस्पर समन्वय स्थानित करते हुये प्रभावी कार्यवाही की जाये। इसीक्रम में आटा टोल प्लाजा पर हैल्थ परीक्षण, नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया जिसमें डा. हरिचरन सिंह, डा. गोपाल द्विवेदी के द्वारा अनेकों वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया है।

## गमैराथन-रन फार जी-20 कार्यक्रम आज

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी के नवागत अधिशाषी अधिकारी लाल जी यादव ने कहा कि वह शासन की मंशानुरूप चित्रकूटधाम नगरी को साफ स्वच्छ रखने तथा प्रकाश व्यवस्था, नाला नालियों की साफ-सफाई व पालिका से सम्बन्धित जन समस्याओं का निराकरण करने के लिये वह पूर्ण संकल्पित हैं। उन्होने कहा कि प्रभु श्री राम की तपोस्थली चित्रकूट में उन्हें सेवा करने का जो मौका मिला है वह इसे अपने जीवन का एक प्रमुख भाग मान रहें हैं यहां कार्य करने की अपार सम्भावनायें हैं। चित्रकूट को धार्मिक व पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रह है। मुख्यमंत्री योगी जी चित्रकूट को काशी और अयोध्या की तरह विकसित करने के लिये संकल्पित हैं हम उनकी संकल्पना को साकार करने में कोई कसर नहीं छोडेंगे। वह टीम भावना के साथ काम करेंगे। अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अन्तर्गत 14 से 24 जनवरी तक स्वच्छ विरासत अभियान चलाया जा रहा है।

## व्यापारियों ने प्रस्तावित विद्युत दर बढ़ोतरी का विरोध कर सौंपा ज्ञापन



**कायमगंज फर्रुखाबाद।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित ज्ञापन अधिशासी अभियंता विद्युत कायमगंज को सौंपा । सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि बिजली की दरें 16 से 23 प्रतिशत तक बढ़ाए जाने का प्रस्ताव विद्युत कंपनियों द्वारा दिया गया है। इस संबंध में उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में विद्युत की दरें पूर्व में ही अन्य पड़ोसी राज्य दिल्ली, उत्तरांचल की अपेक्षा काफी अधिक हैं । वही उनका कहना है कि वाणिज्य ;एलएलबी .2 के उपभोक्ताओं से फ्री चार्ज मिनियम चार्ज दोनों वसूले जा रहे हैं। जिससेवाणिज्य; एलएलबी. 2 के उपभोक्ताओं की बिजली पूर्व से ही सबसे महंगी है। उनका कहना है कि यदि बिजली की दरें और बढ़ाई जाती हैं ,तो उससे उत्तर प्रदेश के उद्योग जगत एवं व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा । जैसी स्थिति को देखते हुए व्यापारियों ने शासन से प्रस्तावित बढ़ी हुई दरें एवं वाणिज्य उपभोक्ता; एलएलबी .2 के बिलों से मिनिमम चार्ज की व्यवस्था समाप्त करने की मांग की है। विद्युत उपखंड अधिकारी आर के वर्मा को ज्ञापन सौंपते समय संगठन के जिला अध्यक्ष मनोज कौशलए प्रदेश संयुक्त महामंत्री एवं नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, प्रदेश मंत्री एवं नगर महामंत्री अमित सेठ आदि उपस्थित रहे।

## शिविर में 170 लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया



**मिर्जापुर।** एनबीएफसी एमएफआई फ्यूज़न माइक्रो फाइनेंस ने उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में स्वयं सेवी संस्था नेत्रम आई फाउंडेशन के सहयोग से एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। 170 लोगों के स्वास्थ्य की मुफ्त जांच की गईए और साथ में डॉक्टरी सलाह भी दी गई। इस अवसर पर 2 स्त्री रोग विशेषज्ञ और एक जनरल फिजिशियन मौजूद रहे जिन्होंने ब्लड प्रेशरए हीमोग्लोबिन और ब्लड शुगर की जांच की और मुफ्त दवाइयां दी। इस अवसर पर फ्यूज़न माइक्रो फाइनेंस के रीजनल मैनेजर श्री वरुण अरोड़ा ने कहाए श्ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना एक बड़ी चुनौती है। देहात में लोगों को आसानी से यह सेवाएं हासिल नहीं होती इसलिए इन जांच शिविरों के माध्यम से हम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच और मुफ्त दवाएं जैसी जरूरी सेवाओं को पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं।

## अधिवक्ताओं ने पुलिस पर दुर्व्यवहार का आरोप लगा, फूंका थाना प्रभारी का पुतला

**कायमगंज फर्रुखाबाद** । वकीलों और पुलिस के बीच हुई धक्का.मुक्की तथा नोकझोंक का मामला मुंसिफ कोर्ट गेट के सामने स्थित व्यस्त सड़क मार्ग का है। आज यहां कायमगंज बार एसोसिएशन कायमगंज के अधिवक्ता थाना प्रभारी कंपिल का पुतला लेकर पहुंचे। अधिवक्ताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कंपिल थाना प्रभारी के पुतले को आग लगा दी । जिस समय पुतला धूँ-धूँ कर जलने लगा। उसी समय कायमगंज कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक विक्रम सिंह तेजी से आगे बढ़े और झपट्टा मारकर पुतले को अपने कब्जे में लेने का प्रयास करने लगे । जिसका अधिवक्ताओं ने विरोध करते हुए दरोगा को रोका। उसी वक्त एसआई विक्रम सिंह ने जो पहले से अपने हाथ में पानी से भरा हुआ डिब्बा लिए थे । डिब्बे का पानी जलते पुतले के ऊपर डालकर बुझाने लगे। यह देखते ही पुतला दहन स्थल पर मौजूद वकीलों में आक्रोश पनपने लगा ।



वकीलों ने दरोगा के इस कृत्य की कड़े शब्दों में नाराजगी व्यक्त करते हुए निंदा की। साथ ही एसआई को वहां से जाने के लिए कहाए ऐसा न होने पर अधिवक्ताओं ने दरोगा को हाथ पकड़कर वहां से हटाने की कोशिश की। इसी बीच प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कायमगंज जय प्रकाश पाल तेज कदमों से आगे बढ़े और उन्होंने अधिवक्ताओं का विरोध करते हुए पुतले को कब्जे में लेना चाहा। लेकिन पुलिस की मंशा भांप चुके सतर्क हुए वकीलों ने पुलिस को करारा जवाब देते हुए धक्का मारकर वहां से हटा दिया। इस तरह दोनों ओर से तीखी नोकझोंक तथा धक्का.मुक्की का नजारा काफी देर तक दिखाई देता रहा। अधिवक्ता अपने साथी दो वकीलों जिनमें से एक का चालान शांति भंग की धारा 151 तथा दूसरे का चालान एमबी एक्ट में कंपिल पुलिस द्वारा किया गया था। पुलिस की इस कारगुजारी को वकीलों के साथ पुलिस द्वारा किया गया दुर्व्यवहार बताकर अधिवक्ता विरोध कर रहे थे।

## क्विक न्यूज

### एएसपी ने कोतवाली सदर का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण

**हमीरपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने कोतवाली सदर का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय, लॉकअप, अपराध रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्षस भूमि विवाद रजिस्टर व मालखाने का निरीक्षण किया। अभिलेखों का रख-रखाव व थाने में लगे कैमरों व शस्त्रागार में दंगा नियंत्रण उपकरण भी चेक किए। अभिलेखों को समय से अद्यावधिक किये जाने को निर्देशित किया। प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह व अन्य पुलिस कर्मियों को आने वाली जनता से अच्छे से पेश आने व समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। ग्राम प्रहरियों को कंबल वितरित किया।

### घटिया निर्माण को लेकर उच्चाधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**मौदहा (हमीरपुर)।** स्कूल की बाउंड्री वाल निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग करने पर किसान यूनियन ने एसडीएम और तहसीलदार को ज्ञापन देकर मामले की जांच की मांग की है जबकि शिक्षा विभाग ने ग्राम प्रधान द्वारा निर्माण कार्य कराने की बात कही है।

### गैर हाजिर करने पर गुस्साएं सफाई कर्मियों ने काटा हंगामा

**राठ (हमीरपुर)।** नगर पालिका परिसर में हस्ताक्षर करने देरी से पहुंचने पर सभी सफाई कर्मचारियों की अनुपस्थिति लगा दी गई। अनुपस्थिति लगाने से नाराज नगर पालिका सफाई कर्मचारियों ने कार्यालय में जमकर हंगामा काटा। हंगामे के दौरान कुछ देर कार्य बाधित रहा। इसके बाद भी कर्मचारियों ने कार्य नहीं किया। शनिवार को नगर पालिका द्वारा सफाई कर्मियों की हाजिरी लगाने के लिए दोपहर 1 बजे बुलाया गया। किसी कारण वश सफाई कर्मचारी एक घंटा देरी से पहुंचे। जिस पर नगर पालिका में उनकी अनुपस्थिति दर्ज की गई। जिससे नाराज दर्जनों कर्मचारियों ने नगर पालिका ईओ यदुनाथ से शिकायत की। लेकिन समस्या का कोई हल नहीं निकल सका। सफाई कर्मियों ने पालिका में कुछ देर हंगामा काटा। जिस कारण वहां कार्य बाधित रहा। नगर पालिका में नियमित कर्मचारियों में कुछ ही कर्मचारियों की हाजिरी लगाई गई। सफाई कर्मचारियों ने बताया पालिका की ओर से गलत बर्ताव किया जा रहा है। वहीं रिटायर्ड हुए कुछ कर्मचारियों ने पहुंच कर उनकी पेंशन न आने की बात कही। जिस ईओ ने नगर पालिका में बजट न आने की बात कही।

### दंपत्ति को कुल्हाडी मारकर घायल किया

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली के टोला गांव में घर के अंदर खाना खा रहे दंपति को कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है। टोला गांव निवासी ऊदल अनुरागी पुत्र डरौला ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वह घर में खाना खा रहा था। तभी गांव का कल्लू पुत्र बिंदा आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने उक्त व्यक्ति ने कुल्हाड़ी से हमला कर उसे घायल कर दिया। जिससे उसका दाहिना हाथ फैक्चर हो गया। बताया कि आवाज सुन जब उसकी पत्नी प्रकाशरानी बचाने आई तो उसे भी कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। पत्नी के कंधे और हाथ में चोट आई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चौकीदार के खाते से हजारों रुपये कटे

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चौकीदार के खाते से हजारों रुपए निकल गए। पीड़ित चौकीदार ने कोतवाली में लिखित शिकायत की है। सीएचसी के चौकीदार अनिल कुमार ने बताया कि उसका बैंक ऑफबड़ोदा में खाता है। अज्ञात मोबाइल नंबर से उसके पास से लिंक आई। जिसे खोलने पर उसके खाते से 4846 रुपए कट गए। रुपए कटने का मैसेज आने पर उसके होश उड़ गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पढोरी निवासी किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष शिवपूजन निषाद ने एसडीएम और तहसीलदार को सौंपे ज्ञापन में बताया कि पढोरी आनन्द पुर में पूर्व माध्यमिक विद्यालय की बाउंड्री वाल निर्माण में घटिया किस्म की सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है जिससे भविष्य में होने वाले भीषण हादसे की भरपाई होना सम्भव नहीं है।और तत्काल प्रभाव से मामले की जांच की मांग की है।इस सम्बंध में खण्ड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल ने बताया कि बाउंड्री का निर्माण ग्राम प्रधान के द्वारा किया जा रहा है इसमें उनके विभाग का कोई हाथ नहीं है।जबकि इस सम्बंध में ग्राम प्रधान से सम्पर्क नहीं हो सका।

### भट्ठा मजदूर की हत्या करने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार

**पुखरायां, कानपुर देहात।** भोगनीपुर थाना क्षेत्र के उमरिया गांव स्थित भट्टे में देर शाम दो पक्षों के आपसी विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के एक युवक की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी थी । पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। सी ओ भोगनीपुर तनु उपाध्याय की अगुवाई में भोगनीपुर कोतवाल अजय पाल सिंह ने कार्यवाही करते हुए मृतक गोविंद नारायण अहिरवार के तीनों हत्या करने के आरोपित हरचरण के पुत्र कल्लू, कल्लू के पुत्र महेश एवं गंगाचरण के पुत्र छोटे निवासी आटा जिला जालौन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे न्याय यही पुलिस का लक्ष्य होः इराज राजा

### ● मध्य प्रदेश की सीमा से जुड़े इलाकों पर रहेगी खास नजर

संवाददाता। उरई (जालौन)

**नवागंतुक** पुलिस अधीक्षक इराज राजा ने निजी भेंटवार्ता में कहा कि कानून व्यवस्था चुस्त रखने के लिए हर प्रयास किया जायेगा। उन्होंने अपनी प्राथमिकता स्पष्ट करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है अपराध और अपराधी कहीं भी पनपने न पाए और अंतिम व्यक्ति को भी न्याय मिले जिसके लिए जनपद की पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मध्य प्रदेश की सीमा से जुड़े जनपद के इलाके के लिए उन्होंने कहा कि उन इलाकों पर खास नजर रखी जायेगी। उन्होंने यह भी बताया कि अंतर्राज्जीय सीमा से जुड़े अपराधों पर रहेगी पैनी नजर जैसे अवैध शराब का व्यापार। डॉ. ईराज राजा 2017 बैच के आईपीएस अफसर है और पूर्व में अपर पुलिस अधीक्षक



फिरोजाबाद, एसपी ग्रामीण गाजियाबाद रह चुके है। उन्होंने अपनी डॉक्टरी की पढ़ाई मेरठ से की है।

### जुआ, सट्टा खिलवाने जाने वाले जायेंगे जेल

जुआ और सट्टा से जुड़े अपराधों में लिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस तरह के सिंडीकेट चलाने वाले लोगों को सचेत हो जाना चाहिए या जनपद को छोड़ देना चहिए। किसी भी तरह के गैर कानूनी कार्यों में संलिप्त लोगों की पूरी कुंडली एकत्रित कर उन्हें कानून का पाठ पढ़ाया जायेगा।

### पिकेट ड्यूटी सजगता से कर चोरी की घटनाएं रोकेः एसपी

**जालौन (उरई)।** एमएलसी चुनावों को लेकर सजगता दिखाएं। सर्दी के मौसम में चोरी की घटनाएं बढ़ती हैं। इसलिए पिकेट ड्यूटी सजगता से करें। लंबित विवेचनाओं में भी तेजी लाएं। यह निर्देश एसपी ने कोतवाली के निरीक्षण के दौरान अधीनस्थों को दिए। पुलिस अधीक्षक डॉ. इराज राजा ने गुरुवार की रात कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने कोतवाली की साफसफाई व दस्तावेज के रखरखाव को देखा जिससे वह संतुष्ट दिखे। इसके बाद उन्होंने मालखाने में रखे शस्त्रों के रखरखाव एवं कीमती सामान को देखा। भौतिक सत्यापन के बाद एसपी ने लंबित विवेचनाओं की जानकारी ली। साथ ही निर्देश दिए कि लंबित विवेचनाओं को टालें नहीं। गुणदोष के आधार पर लंबित विवेचनाओं का त्वरित निस्तारण करें। उन्होंने अधीनस्थों को निर्देश देकर कहा कि महिलाओं, बच्चों व आईटी के अपराधों के मामले में तत्परता दिखाएं। कहा कि एमएलसी चुनाव होने हैं। इसलिए सजगता दिखाएं। कुछ समय बाद नगर पालिका चुनाव भी होने हैं। ऐसे में नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखें। कहा कि सर्दी के मौसम में पिकेट ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी सजगता से अपनी ड्यूटी को अंजाम दें। अपराध और अपराधियों पर पैनी नजर रखें और सक्रिय अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करें। इस मौके पर सीओ उमेश कुमार पांडेय, कोतवाली प्रभारी कुलदीप तिवारी, एसएसआई आनंद सिंह, एसआई कल्लू यादव, ओंमकार सिंह, अमर सिंह, सर्वेश कुमार, राजकुमार पांडेय चौकी प्रभारी अतुल कुमार राजपूत आदि मौजूद रहे।

### अवैध कारोबार में लिप्त होने पर होगी सख्त कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक इराज राजा ने कहा कि किसी भी तरह के अवैध अपराध में लिप्त लोगों के विरोध होगी वैधानिक कार्यवाही। सरकार की मंशा है कि अवैध गोरखधंधे में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए।

## शिक्षण संस्थाओं के निकट खुले हैं शराब के कई ठेके

**मौदहा (हमीरपुर)।** सरकार के निर्देश के विपरीत काम कर रहे आबकारी विभाग के अधीनस्थों की अनदेखी के चलते शिक्षण संस्थानों से महज चंद कदमों की दूरी पर स्थित मादक तथा नशीले पदार्थों की बिक्री से आहत होकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर ईकाई ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए उक्त दुकानों को वहां से हटवाए जाने की मांग की है।



सरकार के निर्देशानुसार किसी भी शिक्षण संस्थान के सौ मीटर के आसपास किसी तरह के मादक पदार्थों की बिक्री को अवैध माना जाएगा लेकिन इस सब के विपरीत नगर में स्थापित कोचिंग संस्थान सहित अन्य शिक्षण संस्थानों से महज चंद कदमों की दूरी पर स्थित देशी, विदेशी शराब की दुकानों सहित अन्य मादक पदार्थों की बिक्री आबकारी विभाग की अनदेखी के चलते खुलेआम की जाती है जिससे आहत होकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर ईकाई ने उपजिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए इन मादक पदार्थों की दुकानों को अन्य जगहों पर स्थानांतरित करने की मांग की है और चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते उनकी मांग पर विचार नहीं किया गया तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन भी करेगी। इस दौरान अंकित सिंह चंदेल, अक्षय गोहोई सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

## बजट सत्र...

और इसका थीम कमल है जो हमारा राष्ट्रीय पुष्प है। दिलचस्प बात यह है कि वर्तमान संसद भवन 18 जनवरी को अपना स्थापना दिवस मनाया है। इसका उद्घाटन 96 साल पहले वायसरॉय लॉर्ड इरविन ने किया था और उस समय इसे काउंसिल ऑफ हॉउस कहा जाता था।

## कुश्ती महासंघ...

ने गुरुवार को कहा था कि कई और महिला पहलवान यौन शोषण की शिकायतें लेकर सामने आई हैं और वे डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज कराएंगी। उन्होंने दिन में इस संबंध में सरकारी अधिकारियों से मुलाकात की और बाद में बुलावे पर खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ उनके आवास पर रात्रि भोज किया। हालांकि, दोनों बैठकें अनिर्णायक रहीं। सरकार ने डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष को आरोपों का जवाब देने के लिए 72 घंटे (शनिवार शाम तक) का समय दिया है।

## तीव्र विकास...

सफल उम्मीदवारों में ही नहीं बल्कि करोड़ों परिवारों में आशा की नई किरण का संचार करेगा। आने वाले दिनों में लाखों और परिवारों में सरकारी नौकरी मिलने वाली है। प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार के साथ ही राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों में भी लगातार रोजगार मेलों का आयोजन किए जाने का उल्लेख किया और कहा कि जल्द ही मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तराखंड जैसे अनेक राज्यों में भी ए आयोजन होने वाले हैं। उन्होंने कहा, निरंतर हो रहे ए रोजगार मेले अब हमारी सरकार की पहचान बन गए हैं। ए दिखाता है कि किस तरह हमारी सरकार जो संकल्प लेती है, उसे सिद्ध करके दिखाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में भर्ती प्रक्रिया में व्यापक बदलाव हुआ है और केंद्रीय सेवाओं में भर्ती प्रक्रिया पहले की तुलना में ज्यादा सुव्यवस्थित और समयबद्ध बनी है। उन्होंने कहा, पारदर्शी तरीके से भर्ती और पदोन्नति युवाओं में भरोसा जगाती है। ए पारदर्शिता उन्हें बेहतर तैयारी के साथ प्रतियोगिताओं में उतरने के लिए प्रेरित करती है। हमारी सरकार इस दिशा में निरंतर काम कर रही है। नियुक्ति पत्र सौंपे जाने से पहले नवनियुक्त कर्मियों ने कर्मयोगी प्रारंभ मॉड्यूल के बारे में प्रधानमंत्री से अपने अनुभव साझा किए। पश्चिम बंगाल की सुप्रभा, कश्मीर के श्रीनगर के फैजल शौकत शाह, बिहार के दिव्यांग राजू कुमार और तेलंगाना के वायसी कृष्णा सहित कुछ युवाओं ने प्रधानमंत्री को अपने संघर्षों और अनुभवों के बारे में बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं में ज्यादातर बहुत ही सामान्य परिवार के हैं और इनमें कई ऐसे युवा हैं, जो पांच पीढ़ियों में सरकारी नौकरी पाने वाले वाले परिवार के पहले सदस्य हैं। मोदी ने कहा कि आज भर्ती प्रक्रिया में जो पारदर्शिता और रफ्तार देखने को मिल रही है, वह सरकार के हर काम में भी दिख रही है। सड़क और रेल नेटवर्क के विस्तार की दिशा में किए जा रहे कामों और उससे लोगों को मिल रहे स्वरोजगार का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारतनेट प्रोजेक्ट के जरिए हर गांव तक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा, बदलते हुए भारत में, तेजी से आगे बढ़ते हुए भारत में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर लगातार बन रहे हैं। और जब विकास तेज होता है तो स्वरोजगार के अवसर अनगिनत मात्रा में बनने लगते हैं। आज भारत इसे अनुभव कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज स्वरोजगार का क्षेत्र बहुत आगे बढ़ रहा है और पिछले आठ वर्षों में व्यापक स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास से रोजगार के लाखों अवसर बने हैं। उन्होंने कहा कि अवसंरचना में 100 लाख करोड़ का निवेश रोजगार की अपार संभावनाओं के द्वार खोल रहा है।

## बिहार में...

थी। न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ता पटना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं। गौरतलब है कि एक याचिकाकर्ता ने मामले को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किए जाने का अनुरोध किया था। इस पर 11 जनवरी को शीर्ष अदालत ने कहा था कि वह इस मामले पर सुनवाई 20 जनवरी को करेगी। अधिवक्ता बरुण कुमार सिन्हा के जरिए दायर जनहित याचिका में बिहार सरकार के उप सचिव द्वारा राज्य में जातिगत जनगणना कराने के लिए जारी अधिसूचना को रद्द करने और अधिकारियों को इस पर आगे बढ़ने से रोकने का अनुरोध किया गया था। याचिकाकर्ता अखिलेश कुमार ने छह जून, 2022 को जारी बिहार सरकार की अधिसूचना को रद्द करने का अनुरोध किया था।

## भारत-श्रीलंका...

विक्रमसिंघे और विदेश मंत्री अली साबरी के साथ बातचीत के बाद जयशंकर ने एक प्रेस बयान में कहा कि भारत ने हमेशा श्रीलंका की राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का समर्थन किया है। उन्होंने श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे के साथ भारत के सुविचारित दृष्टिकोण को सामने रखते हुए कहा कि 13वें संशोधन का पूर्ण कार्यान्वयन और प्रांतीय चुनावों का शीघ्र संचालन ऋण के बोझ से दबे इस द्वीपीय राष्ट्र की राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। दो दिवसीय दौरे पर यहां आए जयशंकर ने शुक्रवार सुबह ही राष्ट्रपति विक्रमसिंघे, उनके छोटे भाई गोटबाया राजपक्षे, विपक्ष के नेता साजिथ प्रेमदासा से भी मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों के बारे में चर्चा की। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने गुरुवार को श्रीलंका में सुलह और सह-अस्तित्व का आह्वान करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने श्रीलंकाई तमिलों से बात कर और उनकी समस्याओं को समझकर इस बारे में प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस बीच, जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत श्रीलंका की अर्थव्यवस्था में विशेष रूप से ऊर्जा, पर्यटन और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में अधिक से अधिक निवेश को प्रोत्साहित करेगा।

## पहाड़ों में...

विभाग के अनुसार राजधानी में 26 जनवरी तक बादल और बारिश का दौर जारी रह सकता है। इसके बाद ठंड के फिर लौट आने की संभावना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में सुबह नौ बजे समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 277 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। शाम चार बजे यह 226 अंक पर रहा। मौसम विभाग के अनुसार हरियाणा और पंजाब के अधिकांश स्थानों पर शुक्रवार को न्यूनतम तापमान में मामूली वृद्धि दर्ज की गई है। इससे लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत मिली है। हरियाणा के अंबाला में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि हिसार में न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रोहतक में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस, करनाल में 9.7 डिग्री सेल्सियस, सिरसा में 9.2 डिग्री सेल्सियस और कुरुक्षेत्र में 10.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि नारनौल में ठंड का प्रकोप जारी रहा, जहां न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब के अमृतसर और लुधियाना में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस, पटियाला में 8.6 डिग्री सेल्सियस, पठानकोट में 10.5 डिग्री सेल्सियस, फरीदकोट में 9.5 डिग्री सेल्सियस और मोहाली में 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दूसरी ओर बठिंडा में न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दूसरी ओर, कश्मीर के अधिकतर हिस्सों में शुक्रवार को ताजा बर्फबारी होने से श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात ठप हो गया और घाटी से आने-जाने वाली उड़ानें भी प्रभावित हुईं। पहलगाम और गुलमर्ग के साथ-साथ अनंतनाग, कुलगाम, शोपियां, पुलवामा, बडगाम, कुपवाड़ा, गांदरबल और श्रीनगर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई। हालांकि कश्मीर में न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई, लेकिन पूरी घाटी में पारा जमाव बिंदु से नीचे रहा। मौसम विज्ञान विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के कारण 19 से 25 जनवरी तक जम्मू-कश्मीर में बारिश का मौसम रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में भी शुक्रवार को हल्की से मध्यम बर्फबारी हुई, जबकि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य भर में रुक-रुककर बारिश होने से 278 सड़क मार्गों पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। कुल्लू में जलोड़ी जोत और रोहतांग दर्रे में क्रमशः 60 और 45 सेंटीमीटर, जबकि अटल सुरंग के दक्षिण छोर और चैंसल में 30-30 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई। स्थानीय मौसम विज्ञान कार्यालय ने 26 जनवरी तक क्षेत्र में बारिश का पूर्वानुमान लगाया है।

# टैंकों की आपूर्ति पर विवाद को सुलझाने की कोशिश

## ● जर्मनी और यूक्रेन के रक्षामंत्री ने की बात

**भाषा।** रामस्टीन एअर बेस



**जर्मनी के** रामस्टीन एअर बेस पर एकत्र हुए रक्षा नेताओं ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की की शुक्रवार को और सहायता के लिए एक भावपूर्ण दलील सुनी। नेताओं ने इस मुद्दे पर विवाद को सुलझाने की कोशिश की कि यूक्रेन को युद्धक टैंक और अन्य सैन्य सहायता कौन प्रदान करेगा। जर्मनी के नए रक्षा मंत्री ने कहा कि मुद्दा आगे बढ़ रहा है। जर्मनी ने अब तक कीव को लेपर्ड-2 टैंकों की आपूर्ति करने के लिए बढ़ते दबाव का विरोध किया है, या कम से कम पोलैंड जैसे अन्य देशों के लिए उनके स्वयं के आयुध भंडार से जर्मन निर्मित लेपर्ड टैंक प्रदान करने का रास्ता साफ किया है। जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने कॉन्फ्रेंस हॉल के बाहर पत्रकारों से कहा कि लेपर्ड टैंक भेजने के बारे में अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है, हम जल्द से जल्द अपने फैसले करेंगे। ज़ेलेंस्की ने वीडियो लिंक के माध्यम से नेताओं से भावपूर्ण तरीके से कहा कि वे यूक्रेन को और सैन्य सहायता उपलब्ध कराएं। सम्मेलन के शुरू होते ही अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा, यह एक महत्वपूर्ण क्षण है। रूस फिर से संगठित हो रहा है, भर्ती कर रहा है और फिर से हावी होने की कोशिश कर रहा है। ऑस्टिन ने कहा, हमें अपनी गति और अपने संकल्प को बनाए रखने की जरूरत है। वहीं, क्रेमलिन के प्रवक्ता ने कहा कि पश्चिमी टैंकों की तैनाती के "स्पष्ट रूप से नकारात्मक" परिणाम होंगे।

### अमेरिका ने यूक्रेन को 2.5 अरब डॉलर की और सैन्य सहायता देने की घोषणा की

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूसी आक्रमण के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन को 2.5 अरब डॉलर की अतिरिक्त सैन्य सहायता देने की घोषणा की है। इसके साथ ही अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दी जाने वाली कुल सैन्य मदद 27.5 अरब डॉलर हो गई है। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बृहस्पतिवार को एलान किया, इस सहायता पैकेज के तहत यूक्रेन को स्ट्राइकर बख्तरबंद कार्मिक वाहन समेत सैकड़ों अतिरिक्त बख्तरबंद वाहन, ब्रैडली इंफ्रेंट्री लड़ाकू वाहन, बारूदी सुरंग रोधी वाहन और हाई मोबिलिटी मल्टीपर्पज वाहन दिए जाएंगे। उन्होने बताया कि इस पैकेज मे यूक्रेन को अहम अतिरिक्त हवाई रक्षा प्रणाली दी जाएगी।

### पश्चिमी राजदूतों ने तनाव दूर करने के लिए कोसोवो-सर्बिया का दौरा किया

**प्रिस्टीना।** कोसोवो और सर्बिया के बीच जारी तनाव को कम करने के इरादे से पश्चिमी देशो के राजदूतों ने शुक्रवार को दोनों देशों का दौरा किया ताकि उनके बीच तनाव को कम करने और सुलह समझौता कराने मे मदद की जा सके। अमेरिका, यूरोपीय संघ, फ्रांस जर्मनी और इटली के राजदूतों ने कोसोवो मे प्रधानमंत्री अल्बिन कुर्ती से मुलाकात की। उनकी योजना दिन में बेलग्रेड जाकर सर्बिया के प्रधानमंत्री एलेक्जेंडर वूसिक से मुलाकात करने की है ताकि सर्बिया और कोसोवो के रिश्तो को सामान्य बनाने के लिए अगले संभावित कदमो पर चर्चा की जा सके। यूरोपीय संघ के राजदूत मिरोस्लाव लाजकेक ने कहा कि ढाई घंटे से अधिक समय लंबा था... पर आसान नही...लेकिन ईमानदारी से कहूं तो कुर्ती के साथ बहुत ही खुले माहौल में बातचीत हुई। स्लोवाकिया के पूर्व विदेश मंत्री लाजकेक ने कहा, हम उम्मीद करते है कि इन प्रस्तावो के अवसरो के प्रति बेहतर समझ पैदा होगी। गौरतलब है कि कोसोवो ने वर्ष 2008 में सर्बिया से आजादी की घोषणा की थी। रूस और चीन से समर्थन प्राप्त सर्बिया ने कोसोवो की आजादी को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था जबकि अमेरिका और अधिकतर पश्चिमी देशो ने कोसोवो को मान्यता दे दी थी। कोसोवो अल्बानियाई अलगाववादियो के खिलाफ वर्ष 1999 मे सर्बिया द्वारा शुरू की गई कार्वाई 78 दिनो तक नाटो द्वारा की गई बमबारी के बाद खत्म हुई।

# भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली ने दिए राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल होने के संकेत

**भाषा।** वाशिंगटन



**प्रमुख** भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन नेता निक्की हेली ने कहा है कि उन्हें लगता है कि वह देश को नई दिशा में ले जाने वाली नई नेता हो सकती हैं और अमेरिका के राष्ट्रपति के तौर पर जो बाइडन को दूसरा कार्यकाल मिलना संभव नहीं। फॉक्स न्यूज को बृहस्पतिवार को दिए साक्षात्कार में साउथ कैरोलिना की पूर्व गवर्नर और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत ने कहा कि वह संभावित राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने की योजना बना रही हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल हो रही हैं, इक्यावन-वर्षीय नेता ने कहा, मुझे लगता है, आप नजर रखें। खैर, मैं यहां कोई घोषणा नहीं करने जा रही हूं। हालांकि, साक्षात्कार के दौरान हेली ने संकेत दिया कि वह अमेरिका की नई नेता हो सकती हैं। हेली ने कहा, लेकिन जब आप राष्ट्रपति पद की दौड़ देख रहे हैं, तो आप दो चीजों को देखते हैं। आप पहले देखते हैं कि क्या मौजूदा स्थिति नए नेतृत्व का संकेत दे रही है? दूसरा सवाल यह है कि क्या मैं वह व्यक्ति हूं, जो नया नेता उभर सके, हां, हमें एक नई दिशा में जाने की जरूरत है? और क्या मैं वह नेता हो सकती हूं? हां, मुझे लगता है कि मैं वह नेता हो सकती हूं। अक्टूबर 2018 में ट्रम्प प्रशासन से इस्तीफा देने वाली हेली ने कहा कि उन्होंने गवर्नर और राजदूत के रूप में बहुत अच्छा काम किया था। लुइसियाना के साथी रिपब्लिकन बॉबी जिंदल के बाद भारतीय मूल की दूसरी गवर्नर हेली ने कहा कि यह रिपब्लिकन पार्टी में नया नेतृत्व लाने का समय है। साक्षात्कार के दौरान हेली ने इस बात पर भी जोर दिया कि एक डेमोक्रेट राष्ट्रपति बाइडन को दूसरा कार्यकाल नहीं दिया जाना चाहिए। अगला अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव पांच नवंबर, 2024 को होना है।

### मैक्रों ने सैन्य खर्च बढ़ाने की योजना का प्रस्ताव दिया

**मॉंट डे मरसान (फ्रांस)।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार को इस दशक के अंत तक रक्षा खर्च में पर्याप्त वृद्धि और उभरते खतरों का सामना करने तथा यूक्रेन में युद्ध के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए फ्रांस की परमाणु संपन्न सेना को मजबूत बनाए जाने का प्रस्ताव दिया। मैक्रों ने 2024-2030 की अवधि के लिए सैन्य खर्च में 413 अरब यूरो के प्रस्ताव की घोषणा की। उन्होंने यूक्रेन युद्ध और अन्य खतरों के मद्देनजर नई रक्षा रणनीति पर सैन्य कर्मियों को संबोधित करते हुए यह ऐलान किया। मैक्रों ने हाइब्रिड युद्ध, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर बढ़ते साइबर हमलों और आतंकवाद से लगातार खतरों का जिक्र किया।

### पाकिस्तान में रेलवे लाइन के पास विस्फोट में आठ यात्री घायल

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को रेलवे लाइन के करीब हुए विस्फोट से माच से पेशावर जा रही एक ट्रेन के छह डिब्बे पटरी से उतर गए जिसमें आठ यात्री घायल हो गए। रेलवे के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। बलूचिस्तान प्रांत के बोलन जिले के पनीर इलाके में विस्फोट उस समय हुआ जब पेशावर जाने वाली जाफर एक्सप्रेस इलाके से गुजर रही थी। पाकिस्तान रेलवे के प्रवक्ता मुहम्मद काशिफ ने पुष्टि की कि भीषण विस्फोट के कारण ट्रेन की छह बोगियां पटरी से उतर गईं, जिससे आठ यात्री घायल हो गए।

### फर्जी मुकदमा दायर करने पर ट्रंप व उनके वकील पर जुर्माना

**न्यूयार्क।** अमेरिका की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके एक वकील पर हिलेरी क्लिंटन एवं अन्य लोगों के खिलाफ फर्जी मुकदमा दायर करने के लिए करीब 10 लाख अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया है। फ्लोरिडा की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को यह अपना आदेश सुनाया। अमेरिकी जिला न्यायाधीश डोनाल्ड एम मिडिलब्रुक्स ने ट्रंप की खिंचाई करते हुए उन पर राजनीतिक उद्देश्यों के लिए फर्जी मुकदमे दायर करने की खातिर अदालतों के दुरुपयोग का आरोप लगाया।

### अमेरिका में मंदिर से कीमती चीजें चोरी

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में एक हिंदू मंदिर में चोरों ने धावा बोल दिया और परिसर से कुछ कीमती चीजें चुरा लीं। मीडिया में आई खाई खबर के मुताबिक, टेक्सास में ब्राजोस वैली स्थित श्री ओमकारनाथ मंदिर में 11 जनवरी को यह घटना हुई। मंदिर के बोर्ड सदस्य श्रीनिवास एस. ने घटना पर रोष व्यक्त किया।

# दक्षिण कोरिया में अस्थाई आवासों में लगी भीषण आग

## ● सैकड़ो लोग विस्थापित

**भाषा।** सियोल



**दक्षिण कोरिया की** राजधानी के पास शुक्रवार सुबह घनी आबादी वाले अस्थाई आवासों में भीषण आग लग गई, जिससे कम से कम 60 मकान जलकर खाक हो गए। करीब 500 स्थानीय लोगों को सुरक्षित ठिकानों तक पहुंचाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि दमकलकर्मियों ने करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद सियोल के गुरयोंग गांव में लगी आग पर काबू पाया। अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। सियोल में गंगनम जिले के दमकल विभाग के अधिकारी शिन योंग-हो ने बताया कि बचावकर्मी आग से प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की तलाश कर रहे हैं। हालांकि, माना जा रहा है कि सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। आग सुबह करीब साढ़े छह बजे लगी थी। आग पर काबू पाने के लिए और लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए 800 से अधिक दमकलकर्मियों, पुलिस अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों को तैनात किया गया। घटनास्थल की तस्वीरों में दमकलकर्मी घने धुएं से ढके गांव में आग की लपटों को बुझाने की कोशिश करते और हेलीकॉप्टर के जरिए ऊपर से पानी का छिड़काव करते दिख रहे हैं। शिन योंग-हो ने बताया कि ऐसा अनुमान है कि गांव में प्लास्टिक शीट और लकड़ी (प्लाईवुड) से बने एक घर में आग लग गई थी, जो बाद में बाकी मकानों में फैल गई। उन्होंने बताया कि आग लगने की उचित वजह का पता लगाया जा रहा है। गंगनम जिला कार्यालय के अधिकारी किम अह-रेम ने बताया कि करीब 500 लोगों को नजदीक स्थित जिम और एक स्कूल में ठहराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से अधिकतर के घर लौटने की उम्मीद है, लेकिन कम से कम 45 लोग जिनके घर पूरी तरह खाक हो गए या बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए वे अस्थाई रूप से एक होटल में रहेंगे। करीब 60 मकान आग की चपेट में आ गए। गांव के 66 वर्षीय निवासी किम सुंग-हान ने कहा, चंद्र नव वर्ष (लूनर न्यू ईयर) की छुट्टियों पर ऐसा कैसे हो सकता है? वह देश की सबसे बड़ी वार्षिक छुट्टियों का उल्लेख कर रहे थे, जो सप्ताहांत से शुरू होकर मंगलवार तक जारी रहेगी। किम ने कहा, मुझे केवल इन कपड़ों में घर से भागना पड़ा, मैं कुछ साथ नहीं ला सका...मैं काम पर भी नहीं जा सकता जबकि यहां पहले ही गुजर बसर करना बेहद मुश्किल है। गांव के सामुदायिक नेताओं में से एक ली वून-चेल ने कहा कि स्थानीय लोगों ने तुरंत ही आग लगने की सूचना दे दी थी। दमकलकर्मियों ने घर-घर जाकर लोगों की तलाश की और उन्हें निकालने में मदद की।

## तिब्बत में राजमार्ग पर हिमस्खलन में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 20 हुई

**भाषा।** बीजिंग

**तिब्बत में** एक राजमार्ग की सुरंग के बाहर हिमस्खलन में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है। बचाव एवं राहत प्रयास जारी हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, आठ लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। तिब्बत के दक्षिण-पश्चिम में न्यिंगची शहर को मेडोग काउंटी से जोड़ने वाली सुरंग के बाहर की तस्वीरों में करीब छह कर्मी जमी बर्फ को हटाते नजर आ रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि करीब 1,000 बचावकर्मी और दर्जनों आपातकालीन वाहन बचाव एवं राहत कार्य में जुटे हुए हैं। मंगलवार की शाम सुरंग के ठीक बाहर कई टन बर्फ गिरी, जिससे कई चालक वाहनों समेत बर्फ में दब गए। चीन में रविवार से शुरू होने वाली नव वर्ष की छुट्टी के लिए कई लोग अपने-अपने घर जा रहे थे।

## एफबीआई ने चीन के कृत्रिम बुद्धिमत्ता कार्यक्रम पर गहरी चिंता जताई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक क्रिस्टोफर व्रे ने कहा कि वह चीन सरकार के कृत्रिम बुद्धिमत्ता कार्यक्रम को लेकर बहुत चिंतित हैं क्योंकि यह कानून द्वारा नियंत्रित नहीं है।

# चिनफिंग ने पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन सीमा पर तैनात सैनिकों की युद्ध तैयारी का जायजा लिया

**भाषा।** बीजिंग



**चीन** के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन सीमा पर तैनात सैनिकों से वीडियो कॉन्फ्रेंस से बातचीत की और उनकी युद्ध तैयारियों का जायजा लिया। आधिकारिक मीडिया ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी। शी ने यहां पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) मुख्यालय से शिनजियांग सैन्य कमान के तहत खंजराब में सीमा पर तैनात सैनिकों को संबोधित किया। शी चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव और पीएलए के प्रमुख भी हैं। आधिकारिक मीडिया में दिखाए गए वीडियो के अनुसार, शी ने सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि किस प्रकार हाल के वर्षों में, क्षेत्र में लगातार बदलाव हो रहा है और किस प्रकार इसने सेना को प्रभावित किया है। रिपोर्ट के अनुसार, सैनिकों में से एक ने जवाब दिया कि वे अब 24 घंटे सीमा की निगरानी कर रहे हैं। शी ने उनकी स्थिति के साथ ही यह भी सवाल किया कि क्या उन्हें दुर्गम इलाके में ताजी सब्जियां मिल रही हैं। आधिकारिक मीडिया के अनुसार, शी ने जवानों से सीमा पर उनकी गश्त और प्रबंधन कार्य के बारे मैं सवाल किया। उन्होंने सैनिकों की सराहना करते हुए उन्हें अपने प्रयास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। पूर्वी लद्दाख के पैंगोंग झील क्षेत्र में पांच मई, 2020 को हिंसक झड़प के बाद भारत और चीन के बीच गतिरोध शुरू हो गया था। पूर्वी लद्दाख में सीमा गतिरोध के संबंध में दोनों पक्षों के बीच उच्चस्तरीय सैन्य वार्ता के 17 दौर हो चुके हैं, लेकिन बाकी मुद्दों के समाधान में कोई खास प्रगति नहीं हुई। भारत ने जोर दिया है कि चीन के साथ द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति जरूरी है।

## सुनक ने गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट हटाने को लेकर माफी मांगी, पुलिस कर रही है जांच

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन के** प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड में वाहन चलाते समय एक वीडियो बनाने के लिए अपनी सीट बेल्ट हटाने को लेकर माफी मांगी है। वहीं, स्थानीय पुलिस बल ने शुक्रवार को कहा कि वे मामले की जांच कर रहे हैं। लंकाशायर पुलिस ने कहा कि उसे मामले के बारे में बृहस्पतिवार को पता चला जब सुनक ने उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड में गाड़ी चलाते वक्त एक वीडियो बनाने के लिए अपनी सीट बेल्ट हटाने के वास्ते माफी मांगी। अगर वह पुलिस द्वारा दोषी पाए जाते हैं तो उन पर 100 ब्रिटिश पाउंड का जुर्माना लगाया जा सकता है। सुनक के डाउनिंग स्ट्रीट (प्रधानमंत्री कार्यालय) के प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने केवल थोड़ी देर के लिए अपनी सीट बेल्ट हटाई थी और वह स्वीकार करते हैं कि उनसे गलती हुई है। ब्रिटेन में कार में सीट बेल्ट न लगाने पर 100 पाउंड का तत्काल जुर्माना है। अगर मामला अदालत में जाता है तो यह जुर्माना बढ़कर 500 पाउंड हो जाता है। वैध चिकित्सा कारणों के चलते सीट बेल्ट लगाने में कई बार छूट दी जाती है। सुनक के प्रवक्ता ने कहा, यह उनके निर्णय लेने में एक मामूली चूक थी। प्रधानमंत्री ने एक छोटा वीडियो बनाने के लिए अपनी सीट बेल्ट हटाई थी। वह पूरी तरह से अपनी गलती स्वीकार करते हैं और माफी मांगते हैं। प्रवक्ता ने कहा, प्रधानमंत्री का मानना है कि सभी को सीट बेल्ट लगानी चाहिए।

# अर्डर्न का इस्तीफाः अनुचित आलोचनाओं व अपेक्षाओं का नतीजा

**(सुज विल्सन, सीनियर लेक्चरर, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, मैसी यूनिवर्सिटी)**

**भाषा।** पामर्स्टन नॉर्थ (न्यूजीलैंड)



**शेक्सपियर** ने 1500 के दशक में लिखा था, जो सिर ताज पहनता है, वह बेचैन होता है। यह कोई नया विचार नहीं है कि शीर्ष स्तर के नेतृत्व के पद अत्यधिक तनावपूर्ण होते हैं और उनकी भारी कीमत चुकानी पड़ती हैं। लंबे समय तक रहने वाला तनाव हताशा में बदल सकता है। फिर भी शायद हममें से कुछ ही कभी समझ सकते हैं कि वास्तव में एक देश का नेतृत्व करना कितना कठिन और पेचीदा काम है। विशेष रूप से संकट के समय में और हमारे आधुनिक मीडिया और ऑनलाइन वातावरण के साथ, एक नेता का हर बयान और हर कदम व्यापक जांच और टिप्पणी से घिरा होता है। न्यूजीलैंड की प्रधान मंत्री जेसिंडा अर्डर्न के बारे में की जाने वाली टिप्पणियों की एक परेशान करने वाली बात इनका अपमानजनक, हिंसक, यौनवादी और स्त्री विरोधी स्वर रहा है। हालांकि अर्डर्न ने इस्तीफा देने के अपने फैसले के कारणों में इस बात का जिक्र नहीं किया है कि उन्हें इस तरह से लक्षित किया जा रहा है, और उनके साथी और यहां तक कि उनके बच्चे को भी लक्षित किया गया है, निश्चित रूप से इस सब ने उनके पहले से ही कठिन काम को और अधिक चुनौतीपूर्ण बना दिया होगा। संकट, दयालुता और साहसी निर्णयसंकट को लंबे समय से एक नेता के कौशल और चरित्र की सबसे गहन परीक्षा के रूप में देखा जाता रहा है। इन्हें कई बार ऐसे बड़े फैसले लेने पड़ते हैं जो वास्तव में जीवन और मृत्यु के निहितार्थ होते हैं। निर्णय तेजी से किए जाने चाहिए, लेकिन अकसर सही फैसले लेने और उनके परिणामों का अनुमान लगाने के लिए जरूरी जानकारी उपलब्ध नहीं होती। अर्डर्न के प्रधानमंत्री बनने के बाद उनपर एक के बाद एक संकटों का पहाड़ टूट पड़ा। उन्होंने उनका जवाब देने में अपने चरित्र की ताकत और नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन किया। क्राइस्टचर्च आतंकी हमलों से निपटने में उनके धैर्य, करुणा और इस तरह के जघन्य कृत्यों को यहां दोहराया नहीं जा सके, यह सुनिश्चित करने के निर्णायक संकल्प के लिए उनकी वैश्विक प्रशंसा हुई। अर्डर्न ने अपने फैसलों में कठोर निर्णय लेने के साहस के साथ करुणा और दया को मिलाने की कोशिश की जो उनकी शैली की एक प्रमुख विशेषता है। एक नेता से अवास्तविक अपेक्षाएँ : महामारी के दौरान, अर्डर्न ने बार-बार साहसी निर्णय लेने की अपनी इच्छा को साबित किया है। सरकार की कोविड प्रतिक्रिया के लिए जनता की समझ और समर्थन को जुटाने के उनके कौशल के साथ, यह उन्मूलन रणनीति की सफलता के लिए महत्वपूर्ण था। उनके नेतृत्व के कारण कई लोगों की जान और आजीविका बचाई गई। जब डेल्टा और उसके बाद ओमिक्रोन आया, तो अर्डर्न ने बदलते संदर्भ में सरकार की नीतियों को लगातार अनुकूलित करने की कोशिश की। उनकी दृढ़ता उनकी कई खूबियों में से एक हो सकती है, लेकिन हठधर्मिता उनकी कमजोरियों में से एक नहीं है।बेशक सभी निर्णय इष्टतम साबित नहीं हुए – उनसे ऐसा होने की उम्मीद करना बेहद अवास्तविक होगा। उनके कुछ फैसलों ने एक मजबूत नकारात्मक प्रतिक्रिया दी। लेकिन नेताओं से पूर्णता की उम्मीद करना समझदारी नहीं है, और बड़े पद पर रहते हुए कठिन फैसले करना अनिवार्य रूप से काम का हिस्सा है जिससे हर कोई सहमत नहीं होगा।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Muskan Sahni W/o Mr. Aashman Gilotra R/o # 848, Block I, Palam Vihar, Choma, Gurgaon have changed my name to Muskan Gilotra.
PD(90253)C

NOTICE

I Saahil Chopra S/o Shri Ashok Chopra R/o C-46, Greater Kailash Part – 1, New Delhi – 110048, declared that, I had purchased a property bearing No. **M – 1010** in project **Aditya Urban Homes,** located at NH - 24, Uttar Pradesh. I further sold this property to one Mr. Trilok Chand, but due to some unforeseen reasons this deal got cancelled. The developer of the said property, **M/s. Shubh Homes Realcon Pvt. Ltd.** had issued NOC in name of Mr. Trilok Chand for the transfer of the said property. That the NOC got lost.
I hereby declare that the deal stands cancelled and so does the NOC.

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि बीएम गुप्ता हॉस्पिटल प्रा. लिमिटेड, एच-9 से एच-15, उत्तम नगर, नई दिल्ली -110059 द्वारा 01-01-2019 से 31-12-2019 की अवधि के लिए स्वीकार्य नियमों के अनुसार रोगियों के रिकॉर्ड को नष्ट कर दिया जाएगा। यदि किसी को उपरोक्त उल्लिखित अवधि का रोगी रिकॉर्ड चाहिए, तो 31-01-2023 से पहले दूरभाष 011-47157777 पर या बीएम गुप्ता अस्पताल में चिकित्सा निदेशक से संपर्क करें।
डॉ. बीएम गुप्ता
Director

PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given that my client Mukesh Mittal is in process to purchase the Property bearing no. RA-14 (adjacent with property no. RA-15) area measuring 100 sq. yds. situated in the area of village Naraina in the abadi of an approved colony Inderpuri, New Delhi from Bhumika Rajpal, who acquired the same vide Gift Deed dated 4/11/2022 (Doc No. 6334) executed by Harish Kumar, whereas Harish Kumar was the only live legal heir of late kaushaliya Sharma
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.
Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

Public Notice

This is to inform general public that Sh. G. S. Saluja and Smt. Raj Saluja are the owners of the property bearing No. 95 & 96, at Dhudial CGHS, now known as Dhudial Apartments, Pitampura, Madhuban Chowk, Delhi vide Conveyance Deed dated 27.02.2006 (Doc. No. 4468) and Conveyance Deed dated 27.02.2006 (Doc. No. 4469). That, Sh. G. S. Saluja and Smt. Raj Saluja have misplaced the below mentioned documents.a.Original Allotment Letter issued by DDA to Mr. Kuldip Singh in respect of the property bearing No. 95. B.Original GPA, ATS & Will executed by Mr. Kuldip Singh in favour of Mr. G.S Saluja in respect of the property bearing No. 95.c. Original Allotment Letter issued by DDA to Mr. Kuldip Singh in respect of the property bearing No. 96.d. Original GPA, ATS & Will executed by Mr. Kuldip Singh in favour of Mr. G.S Saluja in respect of the property bearing No. 96.Anyone who find the above said documents shall handover the same to the Manager of HDFC Bank Ltd. having its office at 3rd Floor, A Wing Plot no. 31, Najafgarh Industrial Area Shivaji Marg, Moti Nagar, New Delhi - 110015. Now, Sh. G. S. Saluja and Smt. Raj Saluja are availing loan on this property from HDFC Bank Ltd. by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

NOTICE

I Pankaj Kumar Sharma S/o Govind Swaroop Sharma R/o Flat No – 704, Aster – 4, Supertech Emerald Court, Sector – 93 A, Noida, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh being the Authorized Representative of **M/s Investors Clinic Infratech Pvt. Ltd.** Address 5th Floor, Tapasya Corp. Heights, Sector – 126, Noida, have declared that M/s Investors Clinic Infratech Pvt. Ltd. have purchased a property bearing No. **Spira - 4610 Project Supertech Supernova**, address Sector – 94, Noida , Uttar Pradesh, we have lost the original allotment letter of the above said property, we have request M/s SUPERTECH REALTORS PVT LTD to issue the duplicate allotment letter of the said property, if anybody or any financial Institutions have any objection, he/she may contact to M/S SUPRTECH LIMITED office Plot no-C-2, Sector 96, Noida 201303 (UP), within Fifteen Days.

सार्वजनिक सूचना

सार्वजनिक सूचना जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्न लिखित आवेदक/आवेदको ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 मे उल्लिखित सम्पत्ति जो प्राधिकरण की आवासीय योजना के अन्तर्गत स्थित है। भवन के आवंटीगण श्री ज्ञान चन्द्र छावड़ा पुत्र श्री परमानन्द छावड़ा द्वारा मु0आम0 श्री विजय कुमार चडढा पुत्र श्री देशराज चडढा की मृत्यु दिनांक 14-09-2010 को होने के कारण नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। क्रम संख्या 1-1 मूल आवंटी/पट्टाधारक स्वामी का नाम क्रम संख्या-2 श्री ज्ञान छावड़ा द्वारा मु0आम0 श्री विजय कुमार चडढा भवन संख्या क्रम संख्या-3 एफ-305ए ईडब्लू एस डी/एस योजना का नाम क्रम संख्या-4 नन्दग्राम आवेदक का नाम पिता का नाम सहित क्रम संख्या-5 श्री समीर चडढा पुत्र स्व0 श्री विजय कुमार चडढा आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या क्रम संख्या-6 भवन संख्या-एफ-305 नन्दग्राम गाजियाबाद नामान्तरण का आधार क्रम संख्या-7 आवटी की मृत्यु के उपरान्त नाम दर्ज पट्टाघृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति क्रम संख्या-8 मूल आवटी द्वारा मु0आम0 यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भवन के नामन्तरण के विरूद्व कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्तियों सहायक दस्तावेजो सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर प्रभारी सम्पत्ति गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को प्रस्तुत कर सकता /सकती है अन्यथा स्तम्भ-5 मे अंकित व्यक्ति का नाम से सम्पत्ति का नामान्तरण प्रधिकरण अभिलेखो मे दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश चातवर्ती दावा यदि कोई हो तो ग्रहण नही किया जायेगा। सहायक प्रभारी संपत्ति गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

PUBLIC NOTICE

It is to inform to the public at large **Mrs. Nisha W/o Mr. Ompal** who is Gifting the Plot of land with area measuring 140 sq. yds. i.e. 117.054 sq. mtrs., out of Gata No. (Khasra No) 76, 551, 1038BA, 260/1160, 1038VA, situated at Village Vaina, Pargana Tappal, Tehsil Khair., DistrictAligarh, U.P. from Mr. Ompal Singh s/o Mr. Soni Singh, who had owner through Khatauni Record, and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **07 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.
Lucem Legal LLP
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank Sector 2, Noida, UP - 201301
Contact # 0120-4269379

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर – 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि नीरज शर्मा/राकेश कुमार शर्मा (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीजीएचजैड00004449519 एवं एलबीजीएचजैड00005240430 तथा पता फ्लैट नंबर 3जी–403, चतुर्थ तल, निलय ग्रीन्स–ब्लॉक 3(पार्ट जी) खसरा नंबर 1015, 1023/1, 1023/2 मिन ग्राम मोरटा परगना जलालाबाद तहसील और जिला के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।
बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 16 जनवरी, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि निलय इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।
कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।
दिनांकित : 21 जनवरी, 2023 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./–

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने का कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सोनिया पंत/ योगेश पंत/ LBGUR00002488208/ LBGUR00002495142 | फ्लैट नंबर 201, दूसरी मंज़िल, टावर– डैफोडिल, ब्लॉक-ई, ओमैक्स एन्क्लेव, ओमैक्स पैनोरमा सिटी होम्स भिवाड़ी/ जनवरी 17, 2023 | जून 19, 2021 रु. 31,15,955/- | दिल्ली/ एनसीआर भिवाड़ी |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।
दिनांक : जनवरी 21, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# 2002 के दंगों की सच्चाई सामने आने से डरे हुए हैं प्रधानमंत्री मोदीः कांग्रेस

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अभी भी 2002 के दंगों की सच्चाई सामने आने से डरे हुए हैं और बीबीसी के वृत्तचित्र को अवरुद्ध करना अलोकतांत्रिक है। विपक्षी दल कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार सच्चाई पर कितना भी पर्दा डालने की कोशिश कर ले, दुनिया सच देख ही लेती है। कांग्रेस महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल ने कहा, 21 साल बाद 2002 का सच सामने आने से नरेन्द्र मोदी अभी भी डरे हुए हैं। बीबीसी के उस वृत्तचित्र को अवरुद्ध करना, जो सीधे तौर पर उन्हें नरसंहार के लिए दोषी ठहराती है, एक कायरतापूर्ण, अलोकतांत्रिक कृत्य है।

यह कृत्य स्पष्ट रूप से मोदी के तानाशाही रवैए को दर्शाता है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा प्रधानमंत्री मोदी का बचाव करने के बाद, कांग्रेस सचिव आशीष दुआ ने पूछा, क्या ऋषि सुनक ने गुजरात पर काफी शोध कर बनाए गए बीबीसी का वृत्तचित्र देखा है। कांग्रेस की एक अन्य प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने कहा, बीबीसी के वृत्तचित्र से पता चलता है कि ब्रिटिश सरकार की जांच में 2002 के गुजरात दंगों के लिए नरेन्द्र मोदी को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया गया था।

उन्होंने ट्वीट किया, भाजपा सरकार सच्चाई को कितना भी छुपाने की कोशिश कर ले, दुनिया मोदी को उसी रूप में देखती है, जो वह वास्तव में हैं। भारत सरकार ने बीबीसी के इस वृत्तचित्र की निंदा की है और इसे संदिग्ध एजेंडे वाली दुष्प्रचार सामग्री करार दिया है। कार्यक्रम भारत में प्रदर्शित नहीं किया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बीबीसी के इस वृत्तचित्र पर बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में संवाददाताओं के सवालों का जवाब देते हुए कहा था कि यह एक गलत आख्यान को आगे बढ़ाने के लिए दुष्प्रचार का एक हिस्सा है। बीबीसी ने इंडिया : द मोदी क्वेश्चन शीर्षक से दो भाग में एक श्रृंखला बनाई है। यह श्रृंखला गुजरात में 2002 में हुए दंगों के बारे में है, जब मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे।

# तिवारी ने समलैंगिक सौरभ पर रिपोर्ट करने को लेकर रॉ के अधिकार पर उठाए सवाल

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी** ने एक समलैंगिक व्यक्ति सौरभ कृपाल पर रिपोर्ट करने को लेकर रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के अधिकार पर शुक्रवार को सवाल उठाया। उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने अपनी समलैंगिक पहचान खुले तौर पर स्वीकार करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता सौरभ कृपाल को दिल्ली उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करने की 11 नवंबर, 2021 की अपनी सिफारिश को बृहस्पतिवार को दोहराया था। कॉलेजियम ने केंद्र की इस दलील को खारिज किया कर दिया था कि भारत में समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है लेकिन समलैंगिक विवाह को अब भी मान्यता नहीं है।

कॉलेजियम के बयान में कृपाल के यौन रुझान के बारे में उनके द्वारा खुलकर बात करने के लिए उनकी सराहना की गई है। इसने कहा कि इसका श्रेय कृपाल को जाता है कि वह अपने यौन रुझान को छुपाते नहीं हैं। उच्चतम न्यायालय के बयान में कहा गया था, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के 11 अप्रैल, 2019 और 18 मार्च, 2021 के पत्रों से ऐसा प्रतीत होता है कि इस अदालत के कॉलेजियम द्वारा 11 नवंबर, 2021 को सौरभ कृपाल के नाम को लेकर की गई सिफारिश पर दो आपत्तियां हैं : पहला कि सौरभ कृपाल का साथी स्विट्जरलैंड का नागरिक है, और दूसरा यह कि वह घनिष्ठ संबंध में हैं और अपने यौन रुझान को खुले तौर पर स्वीकार करते हैं।

इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए तिवारी ने कहा कि यह अजीब बात है कि रॉ एक भारतीय नागरिक पर रिपोर्ट कर रहा था। कांग्रेस नेता ने ट्विटर पर लिखा, रॉ के पास एक स्पष्ट बाहरी अधिकार है। भले ही कृपाल का साथी एक स्विस नागरिक है, फिर भी यह खुफिया ब्यूरो का काम है, न कि रॉ का, जब तक कि हम उनके मूल देश में उनकी परिचय की जांच नहीं कर रहे हैं। तिवारी ने कहा, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) एक भारतीय नागरिक की यौन संबंधी पसंद की जांच कैसे कर रहा था। यहां तक कि भारत में रहने वाला एक स्विस नागरिक भी उनकी जांच के दायरे में नहीं आएगा।



कठुआ में कांग्रेस नेता राहुल गांधी साथ में कांग्रेस सांसद के.सी. वेणुगोपाल और शिवसेना सांसद संजय राउत भारत जोड़ो यात्रा में हुए शामिल

# बेंगलुरु में रोड रेज की घटना में एक व्यक्ति को कार के बोनट पर 1 किमी तक घसीटा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में शुक्रवार को हुई रोड रेज की एक घटना में एक व्यक्ति को कार के बोनट पर एक किलोमीटर तक घसीटने का मामला सामने आया है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें दर्शन नामक एक व्यक्ति को कार पर बैठने के लिए संघर्ष करते हुए देखा जा सकता है, कार को कथित तौर पर प्रियंका नाम की एक महिला चला रही थी। पुलिस के मुताबिक, दर्शन की कार और प्रियंका की कार के बीच ज्ञानभारती मेन रोड पर सुबह टक्कर हो गई थी। प्रियंका की कार दर्शन की कार से कथित तौर पर टकरा गई थी, जिसके बाद दर्शन अपनी कार से बाहर आ गया। जब दर्शन ने प्रियंका की कार को रोकने और उसमें सवार लोगों से बात करने की कोशिश की, तो प्रियंका ने कथित तौर पर कार की गति तेज कर दी और वहां से फरार हो गई। पुलिस ने बताया कि इस डर के मारे कि कहीं वह कार के नीचे आकर कुचल न जाए, दर्शन तेजी से कूदा और कार के बोनट पर चढ़ गया। पुलिस के मुताबिक इसके बाद प्रियंका की कार करीब एक किलोमीटर तक चली और इस दौरान दर्शन कार के बोनट पर ही बैठा रहा।

इस घटना को लेकर प्रियंका, उसके पति और एक अन्य व्यक्ति पर हत्या के प्रयास और साजिश के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी महिला के पति प्रमोद ने भी दर्शन और उसके तीन दोस्तों के खिलाफ मारपीट और उसकी पत्नी से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। तीन दिन पहले इसी तरह की एक घटना में, साहिल नामक एक युवक ने 71 वर्षीय मुथप्पा शिवयोगी थोंटापुर को अपने स्कूटर से घसीटा था। साहिल ने बुजुर्ग व्यक्ति की गाड़ी में टक्कर मार दी थी और वहां से भागने का प्रयास करते हुए एक किलोमीटर तक उस बुजुर्ग को सड़क पर घसीटा था।

# चाईबासा के तुम्बाहाका जंगल में आईईडी विस्फोट में जवान घायल, रांची लाया गया

**पश्चिमी सिंहभूम।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा स्थित टोंटो थानाक्षेत्र अंतर्गत तुम्बाहाका जंगल में नक्सलियों के खिलाफ जारी अभियान के दौरान शुक्रवार दोपहर नक्सलियों ने रिमोट कंट्रोल से आईईडी विस्फोट किया जिससे कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया। घायल जवान को हेलीकॉप्टर से रांची ले जया गया। पश्चिम सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की कोबरा बटालियन और झारखंड के जगुआर और जिला पुलिस के जवानों की क्षेत्र में लगातार जारी नक्सल रोधी अभियान के दौरान आज नक्सलियों ने यह विस्फोट किया। नक्सलियों ने जगह-जगह भूमिगत बारूदी सुरंगें (लैंड माइन) बिछा रखी हैं और तलाशी अभियान में इनके विस्फोट से अनेक बार जवान घायल हो जाते हैं।

# गुजरात : आजादी के बाद पहली बार बारदा अभयारण्य में दिखा शेर

**भाषा।** अहमदाबाद

**गुजरात** के वन विभाग द्वारा एशियाई शेरों के लिए नए आवास विकसित किए जाने की कोशिशों को उस समय बल मिला जब आजादी के बाद पहली बार पोरबंदर जिले के बारदा वन्य जीव अभयारण्य में पहली बार एशियाई शेर को देखा गया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रधान वन संरक्षक (वन्यजीव) नित्यानंद श्रीवास्तव ने बताया कि साढ़े तीन साल का नर शेर दो दिन पहले पोरबंदर शहर के नजदीक कुछ समय बिताने और मवेशियों का शिकार करने के बाद अभयारण्य में दाखिल हुआ। उन्होंने बताया, आजादी के बाद पहली बार बारदा वन्य जीव अभयारण्य के भीतर शेर को देखना अच्छा संकेत है। वन विभाग अभयारण्य को शेरों के लिए दूसरे घर के तौर पर विकसित करने का प्रयास कर रहा है। हम अभयारण्य में उनका आधार बढ़ाने के लिए प्रजनन केंद्र भी संचालित कर रहे हैं।

श्रीवास्तव ने बताया कि शेर तटीय शहर माधवपुर के नजदीक जंगलों में घूम रहा था और कुछ महीने पहले अन्य नर शेरों से अलग होकर पोरबंदर शहर के करीब पहुंच गया। उन्होंने बताया कि वन विभाग ने शेर पर नजर रखने के लिए कुछ महीने पहले पोरबंदर के नजदीक रेडियो कॉलर लगाया था। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, शेर मवेशियों का शिकार करने के बाद बारदा वन्य जीव अभयारण्य पहुंचा। उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। बारदा शेरों का दूसरा घर हो सकता है क्योंकि इसमें उनके शिकार के लिए कई जानवर हैं। साथ ही अभयारण्य की सीमा के एक किलोमीटर दायरे में खनन 2013 से ही प्रतिबंधित है।

राज्यसभा सदस्य और गिर राष्ट्रीय उद्यान एवं अभयारण्य की सलाहकार समिति के सदस्य परिमल नाथवानी ने कहा, दूसरे आवास की ओर शेरों का प्राकृतिक विस्थापन ऐतिहासिक घटना है। उन्होंने कहा, कई विशेषज्ञों का मानना है कि बारदा वन्यजीव अभयारण्य शेरों के लिए आदर्श आवास होगा क्योंकि जलवायु, पारिस्थितिकी और मानव बसावट के मामले में यह गिर वन जैसा है। पहले ही इस अभयारण्य को एशियाई शेरों का आवास बनाने के लिए हर संभव मदद दी जा रही है। गौरतलब है कि बारदा वन्यजीव अभयारण्य करीब 192 वर्ग किलोमीटर में फैला है और एशियाई शेरों के आवास गिर राष्ट्रीय उद्यान और अभयारण्य से करीब 100 किलोमीटर दूर है। पिछले वन्यजीव गणना के मुताबिक गुजरात में 674 शेर हैं जिनमें से अधिकतर गिर के भीतर हैं।

## क्विक न्यूज

### एमबीबीएस छात्रा सदिच्छा साने के शव का पता लगाने के लिए पुलिस व नौसेना ने तलाशी अभियान चलाया

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने एमबीबीएस छात्रा सदिच्छा साने के शव के अवशेषों का पता लगाने के लिए शहर के बांद्रा बैंडस्टैंड तट पर नौसेना के साथ शुक्रवार को तलाशी अभियान चलाया। सदिच्छा साने की हत्या करने वाले आरोपी ने बताया है कि उसने एमबीबीएस छात्रा की हत्या करने के बाद उसके शव को अरब सागर में फेंक दिया था। एमबीबीएस तृतीय वर्ष की छात्रा सदिच्छा साने नवंबर 2021 में बांद्रा बैंडस्टैंड से लापता हो गई थी। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने हाल ही में इस सिलसिले में लाइफगार्ड मिट्ठू सिंह को गिरफ्तार किया था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने साने की हत्या की और उसके शव को बैंडस्टैंड के पास फेंक दिया।

### केंद्र ने केंद्रीय सतर्कता आयुक्त पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के प्रमुख के रिक्त पद को भरने के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए। आयोग की अध्यक्षता केंद्रीय सतर्कता आयुक्त द्वारा की जाती है और इसमें अधिकतम दो सतर्कता आयुक्त हो सकते हैं। मुख्य सतर्कता आयुक्त के पद से सुरेश एन पटेल के 24 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने के बाद सतर्कता आयुक्त प्रवीण कुमार श्रीवास्तव को कार्यवाहक केंद्रीय सतर्कता आयुक्त बनाया गया है। आईबी के पूर्व प्रमुख अरविंद कुमार दूसरे सतर्कता आयुक्त हैं। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है, पूर्व सीवीसी सुरेश एन पटेल का कार्यकाल पूरा होने पर उत्पन्न हुई रिक्ति को भरने के लिए केंद्रीय सतर्कता आयुक्त की नियुक्ति का प्रस्ताव है।

### भाजपा ने संजय राउत की खिंचाई की

**मुंबई।** भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने को लेकर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत पर व्यंग्य कसा है। कांग्रेस नेता के साथ जितनी दूरी तय करेंगे उद्धव ठाकरे की पार्टी जीत से उतनी ही दूर होगी। राहुल के साथ जम्मू-कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए संजय राउत ने संवाददाताओं से कहा, मैं अपनी पार्टी की ओर से यात्रा में शामिल होने आया हूं। देश में माहौल तेजी से बदल रहा है और मैं राहुल को वास्तविक मुद्दों पर आवाज उठाने वाले नेता के रूप में देख रहा हूं। राउत ने कहा, जिस तरह से लोग इस यात्रा से जुड़ रहे है, यह दिल को छू लेने वाला है। वह एक नेता है और इसलिए वह सड़कों पर है। जनता फैसला करेगी (उनका नेता कौन होगा)। भाजपा की मुंबई इकाई के प्रमुख आशीष शेलार ने कहा कि उन्हें निडर होकर राहुल गांधी के साथ चलना चाहिए। जितना राउत राहुल के साथ चलेंगे, उद्धव जी की सेना के लिए जीत उतनी ही दूर होती जाएगी।

### ममता बनर्जी का कार्टून साझा करने वाले प्रोफेसर दस साल बाद मामले में आरोपमुक्त

**कोलकाता।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता को कथित तौर पर निशाना बनाकर बनाए गए एक कार्टून को साझा करने के मामले में आरोपी प्रोफेसर को दस साल बाद अलीपुर की एक अदालत ने शुक्रवार को आरोपमुक्त कर दिया। कार्टून को ईमेल के माध्यम से कुछ लोगों को भेजने पर प्रोफेसर अंबिकेश महापात्रा के खिलाफ अप्रैल 2012 में कोलकाता के पूर्वी यादवपुर थाने में मामला दर्ज किया गया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने महापात्रा को उन पर लगे आरोपों से मुक्त कर दिया। न्यायाधीश ने 14 सितंबर, 2021 के अलीपुर अदालत के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के उस आदेश को रद्द कर दिया, मामले में आरोप मुक्त करने के महापात्रा के निवेदन को खारिज कर दिया गया था। यादवपुर विवि में रसायन शास्त्र के प्रोफेसर महापात्रा को 14 अप्रैल 2012 को गिरफ्तार किया गया था।

### पब्लिशिंग हाउस की पृष्ठभूमि पर आएगा शो

**मुंबई।** जो प्यार के बारे में लिखता है, क्या प्यार करने के काबिल है, इसका जवाब देने के लिए डिज़्नी-हॉटस्टार ने अपने नये रोमांटिक ड्रामा डियर इश्क के ट्रेलर को जारी किया है। यह शो लोगों के लिए प्रेम की कहानी लेकर आया है जिसमें उलझी हुई भावनाओं के साथ एक सफ़र को दिखाया जाएगा। इसके मूल में दो एकदम विपरीत शख्सियतों की कहानी है जो ज़िंदगी के आसान सफर पर निकलते हैं और अनजाने में ही एक-दूसरे से प्रेम कर बैठते हैं। आतिफखान द्वारा निर्देशित और यश पटनायक एवं ममता पटनायक बियॉन्ड ड्रीम्स एन्टरटेनमेंट प्राइवेट लि. इंस्पायर फिल्म्स प्राइवेट लि. द्वारा निर्मित यह शो 26 जनवरी 2023 से केवल डिज़्नी- हॉटस्टार पर प्रसारित होने के लिए तैयार है। इस सीरीज में बेहतरीन और लोकप्रिय सेहबान अज़ीमए बेस्टसेलिंग लेखक अभिमन्यु राज़दान के किरदार में नजर आयेंगे जबकि खूबसूरत अभिनेत्री नियति फतनानी साहित्यिक संपादक अस्मिता रॉय की भूमिका में होंगी। इनके अलावाए इस शो में कुणाल वर्माए विकास ग्रोवरए किश्वर मर्चेंट, ज्योति बी बनर्जी, पुनीत तेजवानी, रेमा बाली एबीना मुखर्जी, बनीत कपूर,कावेरी घोष आदि जैसे कलाकारों ने भी अभिनय किया है।

# शिक्षक पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए 14 वर्षीय छात्रा ने आत्महत्या की

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर जिले में 14 वर्षीय एक लड़की ने अपने शिक्षक द्वारा मानसिक प्रताड़ना का हवाला देते हुए कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि एक निजी स्कूल में नौवीं कक्षा की छात्रा ने बुधवार शाम अपने घर में कथित तौर पर फांसी लगा ली। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें पीड़िता ने दावा किया है कि स्कूल के एक पुरुष शिक्षक ने उसे कक्षा में ताने मारकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। अधिकारी ने बताया कि लड़की की मां द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इस संबंध में कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है।



बंगलुरू में मिलेट्स एंड आर्गेनिक्स इंटरनेशनल ट्रेड फेयर- 2013 के उद्घाटन के मौके पर लोगों ने रंगोली बनाई।

# लोकतंत्र में कई बार भार ऐसे लोगों पर आता है जो उसे उठाने के लायक नहीं होतेः त्रिवेंद्र रावत

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा है कि लोकतंत्र में कई बार ऐसे लोगों पर भार आ जाता है जो उसे उठाने के लायक नहीं होते। सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे एक वीडियो में रावत ने जोशीमठ भूधंसाव पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि लोकतंत्र में सभी लोगों पर जिम्मेदारी होती है लेकिन कुछ लोग इस जिम्मेदारी को उठाने में सक्षम नहीं होते और समस्याएं पैदा हो जाती हैं। रावत ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, लोकतंत्र में सभी लोगों पर जिम्मेदारी होती है, उसमें कोई बहुत बुद्धिमान होता है, कोई कम बुद्धिमान होता है और कोई और कम बुद्धिमान होता है। लोकतंत्र की यही विडंबना भी है, खूबसूरती भी है कि जनता अपने प्रतिनिधियों को चुनती है। इसलिए कई बार जो भार है, ऐसे लोगों पर आ जाता है जो भार को उठाने के लायक नहीं होते हैं। तब इस तरह की समस्या उत्पन्न होती है।

त्रिवेंद्र सिंह रावत के मुख्यमंत्रित्व काल में जिला विकास प्राधिकरण गठित किए गए थे। इस निर्णय पर उनका विरोध हुआ। उनके बाद मुख्यमंत्री पद संभालने वाले तीरथ सिंह रावत सरकार के कार्यकाल में इन प्राधिकरणों को स्थगित कर दिया गया। राज्य के भूकंपीय दृष्टि से बहुत अस्थिर होने के कारण विकास और निर्माण योजनाओं को नियोजित तरीके से संचालित करने के लिए ही विकास प्राधिकरण बनाए गए थे। रावत ने कहा, मैं समझता हूं कि जो प्राधिकरण गठित किए गए थे, उनके पीछे यही सोच थी कि उत्तराखंड भूकंपीय दृष्टि से बहुत ज्यादा अस्थिर है। उन्होंने कहा कि यहां व्यवस्थित और नियोजित तरीके से निर्माण तथा विकास की योजनाएं संचालित हो सकें, इस दृष्टि से विकास प्राधिकरण बनाए गए थे। उन्होंने प्राधिकरणों के गठन के निर्णय को स्थगित किए जाने पर दुख जताते हुए कहा, तकलीफ तो होती है, कष्ट होता है।

# हंसराज कॉलेज में मांसाहार पर रोक के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों को हिरासत में लिया गयाः एसएफआई

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि (डीयू) से सबद्ध हंसराज कॉलेज में मांसाहार पर प्रतिबंध के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे करीब 40 विद्यार्थियों को पुलिस ने शुक्रवार को हिरासत में ले लिया। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के प्रतिनिधि ने यह दावा किया। फैसले के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए कई विद्यार्थी कॉलेज के बाहर जमा थे, लेकिन उन्हें परिसर में प्रवेश नहीं दिया गया और दरवाजों को बंद कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि करीब 30 से 35 विद्यार्थी कथित प्रतिबंध के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे।

एसफआई की हंसराज कॉलेज इकाई ने बुधवार को कॉलेज छात्रावास के समक्ष संस्थान में मांसाहार पर प्रतिबंध के खिलाफ प्रदर्शन का आह्वान किया था। एसएफआई कार्यकर्ता समा ने कहा, हमने शांतिपूर्ण प्रदर्शन शुरू किया, लेकिन कॉलेज प्रशासन ने हमें परिसर में दाखिल नहीं होने दिया। सभी दरवाजे बंद कर दिए और कोई अधिकारी हमसे बात करने नहीं आ रहा। लेकिन हमें परिसर में प्रवेश नहीं करने दे रहे हैं। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने बताया, हमने प्रदर्शनकारियों को वहां से जाने को कहा, लेकिन जब वे नहीं माने तो 14-15 विद्यार्थियों को हिरासत लिया गया, जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया। विद्यार्थियों का आरोप है कि हंसराज कॉलेज कोरोना वायरस महामारी के बाद पिछले साल फरवरी में खुला और तब से यहां की कैंटीन और छात्रावास में मांसाहार नहीं परोसा जा रहा है। हंसराज कॉजेज की प्राचार्य रमा शर्मा आलोचना के बावजूद आदेश को वापस लेने इनकार करते हुए कहा कि संस्थान आर्य समाज के दर्शन का पालन करता है।

# नौकरियों में भर्ती होने वाले युवाओं को सैनिकों की तरह काम करना चाहिएः प्रधान

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि वर्तमान समय के युवाओं पर आजादी से पहले के अपने समकक्षों की तुलना में अधिक जिम्मेदारी है क्योंकि अब समूचा देश युवाओं की क्षमताओं के बूते ही विकास करता है। प्रधान ने ओडिशा की राजधानी में रोजगार मेले के एक भाग के रूप में नव नियुक्त अभ्यर्थियों को 128 नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद यह बाद कही। प्रधान केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री भी हैं। उन्होंने कहा, नए भर्ती हुए युवाओं को सैनिकों की तरह काम करना चाहिए क्योंकि देश की प्रगति उनके कठिन परिश्रम से जुड़ी है। प्रधान ने भारतीय रेलवे, असम राइफल्स, आयकर विभाग, आईआईटी भुवनेश्वर, ईपीएफओ, भारतीय डाक, नाल्को, ईएसआईसी, बीएसएफ, सेल और अन्य सरकारी विभागों और संगठनों में सेवा के लिए भर्ती हुए लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

# महुआ ने डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ कार्रवाई न करने पर भाजपा को आड़े हाथ लिया

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को हटाने की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों का शुक्रवार को समर्थन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को इस मुद्दे का यथाशीघ्र समाधान तलाशना चाहिए। सिंह पर यौन उत्पीड़न करने और धमकी देने का आरोप है। देश के कई शीर्ष पहलवानों ने उन्हें तत्काल नहीं हटाए जाने पर अपना विरोध प्रदर्शन तेज करने और उनके खिलाफ अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराने का संकल्प लिया है। उनका दावा है कि सरकार की ओर से उनकी मांगों पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया जबकि उन्हें संतोषजनक कार्वाई का भरोसा दिया गया था।

पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के पलाशिपारा में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए मोइत्रा ने कहा, जो भी हुआ, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। भारतीय पहलवान डब्ल्यूएफआई के मौजूदा अध्यक्ष जो भाजपा के छह बार के सांसद हैं, के खिलाफ आरोप सामने आने के बाद धरने पर बैठे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलो इंडिया खेलो की बात करते हैं, लेकिन भाजपा नीत केंद्र सरकार मनमानी और असहयोगात्मक रवैए के आरोप से घिरे डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ कोई कदम नहीं उठा रही है। लोकसभा सदस्य ने कहा, इन आरोपों के बावजूद सिंह ने इस्तीफा नहीं देने का फैसला किया है और भाजपा सरकार उन पर इस्तीफे का दबाव भी नहीं बना रही है... हम पहलवान बिरादरी को लेकर दुखी हैं। खेल मंत्री और प्रधानमंत्री को यथाशीघ्र इसका समाधान तलाशना चाहिए। ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक, विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता विनेश फोगाट सहित कई अन्य पहलवान सिंह के खिलाफ गत दो दिन से जंतर-मंतर पर धरना दे रहे हैं।

# चंद्रशेखर आजाद और रालोद विधायक के काफिले के वाहनों पर पथराव, विरोध में कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर ( उप्र )।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के रतनपुरी थाना इलाके के भूपखेड़ी गांव में शुक्रवार को संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करने पहुंचे आजाद समाज पार्टी (एएसपी) के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के खतौली क्षेत्र के विधायक मदन भैया के काफिले के वाहनों में तोड़फोड़ और पथराव किए जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर रालोद और एएसपी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। चंद्रशेखर आजाद ने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि इस घटना के पीछे कुछ असामाजिक तत्वों का हाथ है। उन्होंने घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ त्वरित कार्वाई की मांग की। इस बीच आजाद समाज पार्टी के पार्टी कार्यकर्ताओं ने घटना को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। चंद्रशेखर आज़ाद ने बाबासाहेब भीम राव आंबेडकर की एक नई प्रतिमा का अनावरण भी किया, जहां बीते दिनों कुछ अराजक तत्वों ने प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी थी। इस दौरान कार्यक्रम में रालोद विधायक मदन भैया भी मौजूद थे।

पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) विनय गौतम ने बताया कि कार्यक्रम के पास खड़ी तीन- चार कारों के शीशे बदमाशों ने तोड़ दिए। सीओ ने कहा, "घटना में चंद्रशेखर और रालोद विधायक मदन भैया की कारों को नुकसान नहीं पहुंचा है और पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने जा रही है। इस बीच भूपखेड़ी गांव में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पिछले वर्ष खतौली क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक विक्रम सैनी को अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद उनकी सदस्यता निरस्त होने से हुए उपचुनाव में रालोद उम्मीदवार मदन भैया ने सैनी की पत्नी एवं भाजपा की उम्मीदवार राजकुमारी देवी को पराजित किया था। उपचुनाव में चंद्रशेखर आजाद ने रालोद के मदन भैया का समर्थन किया था। मेरठ से मिली खबर के अनुसार रालोद ने मदन भैया और आजाद के काफिले पर हुए हमले की निंदा की और सरकार से कार्वाई की मांग की। राष्ट्रीय लोकदल के आनुषंगिक संगठन सामाजिक न्याय मंच , उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष संगीता दोहरे ने शुक्रवार शाम मेरठ में जारी अपने बयान में कहा कि खतौली के विधायक मदन भैया और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के काफिले पर हुए हमले की राष्ट्रीय लोकदल कड़ी शब्दों में निंदा करता है और उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करता है कि हमला करने वाले असामाजिक तत्वों पर तुरंत कार्यवाही करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया जाए।

# मध्यक्रम और डेथओवर पर रहेगा भारत का दारोमदार

## रायपुर के अंतरराष्ट्रीय पदार्पण से पहले विकल्पों पर विचार करेगा भारत

**भाषा।** रायपुर

**न्यूजीलैंड के** खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रृंखला जीतने की कवायद में जुटे भारत को अपने मध्यक्रम से अधिक रन और डेथ ओवरों में गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। शहर पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबले की मेजबानी कर रहा है और ऐसे में 60 हजार से अधिक दर्शकों के स्टेडियम में आकर मेजबान टीम का हौसला बढ़ाने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड की टीम 350 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पहले मैच में 131 रन पर छह विकेट गंवाने के बावजूद 206 रन और बनाने में सफल रही थी जो भारत के लिए चिंता का सबब होगा। मेहमान टीम वापसी करते हुए जोरदार जीत दर्ज करने के करीब थी लेकिन मोहम्मद सिराज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। शुभमन गिल ने बल्ले से अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दोहरा शतक जड़ा और अकेले दम पर भारत को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। पिछले कुछ समय से प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हार्दिक पंड्या से पारी के अंतिम ओवरों में ताबड़तोड़ रनों की उम्मीद होगी। बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक जड़ने के बाद मध्य क्रम में जगह पाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन हैदराबाद में पहले वनडे में नाकाम रहने के बाद इस बार मौके का पूरा फायदा उठाना चाहेंगे। कप्तान रोहित शर्मा अच्छी लय में लग रहे हैं और उन्हें अच्छी शुरुआत भी मिली है लेकिन वह बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं। वह भी एक बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। हालांकि बड़ी चिंता गेंदबाजी विभाग में है। बुधवार को माइकल ब्रेसवेल ने अकेले दम पर न्यूजीलैंड को जीत के करीब पहुंचा दिया था। भारत ने पहले वनडे में तूफानी गेंदबाज उमरान मलिक की जगह शारदुल ठाकुर को मौका दिया था क्योंकि वह बल्लेबाजी में बेहतर विकल्प हैं। लेकिन प्रबंधन को जल्द ही फैसला करना होगा कि उसे एक ऐसा गेंदबाज चाहिए जो बल्लेबाजी कर पाए या ऐसा विशेषज्ञ गेंदबाज जो अपनी अतिरिक्त गति से विरोधी टीम को ध्वस्त कर सके और साथ ही बीच के ओवरों में भी विकेट हासिल कर सके। सिराज ने अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया है। मोहम्मद शमी ने नई गेंद से शानदार गेंदबाजी की है लेकिन ब्रेसवेल ने उनके खिलाफ आसानी से रन बटोरे। हार्दिक भी काफी महंगे साबित हुए। स्पिन विभाग में वाशिंगटन सुंदर के लिए यह भुलाने वाला मुकाबला था जबकि कुलदीप यादव ने प्रभावी गेंदबाजी की। टीम के पास कुलदीप और युजवेंद्र चहल को एक साथ खिलाने का विकल्प भी है लेकिन अभी एक कलाई के स्पिनर और एक अंगुली के स्पिनर को खिलाने को तरजीह दी गई है। श्रृंखला के पहले मैच में न्यूजीलैंड का कभी हार नहीं मानने का जज्बा दिखा और इससे टीम का मनोबल बढ़ा होगा। ऐसा नियमित रूप से नहीं होता कि सातवें नंबर पर खेलने उतरे ब्रेसवेल और आठवें नंबर पर उतरे मिशेल सेंटनर टीम को हार की कगार से वापसी कराएं।



### पिछले एक साल में बल्लेबाजी के ज्यादा मौके मिलने मदद मिली: स्पिनर सैंटनर

**रायपुर।** न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सैंटनर को लगता है कि पिछले 12 महीनों मे बल्लेबाजी के ज्यादा मौके मिलने से उनके पावर गेम में सुधार हुआ है और उन्हें उपयोगी पारियां खेलने मे मदद मिली। सैंटनर ने बुधवार को अपना तीसरा वनडे अर्धशतक जमाया और माइकल ब्रेसवेल का अच्छा साथ निभाते हुए सातवे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी निभाई जिससे न्यूजीलैड की टीम हैदराबाद मे भारत के खिलाफ पहले वनडे मे लक्ष्य के करीब पहुंच गई थी। आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए उनकी रणनीति बिलकुल सरल थी कि वह पहली गेंद से ही छक्के जड़ेगे। न्यूजीलैड के बाकी बल्लेबाजो की तरह उन्होने शुक्रवार को यहां शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम मे स्पिनरो का सामना किया और ज्यादातर गेंदो को पार्क के बाहर हिट करने की कोशिश की। दूसरे वनडे की पूर्व संध्या पर सैटनर ने कहा, एक आल राउंडर होने के नाते आपको दोनो विभागो (गेंदबाजी और बल्लेबाजी) मे योगदान देना होता है।

### कौन खेलेगा पूरी तरह पिच पर निर्भर : म्हाम्ब्रे

#### ठाकुर और मलिक दोनों टीम के लिए महत्वपूर्ण



**रायपुर।** गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने शुक्रवार को कहा कि शार्दुल ठाकुर को पहले वनडे में उमरान मलिक पर तरजीह देकर चुना गया क्योंकि वह भारतीय बल्लेबाजी मे गहराई लाते है लेकिन जम्मू कश्मीर का तेज गेंदबाज इस साल घरेलू धरती पर होने वाले वनडे विश्व कप की योजनाओं का हिस्सा बना रहेगा। म्हाम्ब्रे ने कहा कि ठाकुर और मलिक दोनों ही अलग अलग तरीकों से टीम के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, ठाकुर को हमने बल्लेबाजी के कारण चुना। वह बल्लेबाजी में गहराई देते है। हम पिच देखेंगे और तभी इसके मुताबिक ही संयोजन पर फैसला करेंगे। वह भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन कर चुका है। मलिक के बारे में महाम्ब्रे ने कहा, जिस तरह से वह आगे बढ़ रहा है, उसे देखकर काफी खुशी होती है। रफ्तार भी मायने रखती है और इससे गेंदबाजी आक्रमण मे एक अलग आयाम जुड़ता है। उसे खिलाने का फैसला पिच पर और टीम संयोजन की जरूरत पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा, जहां तक विश्व कप की बात है तो वह पूरी तरह रणनीति में शामिल है। वह टीम के लिए काफी अहम है। जसप्रीत बुमराह पीठ संबंधित मुद्दो के कारण टीम से बाहर है और म्हाम्ब्रे ने कहा कि टीम को उनकी कमी खल रही है। बुमराह बिलकुल अलग तरह का गेंदबाज है और उसकी जगह कोई नही ले सकता, इस तथ्य को स्वीकार करना होगा। उसके कौशल जैसे गेंदबाज की जगह किसी को लाना मुश्किल है। वही दूसरी ओर इससे अन्य गेंदबाजो का इस स्तर पर परखे जाने का मौका मिलता है। हम देखेंगे कि ए गेंदबाज कैसा प्रदर्शन करते है और दबाव से कैसे निपटते है। जब मोहम्मद सिराज के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस हैदराबाद के तेज गेंदबाज की तारीफ करते हुए कहा, मैंने उसे भारत ए टीम मे देखा था। वह लाल गेंद से काफी अच्छा कर रहा है।

# न्यूजीलैंड को क्रासओवर मैच में हराने पर क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम से भिड़ेगा भारत

**भाषा।** राउरकेला



**मेजबान भारत** अगर रविवार को भुवनेश्वर में होने वाले क्रॉसओवर मैच में न्यूजीलैंड को हरा देता है तो फिर एफआईएच हॉकी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में उसका सामना मौजूदा चैंपियन बेल्जियम से होगा। भारत पूल डी में इंग्लैंड से गोल अंतर में पिछड़ने के कारण दूसरे स्थान पर रहा जिसके कारण उसे क्रॉसओवर दौर से गुजरना पड़ेगा। भारत को सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए अपने अंतिम लीग मैच में वेल्स पर आठ गोल से जीत की दरकार थी लेकिन वह 4-2 से ही जीत दर्ज कर पाया। प्रत्एक पूल से चोटी पर रहने वाली चार टीमों ने सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों को अंतिम आठ में पहुंचने के लिए क्रॉसओवर मैच खेलने होंगे। बिरसा मुंडा स्टेडियम में खेले गए पूल बी के पहले मैच में बेल्जियम ने जापान को 7-। से करारी शिकस्त देकर अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बेल्जियम की तरफ से टॉम बून ने पांच गोल दागे। उन्होंने 22वें, 27वें, 28वें और 51वें मिनट में मैदानी गोल करने के अलावा 56वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला। उनके अलावा बेल्जियम की तरफ से सेड्रिक चार्लीयर (18वें) और सेबेस्टियन डॉकियर (52वें) ने गोल किए। जापान की तरफ से एकमात्र गोल केंतारो फुकुदा ने 46वें मिनट में किया। जापान ने अपने तीनों मैच गंवाए और इस तरह से वह टूर्नामेंट से बाहर हो गया। एक अन्य मैच में जर्मनी ने दक्षिण कोरिया को 7-2 से हराकर पूल बी में दूसरा स्थान हासिल किया। जर्मनी अब 23 जनवरी को भुवनेश्वर में क्रॉसओवर मैच में फ्रांस का सामना करेगा। दक्षिण कोरिया तीन अंक लेकर पूल ने तीसरे स्थान पर रहा और वह 23 जनवरी को क्रॉस ओवर मैच में अर्जेंटीना से भिड़ेगा। जर्मनी और बेल्जियम दोनों के समान सात अंक रहे।

### फुटबॉलर दानी यौन उत्पीड़न के मामले में गिरफ्तार

**बार्सिलोना।** ब्राजील के फुटबॉलर दानी अल्वेस को स्पेन में एक महिला का यौन उत्पीड़न करने के आरोप मे शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया किया घटना बार्सिलोना के एक नाइटक्लब मे 31 दिसंबर को घटी थी। पुलिस ने अल्वेस को सम्मन भेजा था जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

### भारतीय टीम मैच फीस का 60 प्रतिशत जुर्माना लगा

**रायपुर।** भारतीय टीम पर हैदराबाद में पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच मे न्यूजीलैंड के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 60 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। मैच रैफरियों के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के जवागल श्रीनाथ ने यह जुर्माना लगाया क्योंकि भारत को बुधवार को श्रृंखला के शुरूआती वनडे मे निर्धारित समय मे फेंके जाने वाले ओवरो में तीन ओवर पीछे पाया गया। आईसीसी ने एक बयान में कहा, न्यूनतम ओवर गति संबंधित उल्लघंन से संबंधित खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार निर्धारित समय मे टीम के प्रत्एक ओवर विफल होने के लिए खिलाड़ियों की मैच फीस का 20 प्रतिशत (तीन ओवर में 60 प्रतिशत) जुर्माना लगाया गया।

### निशानेबाजी में धन के उपयोग की निगरानी के लिए प्रशासक नियुक्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश ए के सीकरी को इस साल मार्च मे भारत मे होने वाले आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप के लिए धन के उपयोग की निगरानी करने के लिए प्रशासक नियुक्त किया है। अदालत ने इसके साथ ही इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) को धनराशि जारी करने के लिए केंद्र को अनुमति दे दी है। उच्च न्यायालय एनआरएआई की जून 2022 के आदेश मे संशोधन की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

### मौरिस को भारत के खिलाफ टेस्ट पदार्पण की उम्मीद

**एडीलेड।** शेफील्ड शील्ड सत्र में सबसे सफल रहे ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज लांस मौरिस का मानना है कि उनके पास भारत के खिलाफ नौ फरवरी से नागपुर में शुरू हो रहे पहले टेस्ट मे पदार्पण करने का सर्वश्रेष्ठ मौका है। इस चौबीस साल के तूफानी तेज गेंदबाज को चार मैच की बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के शुरुआती दो टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की 18 सदस्ईय टीम मे शामिल किया गया है। मौरिस 150 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करने मे सक्षम है।

### वेल्स के खिलाफ मुकाबले मे हार्दिक की कमी खली: आकाशदीप

**भुवनेश्वर।** भारत एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के अपने अंतिम पूल मैच मे वेल्स पर 4-2 की जीत में प्रभावशाली प्रदर्शन करने में नाकाम रहा और मैच मे दो गोल करने वाले आकाशदीप सिंह ने कहा कि घरेलू टीम को चोटिल मिडफील्डर हार्दिक सिंह की कमी महसूस हुई। पैर की मांसपेशियो मे खिंचाव की समस्या से जूझ रहे हार्दिक वेल्स के खिलाफ मे नही खेले और बाकी टूर्नामेंट मे भी उनके खेलने पर संदेह है। भारत को पूल डी मे शीर्ष पर रहने और क्वार्टर फाइनल मे सीधे क्वालीफाई करने के लिए गुरुवार को वेल्स को आठ गोल के अंतर से हराने की जरूरत थी।

# विश्व कप हॉकी: ऑस्ट्रेलिया क्वार्टर फाइनल में

## दक्षिण अफ्रीका को 9-2 से रौंदा

**भाषा।** राउरकेला



**स्टार फारवर्ड ब्लेक** गोवर्स के चार गोल की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 9-2 से करारी शिकस्त देकर पूल ए में शीर्ष पर रहते हुए एफआईएच पुरुष विश्वकप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलिया 24 जनवरी को भुवनेश्वर में होने वाले क्वार्टर फाइनल मैच में मलेशिया और स्पेन के बीच होने वाले क्रॉस ओवर मैच के विजेता से भिड़ेगा। गोवर्स ने चौथे, 15वें, 19वें और 20वें मिनट में गोल दागे जिससे आस्ट्रेलिया ने मध्यांतर तक 7-। से मजबूत बढ़त हासिल कर ली थी। गोवर्स ने पहला और चौथा मैदानी गोल किया। उन्होंने दूसरा गोल पेनल्टी कॉर्नर और तीसरा गोल पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से उनके अलावा टॉम क्रेग (10वें), जेक हार्वी (22वें), डेनियल बीले (28वें), जेरेमी हेवर्ड (32वें) और टिम ब्रांड (47वें) ने गोल दागे। दक्षिण अफ्रीका के लिए नटुली नकोबिले (आठवें) और कोक टेविन (58वें) ने गोल किए। ऑस्ट्रेलिया की टीम तीसरे और चौथे क्वार्टर में थोड़ा धीमी पड़ गई थी। उसने इन दोनों क्वार्टर में एक-एक गोल किया। ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैदानी गोल और तीन गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किए। ऑस्ट्रेलिया ने कुल आठ पेनल्टी कॉर्नर जबकि दक्षिण अफ्रीका ने पांच पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। पूल ए के एक अन्य मैच में अर्जेंटीना और फ्रांस ने अंतिम मिनट में एक-एक गोल किया जिससे उनका मैच 5-5 से बराबरी पर छूटा। अर्जेंटीना पूल में पांच अंक लेकर दूसरे जबकि फ्रांस चार अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। अर्जेंटीना 22 जनवरी को अपने क्रॉसओवर मैच में पूल बी से तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम जबकि फ्रांस 23 जनवरी को पूल बी से दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगा। विक्टर शार्लेट ने अंतिम क्षणों पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल दागा जिससे फ्रांस को लग रहा था कि उसने मैच 5-4 से जीत लिया है लेकिन मैच समाप्त होने से कुछ सेकंड पहले अर्जेंटीना को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर उसने स्कोर बराबर कर दिया। अर्जेंटीना को लगातार चार पेनल्टी कॉर्नर मिले जिसमें से उसने आखिरी को गोल में बदला। फ्रांस की तरफ से शार्लेट (36वें, 38वें, 48वें और 60वें) ने चार गोल किए। इनमें से दो गोल उन्होंने पेनल्टी स्ट्रोक पर किए। फ्रांस की तरफ से अन्य गोल टाइनेवेज एटिएन ने 11वें मिनट में किया। ऑस्ट्रेलिया से अपना मैच 3-3 से ड्रॉ खेलने वाले अर्जेंटीना की तरफ से निकोलस डेला टोरे (34वें, 42वें और 60वें) ने हैट्रिक लगाई।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन: कोर्डा ने मेदवेदेव को हराया

## पेगुला और कोको गॉफ भी अगले दौर में

**भाषा।** मेलबर्न

**अमेरिका के** युवा खिलाड़ी सेबेस्टियन कोर्डा ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में शुक्रवार को यहां दो बार के उपविजेता दानिल मेदवेदेव को सीधे सेटों में हराया जबकि खिताब की दावेदार जेसिका पेगुला और कोको गॉफ ने महिला एकल के चौथे दौर में जगह बनाई।


कोर्डा ने मेदवेदेव को 7-6 (7), 6-3, 7-6 (4) से पराजित किया और इस तरह से ग्रैंडस्लैम में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी की। विश्व में सातवें नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव ने दो साल पहले अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वह 2021 में फाइनल में नोवाक जोकोविच और 2022 में राफेल नडाल से हार गए थे। किसी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता के अपने पहले क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए कोर्डा को विश्व में दसवें नंबर के खिलाड़ी ह्यूबर्ट हर्काज को हराना होगा। इस बीच महिला एकल में मेलबर्न पार्क में पिछले दो बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची तीसरी वरीय पेगुला ने सिर्फ 65 मिनट में मार्टा कोस्तयुक को सीधे सेट में 6-0 6-2 से हराया। सातवीं वरीय गॉफ ने बर्नार्डा पेरा को 6-3 6-2 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शीर्ष वरीय इगा स्वियातेक ने भी स्पेन की क्वालीफायर क्रिस्टीना बुक्सा को सीधे सेट में सिर्फ 55 मिनट में 6-0 6-। से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया जबकि विंबलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना ने पिछले साल फाइनल में जगह बनाने वाली अमेरिका की डेनियली कोलिन्स को कड़े मुकाबले में 6-2 5-7 6-2 से शिकस्त दी। इससे पहले बारबरा क्रेसिकोवा महिला एकल में एनहेलिना कलिनिना को सीधे सेटों में हराकर इस साल चौथे दौर में जगह बनाने वाली पहली खिलाड़ी बनीं। चेक गणराज्य की 20वीं वरीय खिलाड़ी क्रेसिकोवा ने यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ शुरुआती पांच गेम जीतकर दबदबा बनाया और फिर मुकाबला 6-2 6-3 से अपने नाम किया। क्रेसिकोवा ने अब तक तीन दौर में एक भी सेट नहीं गंवाया है। पुरुष वर्ग में स्टेफानोस सितसिपास और यानिक सिनर ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए चौथे दौर में जगह बनाई जहां वे आमने-सामने होंगे। तीसरे वरीय सितसिपास ने दूसरे सेट में सेट प्वाइंट बचाते हुए टैलोन ग्रीक्सपूअर को सीधे सेटों में 6-2, 7-6, 6-3 से हराकर मेलबर्न पार्क में चार साल में तीसरी बार प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दूसरी तरफ सिनर ने अपने करियर में पहली बार शुरुआती दो सेट गंवाने के बावजूद जीत दर्ज की। उन्होंने मार्टन फुकसोविक्स को पांच सेट चले कड़े मुकाबले में तीन घंटे और 33 मिनट में 4-6, 4-6, 6-।, 6-2, 6-0 से हराया। इटली के सिनर चौथे सेट में भी 0-2 से पीछे थे लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार 12 गेम जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। शीर्ष वरीय और गत चैंपियन रफेल नडाल तथा दूसरे नंबर के कास्पर रूड के बाहर होने के बाद सितसिपास पुरुष वर्ग में शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी बचे हैं। उन्हें नीदरलैंड के 63वें नंबर के ग्रीक्सपूअर ने कड़ी चुनौती पेश की।



# मनिका सेमीफाइनल में

**भाषा।** दोहा

**भारत की स्टार** टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने शुक्रवार को यहां कोरिया की चोई हयोजू पर 3-2 की जीत से डब्ल्यूटीटी कंटेंडर के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दुनिया की 36वें नंबर की खिलाड़ी मनिका ने महिला एकल के क्वार्टरफाइनल में हयू को 41 मिनट में 11-6 11-9 4-11 5-11 11-7 से हराने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मनिका ने 2-0 की बढ़त बना ली थी लेकिन इसके बाद वह अगले दो गेम गंवा बैठी। लेकिन फिर भारतीय खिलाड़ी ने संभलते हुए वापसी की और पांचवां गेम जीतकर अंतिम चार में स्थान पक्का किया। अब शुक्रवार की रात उनका सामना फाइनल में जगह बनाने के लिए दुनिया की 24वें नंबर की चीनी खिलाड़ी झांग रूई से होगा।



### मैं चाहता हूं आईपीएल में सप्ताह के प्रत्एक दिन पंत डगआउट में मेरे पास बैठे : पोंटिंग

**दुबई।** दिल्ली कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग चाहते हैं कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान टीम के नियमित कप्तान ऋषभ पंत सप्ताह के प्रति दिन डगआउट में उनके बगल में बैठें। पंत दिसंबर के आखिरी सप्ताह में कार दुर्घटना में घायल हो गए थे जिसके कारण वह आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे। भारत के विकेटकीपर और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत का अभी मुंबई में उपचार चल रहा है।

# एक्सेलसन और यामागुची इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में

**भाषा।** नई दिल्ली

**दो बार के विश्व** चैम्पियन विक्टर एक्सेलसन और अकाने यामागुची ने शुक्रवार को यहां इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में क्रमश: पुरुष और महिला एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मौजूदा ओलंपिक चैंपियन एक्सेलसन ने अपने प्रतिद्वंदी रासमस गेम्के के पहले गेम में चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से अंतिम चार में जगह बनाई। गेम्के के पांव में चोट लगी है और उन्हें कोर्ट से व्हील चेयर पर बाहर ले जाया गया। महिला एकल में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी यामागुची को तीन बार की विश्व चैंपियन और रियो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता स्पेन की कारोलिना मारिन को 21-17 14-21 21-19 से हराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। पिछली बार के चैंपियन भारतीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन को हराने वाले गेम्के का विजय अभियान चोटिल होने के कारण थम गया।



# अमनजोत और दीप्ति ने भारत को दक्षिण अफ्रीका पर जीत दिलाई

## टी-20 त्रिकोणीय मैच

**भाषा।** ईस्ट लंदन



**पदार्पण कर रही** अमनजोत कौर की 30 गेंद में नाबाद 41 रन की पारी से भारत ने विषम परिस्थितियों से उबरते हुए यहां महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला के अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 27 रन से हराया। दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और 12वें ओवर में 69 रन तक भारत की पांच बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर अपना पलड़ा भारी रखा। दीप्ति (23 गेंद में 33 रन) और अमनजोत ने इसके बाद पारी को संवारा और छठे विकेट के लिए 50 गेंद में 76 रन की साझेदारी करके गुरुवार रात हुए मुकाबले में भारत को छह विकेट पर 147 रन के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। इन दोनों के अलावा सलामी बल्लेबाज यस्तिका भाटिया (35) ही दोहरे अंक तक पहुंच पाई। इसके जवाब में भारतीय स्पिनरों ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए मेजबान टीम को नौ विकेट पर 120 रन पर रोककर टीम की जीत सुनिश्चित की। दीप्ति (30 रन पर तीन विकेट) और देविका वैद्य (19 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने दक्षिण अफ्रीका ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। राजेश्वरी गायकवाड़ (11 रन पर एक विकेट), स्नेह राणा (12 रन पर एक विकेट) और राधा यादव (17 रन पर एक विकेट) ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए एक-एक विकेट चटकाया। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत भी खराब रही।

# वैभव, दिविज ने दिल्ली को दिलाई सत्र की पहली जीत



**भाषा।** नई दिल्ली

**वैभव रावल के** शतक के बाद तेज गेंदबाज दिविज मेहरा के पांच विकेट से दिल्ली ने शुक्रवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में मुंबई को आठ विकेट से हराकर सत्र की पहली जीत दर्ज की। रणजी ट्रॉफी फाइनल 1979-80 के बाद दिल्ली की मुंबई पर यह पहली जीत है। तब बिशन सिंह बेदी की अगुआई वाली टीम ने सुनील गावस्कर की टीम को 240 रन से हराया था। मुंबई को पहली पारी में 293 रन पर समेटने के बाद दिल्ली ने वैभव रावल की 114 और कप्तान हिम्मत सिंह की 85 रन की पारी से 369 रन बनाकर पहली पारी के आधार पर 76 रन की बढ़त हासिल की। अपना दूसरा ही प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे 20 साल के मेहरा ने इसके बाद तेज गेंदबाजी का शानदार नजारा पेश करते हुए 30 रन पर पांच विकेट चटकाए जिससे मुंबई की टीम अरुण जेटली स्टेडियम में दूसरी पारी में सिर्फ 170 रन पर ढेर हो गई। मेहरा ने पृथ्वी साव (16), मुशीर खान (05), अरमान जाफर (10), पहली पारी में शतक जड़ने वाले सरफराज खान (00) और मोहित अवस्थी (00) को आउट करके दिल्ली की सत्र की पहली जीत की राह तैयार की। मुंबई ने अंतिम दिन की शुरुआत नौ विकेट पर 168 रन से की। मुंबई के तनुष कोटियान (नाबाद 50) ने अर्धशतक पूरा किया।

## उत्तर प्रदेश व ओडिशा मैच ड्रा

**रणजी ट्रॉफी**

**मेरठ।** ग्रुप ए के अन्य मैचो मे मेरठ में उत्तर प्रदेश ने ओडिशा के खिलाफ पहली पारी की बढ़त के आधार पर ड्रा छूटे मैच में तीन अंक हासिल किए। उत्तर प्रदेश ने ओडिशा के 226 रन के जवाब में अपनी पहली पारी मे 362 रन बनाए थे। ओडिशा की टीम ने दूसरी पारी मे अच्छी बल्लेबाजी की तथा शुभ्रांशु सेनापति के 145 रन और अनुराग सारंगी की 91 रन की पारी की मदद से चार विकेट पर 335 रन बनाए। नादौन में हिमाचल प्रदेश और नागालैड के बीच खराब मौसम से प्रभावित मैच ड्रॉ रहा। हिमाचल को पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक मिले। उत्तराखंड में देहरादून में खेले गए एक अन्य मैच में बड़ौदा के खिलाफ पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए। बड़ौदा की टीम पहली पारी मे 86 रन पर आउट हो गई थी जिसके जवाब मे उत्तराखंड ने 199 रन बनाए थे। बड़ौदा ने दूसरी पारी में सात विकेट पर 336 रन बनाए।

### हरियाणा को पारी से हराकर बंगाल क्वार्टर फाइनल में

**रोहतक।** तेज गेंदबाज आकाशदीप ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मैच मे 10 विकेट लिए जिससे बंगाल ने शुक्रवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच मे हरियाणा को पारी और 50 रन से हराकर क्वार्टर फाइनल मे अपनी जगह पक्की की।हरियाणा ने फॉलोऑन करते हुए चौथे दिन सुबह अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 177 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसके बाकी बल्लेबाज केवल 10 ओवर तक ही टिक पाए और उसकी पूरी टीम 206 रन पर आउट हो गई। आकाश (51 रन देकर पांच विकेट) ने अजीत चहल और अमित राणा को आउट करके मैच की दूसरी पारी में भी पांच विकेट हासिल किए। आकाश ने पहली पारी में 61 रन देकर पांच विकेट लिए थे और हरियाणा को 153 रन पर आउट करने में अहम भूमिका निभाई थी।

### चंडीगढ़ ने रेलवे के खिलाफ ड्रा मैच से तीन अंक हासिल किए

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ ने शुक्रवार को यहां रेलवे के खिलाफ ड्रा रहे रणजी ट्राफी ग्रुप डी मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए। चौथे और अंतिम दिन 99 रन से पिछड़ रही रेलवे की टीम ने स्टंप तक 17 ओवर में एक विकेट गंवाकर 71 रन बनाए।

### कर्नाटक-केरल मैच ड्रा, गोवा, झारखंड और राजस्थान जीते

**तिरुवनंतपुरम।** कर्नाटक ने शुक्रवार को यहां रणजी ट्राफी ग्रुप सी में चौथे और अंतिम दिन केरल के खिलाफ ड्रा रहे मुकाबले से तीन अंक अपनी झोली में डाले। दौरा कर रही कर्नाटक की टीम ने रात के छह विकेट पर 410 रन के स्कोर में 75 रन और जोड़कर अपनी बढ़त 143 कर ली। भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे मयंक अग्रवाल (208 रन, 360 गेंद, 17 चौके, पांच छक्के) के दोहरे शतक से कर्नाटक ने पहली पारी नौ विकेट पर 485 रन पर घोषित की थी।